Website- edristi.in

नवत्र

समसामयिक घटनाओं की मासिक पत्रिका

वर्ष - 4 >>> अंक - 11 >>> मई , 2021











5 राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम, 2021

VISIT…

प्रथम पृष्ठ

ई-दृष्टि वेबसाइट पर करेन्ट अफेयर्स दिन-प्रतिदिन प्रस्तुत करते समय हमने इस बात का खास ख्याल रखा है कि करेन्ट अफेयर्स के वही टॉपिक चुने जाएं जो प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण हों और इसमें अनर्गल एवं गैर जरूरी तथ्यों को समावेशित कर आपके पढ़ने का भार न बढ़ाया जाए।

दूसरा यह ध्यान रखा गया है कि इस प्रकार की सामग्री के प्रति आपके विश्वसनीयता के संकट को दूर किया जा सके। इस बात के लिए हमने प्रत्येक तथ्य के प्रमाणन हेतु संबंधित लिंक भी उपलब्ध कराया है। लिंक पर जाकर आप स्वयं ही इन तथ्यों की प्रामाणिकता को जांच सकते हैं, परख सकते हैं।

करेन्ट अफेयर्स से संबंधित सूचनाओं को तुरंत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा किंतु तथ्यों की प्रामाणिकता को समय पर तरजीह दी गयी है। इस कारण हो सकता है कि घटनाएं जिस दिन घटित हों उसके एक या दो दिन बाद आपको हमारी वेबसाइट पर प्राप्त हों। माह भर की घटनाओं को संशोधित, परिमार्जित और संपादित करके पी.डी.एफ. प्रत्येक माह की 1 तारीख को उपलब्ध करा देने की योजना है। पी.डी.एफ. में प्रायः माह की 28 तारीख तक की घटनाओं को समावेशित किया जाएगा।ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि सभी तथ्यों की जांच करने में कुछ समय अवश्य ही लगेगा।पाठकों की संतुष्टि हमारे लिए सर्वोपरि है, इसीलिए आपसे अनुरोध है कि अपने फीडबैक से हमें अवश्य अवगत कराएं। आपकी आलोचनात्मक प्रतिक्रियाओं का हम तहे दिल से स्वागत करेंगे। इससे हमें आगामी दिनों में सामग्री के स्तर में सुधार की दिशा प्राप्त होगी।करेण्ट अफेयर्स के पीडीएफ को भारी संख्या में डाउनलोड प्राप्त हूए हैं। इसके लिए हम अपने पाठकों का अभिनन्दन करते हैं।हमारे प्रयास के लिए परीक्षार्थियों द्वारा दिखाया गया उत्साह हमें अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग बनाता है।आशा है कि करेन्ट अफेयर्स का पीडीएफ (अप्रैल,2021) पाठकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

करेण्ट अफेयर्स पर कोई भी सामग्री बेकार है यदि उस सामग्री में से ही परीक्षा-प्रश्न नहीं बनते हैं। इस दृष्टि से ई-दृष्टि बेहद सफल रही है। पी.सी.एस. उ.प्र. में लगभग सभी प्रश्न एवं अन्य परीक्षाओं में भी अधिकांश प्रश्न हमारी सामग्री से पूछे गये हैं।ई-दृष्टि की सामग्री और परीक्षा प्रश्न-पत्रों का मिलान करके आप स्वयं देख सकते हैं।

Table of Contents

राष्ट्रीय परिदृश्य 10

पांच राज्यों के चुनाव परिणाम 10

93वां ऑस्कर पुरस्कार,2021 12

भारतीय ऊर्जा डैशबोर्ड के 2.0 संस्करण का शुभारंभ 13

दुर्लभ बीमारियों के लिए राष्ट्रीय नीति, 2021 14

मैत्री सेतु 15

भारत और दक्षिण पूर्व एशिया में 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश 17

सीआरसीएल को डब्ल्यूसीओ की आरसीएल के रूप में मान्यता 17

आईएसआरएफ, 2021 की घोषणा 18

प्रधानमंत्री की बांग्लादेश की यात्रा 20

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य 22

विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2021 22

भारत-रूस मैत्री कार रैली 23

ब्रिक्स के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर की बैठक, 2021 24

बिम्सटेक की 17वीं मंत्रिस्तरीय बैठक, 2021 24

विषय आधारित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2021 25

विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट, 2020 27

Linkedin Opportunity Index , 2021 29

स्टेट ऑफ इंडियाज (India's) एन्वायरनमेंट रिपोर्ट, 2021 31

मिलिट्री डायरेक्ट द्वारा जारी 'अल्टीमेट मिलिट्री स्ट्रेन्थ इंडेक्स' रिपोर्ट 34

ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स एवं म्युनिसिपल परफॉर्मेंस इंडेक्स, 2020 36

हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट-2021 38

विश्व की सर्वाधिक सुरक्षित/खतरनाक सड़कें 39

'यूनेस्को' जलसंरक्षण कार्यक्रम के लिए (WSO India) में शामिल 40

समुद्री स्थानिक योजना 41

ईरान-रूस समुद्री सुरक्षा बेल्ट 2021 42

वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, 2021 43

आर्थिक परिदृश्य 44

सऊदी अरब में सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने हेतु एल एंड टी को ठेका 44

मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2020-21 45
सेबी ने लगाया 25 करोड़ का जुर्माना 46
पवन और सौर परियोजनाओं में 2025 तक 9 बिलियन डॉलर का निवेश 47
रतले पनबिजली परियोजना हेतु संयुक्त कंपनी 47
हैंडीक्राफ्ट्स एंड हैडलूम्स एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड 48
ईपीएफओ द्वारा वित्त वर्ष 2020-21 के लिए ब्याज दर की सिफारिश 49
दूसरा NCAER भूमि रिकॉर्ड और सेवा सूचकांक, N-LRSI 2020-2021 50
लाल चावल की पहली निर्यात खेप रवाना 51
स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक 'आईएटीए इजी पे' सेवा प्रदाता के रूप में नियुक्त 52
मुख्य फसलों के उत्पादन का दूसरा अग्रिम अनुमान, 2020-21 53
ब्रिक्स फाइनेंस और केंद्रीय बैंक के पदाधिकारियों की पहली वुर्चअल बैठक, 2021 54
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा बांग्लादेश विमानन क्षेत्र में सहयोग हेतु सहमति 55
कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं के निर्यात पर वार्षिक सर्वे 56
नाबार्ड की सब्सिडियरी की क्रेडिट गारंटी फंड के लिए ट्रस्टी के रूप में नियुक्ति 56
डीप-टेक स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने हेतु साझेदारी 57
एपीआई होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड की इक्विटी शेयरधारिता का अधिग्रहण 58
टीसीएल के अधिग्रहण को मंजूरी 59
मूडीज एनालिटिक्स : भारतीय अर्थव्यवस्था 2021 में 12% की दर से बढ़ेगी 60
RBI की रिपोर्ट : वित्त वर्ष 2013 के बाद से इक्विटी में सबसे अधिक एफपीआई प्रवाह 60
अशोक लीलैंड हिन्दुस्तान टेक में निसान की हिस्सेदारी खरीदी 61
वैज्ञानिक परिदृश्य 62
रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी 62
DRDO प्रयोगशाला द्वारा हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट का निर्माण 62
सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट का सफल उड़ान परीक्षण 63
हिंद महासागर में जीनोम-मैपिंग हेतु क्रूज मिशन लांच करने की योजना 63
भारतीय छात्रों द्वारा खोजे गए 18 नए क्षुद्रग्रह 64
झाड़ी मेंढक (Shrub Frog) की पांच नई प्रजातियों की खोज 65
छठा अपतटीय गश्ती पोत 'वज्र' भारतीय तटरक्षक बल में शामिल 66
देश का सबसे बड़ा तैरता हुआ (Floatintg) सौर ऊर्जा संयंत्र 67

लाइट स्पेशलिस्ट वाहनों की आपूर्ति हेतु अनुबंध 67
रूस ने 18 देशों के उपग्रह लांच किए 68
रक्षा मंत्रालय की अधिग्रहण विंग-बीडीएल के मध्य अनुबंध 69
हिमालयी ग्लेशियरों का रडार सर्वेक्षण कराएगी सरकार 69
खेल परिदृश्य 71
टेनिस 71
रोलेक्स मोंटे कार्लो मास्टर्स, 2021 71
सरडेग्ना ओपन, 2021 71
वोल्वो कार ओपन, 2021 72
लियोन ओपन, 2021 73
सेंट पीटर्सबर्ग लेडीज ट्रॉफी, 2021 73
एबिर्टो मैक्सिकन ओपन, 2021 74
दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप, 2021 75
दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप, 2021 75
ओपन,13 प्रोवेंस, 2021 76
क्रिकेट 77
भारत-इंग्लैंड टी-20 सीरीज, 2021 77
भारत-दक्षिण अफ्रीका महिला एकदिवसीय सीरीज, 2021 78
रोड सेफ्टी वर्ल्ड टी-20 सीरीज, 2020-21 79
दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम का भारत दौरा, 2021 80
फुटबॉल 80
हीरो भारतीय महिला फुटबॉल लीग, 2020-21 80
शतरंज 81
मेल्टवाटर चैंपियंस चेस टूर (मैग्नस कार्लसन इनविटेशनल), 2021 81
बैडमिंटन 82
योनेक्स ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप,2021 82
मुक्केबाजी 83
35वां बॉक्सम अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग टूर्नामेंट, 2021 83
गोल्फ 84

अगस्ता मास्टर्स टूर्नामेंट, 2021 84
द होंडा क्लासिक, 2021 84
दिल्ली एनसीआर ओपन, 2021 85
कॉमर्शियल बैंक कतर मास्टर्स, 2021 85
फॉर्मूला वन 86
एमिलिया रोमाग्ना ग्रैंड प्रिक्स, 2021 86
खेल विविध 86
सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप, 2021 86
आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप, 2021 87
दूसरा खेलो इंडिया राष्ट्रीय शीतकालीन खेल, 2021 88
चर्चित खेल व्यक्तित्व 88
आईपीएल में 350 छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी 89
अमेरिकी पुरुष हॉकी टीम के नए मुख्य कोच 89
स्पोर्ट्स एक्सेंज के ब्रांड एंबेसेडर 90
एक ओवर में 6 छक्के लगाने वाले विश्व के तीसरे बल्लेबाज 90
वनडे क्रिकेट में पर्दापण मैच में सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड 91
एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 7000 रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर 91
टी-20 इंटरनेशनल में 3000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर 92
संक्षिप्तियां 93
चर्चित व्यक्ति 93
वीवो के ब्रांड एंबेसेडर 93
फातमा जकारिया 94
अटल इनोवेशन मिशन के नए मिशन निदेशक 94
दिग्विजय सिंह झाला 95
इसामु अकासाकी 95
पीईएसबी की नई अध्यक्ष 96
ईएसआईसी के नए महानिदेशक 96
शंख घोष 97
नाडा के नए महानिदेशक 98

न्यायमूर्ति अंशुमान सिंह 98
निकोलाई सनेसारेव 99
अनुसूचित जाति के लिए राष्ट्रीय आयोग के नए अध्यक्ष 99
(FIEO) के नए अध्यक्ष 2020-21 100
फातमा जकारिया 100
अटल इनावेशन मिशन के नए मिशन निदेशक 101
दिग्विजय सिंह झाला 102
इसामु अकासाकी 102
पीईएसबी की नई अध्यक्ष 103
विदेश मंत्रालय के नए प्रवक्ता 103
माई 11 सर्कल के ब्रांड एंबेसडर 104
पुरस्कार/सम्मान 105
26वां देवीशंकर अवस्थी स्मृति सम्मान, 2020 105
महाराष्ट्र भूषण अवॉर्ड, 2020 105
30वां व्यास सम्मान, 2020 106
साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार, 2020 107
51वां दादा साहेब फाल्के पुरस्कार, 2019 108
योजना/परियोजना 109
प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 6 वर्ष 109
जनजातीय स्वास्थ्य सहयोग 'अनामाया' 110
श्वेत वस्तुओं (एयर कंडीशनर तथा एलईडी लाइट) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना 111
री-हैब परियोजना 112
महासमृद्धि महिला सशक्तिकरण योजना 113
'महाबाहु-ब्रह्मपुत्र' का शुभारंभ 115
बिहार में ग्राम उजाला कार्यक्रम की शुरुआत 116
मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना 117
नाग नदी प्रदूषण नियंत्रण परियोजना 118
आयोग/समिति 119
व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य की स्थिति (OSH & WUC) कोड 2020 के मानक बनाने हेतु विशेषज्ञ समिति 119

वृत्तीय अर्थव्यवस्था के लिए 11 समितियों का गठन 120
व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य की स्थिति (OSH & WUC) कोड 2020 के मानक बनाने हेतु विशेषज्ञ समिति 122
ऑपरेशन/अभियान 123
जलशक्ति अभियान : कैच द रेन 123
समग्र मिशन इंद्रधनुष 3.0 अभियान 124
भारत एवं फ्रांस का तीसरा संयुक्त अंतरिक्ष मिशन 125
'सही दिशा' अभियान 126
सम्मेलन/समारोह 127
मल्टीफंक्शनल इलेक्ट्रॉनिक मैटेरियल्स एवं प्रोसेसिंग पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 2021 127
नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला, 2021 128
संधि/समझौता 128
श्रीलंका के साथ एयर बबल समझौता 128
पशुपालन विभाग तथा राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के मध्य समझौता 129
भारती एंटरप्राइजेज-डिक्सन में समझौता 130
अटल इनोवेशन मिशन और एडब्ल्यूएस के मध्य साझेदारी 130
एपीईडीए- एनएसआईसी में समझौता 132
भारतीय एवं इस्राइली कंपनी के मध्य समझौता 133
हेल्थ केयर इनोवेशन में सुधार हेतु साझेदारी 134
हाईस्पीड रेल ट्रैक की डिजाइन के लिए समझौता 135
एक्सिस बैंक एवं व्हाट्सएप के मध्य समझौता 136
एमजीमोटर और आईआईटी दिल्ली के मध्य समझौता 137
यूपीएससी-आईएआरसीएससी के मध्य समझौता 137
भारत-जापान के मध्य समझौता 138
पॉवर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया-जेपीसीएल में समझौता 139
ट्राइफेड और अरुणाचल प्रदेश सरकार में समझौता 140
पोषण, बाल संरक्षण और विकास तथा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने हेतु समझौता 141
भारत-फिजी में समझौता 141
आईआईएससी एप्लाइड मैटेरियल इंडिया इंक आर एंड डी पैक्ट 142
भारत और फिलीपींस में समझौता 143

भारत सरकार-एआईआईबी में समझौता 144
अडाणी एंटरप्राइजेज और एजकॉनेक्स में करार 145
सोसाइटी-फॉर इनोवेशन एंड डेवलपमेंट और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस का समझौता ज्ञापन 2 145
विधि/न्याय 146
जजमेंट्स एंड ऑर्डर्स पोर्टल और ई-फाइलिंग 3.0 मॉड्यूल 146
अधिकरण सुधार (सुव्यवस्थीकरण और सेवा शर्तें) अध्यादेश, 2021 147
टेली-लॉ पर 'वॉयस ऑफ द बेनिफिशरीज' का दूसरा संस्करण जारी 148
सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती संस्थानों के लिए दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 अधिसूचित 149
सार्वजनिक संपत्हति क्षति वसूली विधेयक, 2021 151
किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 में संशोधन 152
वर्ष/दिवस/सप्ताह 153
विश्व पुस्तक एवं कापीराइट दिवस 153
विश्व हीमोफीलिया दिवस 153
विश्व होम्योपैथी दिवस 154
अंतरराष्ट्रीय रोमानी दिवस 155
विश्व स्वलीनता (ऑटिज्म) जागरूकता दिवस 155
विश्व स्वलीनता (ऑटिज्म) जागरूकता दिवस 156
चाबहार दिवस 157
तीसरा जनऔषधि दिवस सप्ताह समारोह, 2021 157
विश्व स्वास्थ्य दिवस, 2021 158
विकास और शांति हेतु अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस 159
राष्ट्रीय समुद्री दिवस 159
पुस्तकें 160
पुस्तक-ओडिशा इतिहास 160
पुस्तक-बैटल रेडी फॉर ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी 161
पुस्तक-ब्रिंगिंग गवर्नमेंट्स एंड पीपल क्लोजर 161
विविध 162
'मानस' ऐप 162
ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन पोर्टल 163

'लिटिल गुरु' ऐप 164
चक्रवात सेरोजा 164
देश का सबसे बड़ा तैरता हुआ (Floating) सौर उर्जा संयंत्र 165
महेंद्रगिरी बायोस्फीयर रिजर्व 165
देश का पहला हीलिंग सेंटर 166
प्लैटिपस के लिए विश्व का पहला अभयारण्य 167
आईआईटी, मद्रास द्वारा पीमो (Pimo) ई-बाइक लांच 167
भारत का पहला सरकार द्वारा संचालित एंबुलेंस नेटवर्क 168
भारत का पहला एफपीओ पोर्टल 169
बीकेटी टायर्स द्वारा आइपीएल की 7 टीमों के साथ साझेदारी 170
गुजरात के कच्छ में पवन ऊर्जा संयंत्र 171
दो नए केंद्रीय विद्यालय 171
पहले एसी थ्री-टियर इकॉनमी क्लास कोच की शुरुआत 172
भारत का पहला केंद्रीकृत वातानुकूलित रेल टर्मिनल 173

राष्ट्रीय परिदृश्य

पांच राज्यों के चुनाव परिणाम

प्रश्न- 2 मई 2021 को भारत निर्वाचन आयोग ने 5 राज्यों की विधानसभाओं के लिए हुए आम चुनाव, 2021 के परिणाम घोषित किए। इससे संबंधित तथ्यों पर विचार कीजिए -

(i) ये विधानसभा चुनाव 27 मार्च से 29 अप्रैल 2021 तक कराए गए।

(ii) पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस ने 213 सीटों पर जीत दर्ज की .

(iii) केरल में कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट) ने 62 सीटों पर जीत दर्ज की।

(iv) असम में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने 60 सीटों पर जीत दर्ज की .

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं

(a) केवल (i), (ii) एवं (iv) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (i), (iii) एवं (iv)

(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर- d

संबंधित तथ्य

- 2 मई 2021 को भारत निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिए हुए आम चुनाव 2021 के परिणामों की घोषणा की।
- यह विधानसभा चुनाव असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में 27 मार्च से 29 अप्रैल 2021 तक कराए गए थे।
- तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव एक ही चरण में 6 अप्रैल, 2021 को हुआ था। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 8 चरणों में संपन्न हुए थे।
- असम में विधानसभा चुनाव तीन चरणों में हुए थे।
- इन पांच राज्यों के चुनाव परिणाम इस प्रकार रहे -
- **असम**
- असम की 126 सदस्यीय विधानसभा सीटों में से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने सर्वाधिक 60 सीटों पर जीत दर्ज की।

- इसके पश्चात भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 29 सीटें, ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट को 16 सीटें, असम गण परिषद को 9 सीटें, यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी, लिबरल को 6 सीटें, बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट को 4 सीटें तथा कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया (मार्क्सिसिस्ट) को 1 एवं निर्दलीय को 1 सीटें प्राप्त हुई।

- इसमें भारतीय जनता पार्टी का मत प्रतिशत सर्वाधिक 33.21% रहा।

- **केरल**

- केरल की 140 सदस्यीय विधानसभा सीटों में से कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया (मार्क्सिसिस्ट) ने 62 सीटों पर जीत दर्ज की।

- जबकि अन्य प्रमुख पार्टियों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 21 सीटें, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया को 17 सीटें तथा इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को 15 सीटें प्राप्त हुई।

- **पुडुचेरी**

- केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के 30 सदस्यीय विधानसभा सीटों में से ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस ने सर्वाधिक 10 सीटें प्राप्त की जबकि भारतीय जनता पार्टी को 6 सीटें, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम को 6 सीटें, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 2 सीटें तथा अन्य (निर्दलीय) को 6 सीटें प्राप्त हुई।

- **तमिलनाडु**

- तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा सीटों में से द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ने सर्वाधिक 133 सीटों पर जीत दर्ज की।

- जबकि अन्य प्रमुख पार्टियों में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम को 66 सीटें, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 18 सीटें तथा भारतीय जनता पार्टी को 4 सीटें प्राप्त हुई।

- **पश्चिम बंगाल**

- पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा सीटों में 292 सीटों के ही चुनाव परिणाम घोषित किए गए।

- शेष 2 सीटों पर बाद में चुनाव कराए जाएंगे।

- घोषित किए गए 292 सीटों में से सत्तारूढ़ ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस ने सर्वाधिक 213 सीटों पर जीत दर्ज की।
- जबकि भारतीय जनता पार्टी को 77 सीटें, राष्ट्रीय सेक्युलर मजलिस पार्टी को 1 तथा अन्य (निर्दलीय) को 1 सीटें प्राप्त हुई।
- हालांकि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस ने ममता बनर्जी के नेतृत्व में बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन वह अपने विधानसभा क्षेत्र नंदीग्राम में भाजपा के शुभेंदु अधिकारी से चुनाव हार गईं।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://results.eci.gov.in/

93वां ऑस्कर पुरस्कार,2021

प्रश्न-25 अप्रैल,2021 को वितरित 93 वें ऑस्कर पुरस्कार में किस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया गया?

(a) रोमा (b) नोमैडलैंड (c) द फादर (d) पैरासाइट

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 25 अप्रैल,2021 को अमेरिकी फिल्म उद्योग के सर्वाधिक प्रतिष्ठित 93 वें वार्षिक अकादमी पुरस्कार लॉस एंजेल्स, अमेरिका में प्रदान किए गए।
- यह पुरस्कार 'ऑस्कर पुरस्कार' के नाम से भी प्रसिद्ध है।
- प्रमुख पुरस्कारों का वितरण इस प्रकार है-
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म-नोमैडलैंड
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-एंथनी होपकिंग (फिल्म-द फादर)।
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री-फ्रांसेस मैकडोरमंड (फिल्म-नौमैडलैंड)।
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता-डेनियल कालूया (Daniel Kaluuya)।
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री-यूह-जंग यून (Yuh Jung Youn)। (फिल्म-मीनारी)
- सर्वश्रेष्ठ एनीमेटेड फीचर फिल्म-सोल (Soul)।
- सर्वश्रेष्ठ निदेशक-क्लो झाओ (Chloe Zhao) फिल्म-नोमैडलैंड)।
- सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी-मैंक (Mack)(Erik Messer schmidt)
- सर्वश्रेष्ठ कॉस्टयूम डिजाइन-मा रेनीज ब्लैक बॉटम (MA Raincy's Black Bottom (Ann Roth)।
- सर्वश्रेष्ठ डाक्यूमेंट्री (फीचर)-माई ऑक्टोपस टीचर।
- सर्वश्रेष्ठ डाक्यूमेंट्री (शार्ट सब्जेक्ट)-कोलेट (Colette)।

- सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म-एनअदर राउंड (Another Round (डेनमार्क)।
- सर्वश्रेष्ठ म्यूजिक ओरिजिनल स्कोर)- सोल (Soul)।
- सर्वश्रेष्ठ म्यूजिक (ओरिजिनल सांग)-फाइट फार यू

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cnbc.com/2021/04/25/oscars-2021-live-updates-award-winners.html

भारतीय ऊर्जा डैशबोर्ड के 2.0 संस्करण का शुभारंभ

प्रश्न-12 अप्रैल, 2021 को शुरू किए गए भारतीय ऊर्जा डैशबोर्ड के 2.0 संस्करण की मुख्य विशेषताओं के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) भारत ऊर्जा डैशबोर्ड (आईईडी) वित्तवर्ष 2005-06 से वित्त वर्ष 2019-20 के आंकड़े उपलब्ध कराता है।

(b) आईईडी अर्द्ध-वार्षिक अनुक्रम में भी टाटा उपलब्ध कराता है।

(c) ऊर्जा से जुड़े आंकड़ों का उपयोग करने वालों के लिए 'प्रतिक्रिया' और सुझाव मंच भी इस डैशबोर्ड पर उपलब्ध हैं।

(d) इस डैशबोर्ड में तमिलनाडु के नियामक दस्तावेज के विद्युत उपभोग से जुड़े तकनीकी और वित्तीय आंकड़े भी उपलब्ध हैं।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 12 अप्रैल, 2021 को नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ.राजीव कुमार, डॉ.वी.के. सास्वत (सदस्य, नीति आयोग), अमिताभ कांत (सीईओ, नीति आयोग) और डॉ. राकेश सरवल (अपर सचिव, नीति आयोग) ने भारत ऊर्जा डैशबोर्ड के 2.0 संस्करण का शुभारंभ किया।
- भारत ऊर्जा डैशबोर्ड (आईईडी) देश के उर्जा से जुड़े आंकड़ों के लिए एकल खिड़की का उद्यम है।
- उक्त डैशबोर्ड में केंद्रीय ऊर्जा प्राधिकरण, कोयला नियंत्रक संगठन और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा प्रकाशित/उपलब्ध कराए गए ऊर्जा से जुड़े आंकड़ों को संकलित किया जाता है।
- नीति आयोग ने इसके पहले संस्करण की शुरूआत मई, 2017 में की थी।
- भारत ऊर्जा डैशबोर्ड-2.0 के इस उन्नत संस्करण की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं-
- भारत ऊर्जा डैशबोर्ड आईईडी) वित्तवर्ष 2005-06 से वित्त वर्ष 2019-20 तक के आंकड़े उपलब्ध कराता है।
- एन्हैन्सड डाटा डाउनलोड में उपयोगकर्ताओं द्वारा डाउनलोड किए जाने वाले डाटाशीट को और सुव्यवस्थित तथा सुलभ बनाया गया है।

- आईईडी अर्द्धवार्षिक अनुक्रम में भी डाटा उपलब्ध कराता है।
- इसमें मासिक आधार पर अपलोड किए जाने वाले डाटा के अलावा एपीआई लिंक डाटा भी शामिल है जिसका प्रबंधन अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा किया जाता है।
- मासिक आंकड़ों का स्रोत विद्युत, पेट्रालियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र की मासिक आधार पर प्रकाशित होने वाली रिपोर्ट है।
- एपीआई लिंक सौभाग्य, उजाला, प्राप्ति और विद्युत प्रवाह पोर्टल से जुड़ा है।
- ऊर्जा से जुड़े आंकड़ों का उपयोग करने वालों के लिए 'प्रतिक्रिया' और 'सुझाव' मंच भी इस डैशबोर्ड पर उपलब्ध है।
- आईईडी को निर्धारित समयावधियों में अपडेट करने के लिए एक सेमी-ऑटोमेटेड वर्कफ्लो/समस्या निवारण की व्यवस्था की गई है।
- डैशबोर्ड में महाराष्ट्र के नियामक दस्तावेज के विद्युत उपभोग से जुड़े तकनीकी और वित्तीय आंकड़े भी उपलब्ध हैं।
- नियामक डाटा केवल उन क्षेत्रों के लिए उपलब्ध है, जहां राज्य की सरकारी वितरण कंपनी एमएसईडीसीएल अपनी सेवाएं उपलब्ध करा रही है। डैशबोर्ड में निकट भविष्य में अन्य राज्यों से जुड़े आंकड़ों को भी शामिल किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1711204

दुर्लभ बीमारियों के लिए राष्ट्रीय नीति, 2021

प्रश्न-दुर्लभ बीमारियों के लिए राष्ट्रीय नीति, 2021 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस नीति में प्रारंभिक जांच और दुर्लभ बीमारियों की रोकथाम पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

(b) इस नीति के अंतर्गत सरकार राष्ट्रीय आरोग्य नीति योजना के तहत 20 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

(c) यह वित्तीय सहायता केवल बीपीएल लाभार्थियों को प्रदान की जाएगी।

(d) दुर्लभ बीमारियों के लिए एक राष्ट्रीय रजिस्ट्री भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) में स्थापित की जाएगी।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 30 मार्च, 2021 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने 'दुर्लभ रोगों के लिए राष्ट्रीय नीति, 2021' को मंजूरी प्रदान की है।

- इस नीति में प्रारंभिक जांच और दुर्लभ बीमारियों की रोकथाम पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- इस नीति के अंतर्गत सरकार राष्ट्रीय आरोग्य निधि योजना के तहत 20 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।
- यह वित्तीय सहायता बीपीएल लाभार्थियों के अलावा बीपीएल के बाहर के व्यक्ति को भी प्रदान की जाएगी।
- रेयर डिसीज पॉलिसी में एक क्राउडफंडिंग तंत्र की परिकल्पना की गई है, जिसमें कॉरपोरेट्स और आम लोगों की दुर्लभ बीमारियों के इलाज हेतु एक मजबूत आईटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से वित्तीय सहायता देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
- एकत्रित की गई धनराशि का उपयोग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा सभी तीन श्रेणियों की दुर्लभ बीमारियों के उपचार हेतु किया जाएगा और शेष वित्तीय संसाधनों का उपयोग अनुसंधान के लिए भी किया जा सकता है।
- इस नीति का उद्देश्य उत्कृष्टता केंद्र के रूप में वर्णित 8 स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से दुर्लभ बीमारियों से बचाव तथा उपचार के लिए तृतीयक स्वास्थ्य देखलाल सुविधाओं को मजबूत बनाना है।
- इन केंद्रों को 5 करोड़ रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- दुर्लभ बीमारियों के लिए एक राष्ट्रीय रजिस्ट्री आईसीएमआर (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) में स्थापित की जाएगी।
- उत्कृष्टता के अधिसूचित केंद्रों को एक साथ लाने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि प्रतिवर्ष 28 फरवरी को दुर्लभ बीमारी दिवस मनाया जाता है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुर्लभ बीमारियां वे बीमारियां हैं, जो प्रति हजार आबादी पर एक या उससे कम होती हैं। यद्यपि कई अन्य देश अपनी-अपनी परिभाषा का उपयोग करते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1709369

मैत्री सेतु

प्रश्न- मैत्री सेतु के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 9 मार्च, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारत और बांग्लादेश के बीच 'मैत्री सेतु' का उद्घाटन किया।

(b) मैत्री सेतु फेनी नदी पर बनाया गया है।

(c) इस सेतु का निर्माण लार्सन एंड टुब्रो द्वारा किया गया है।

(d) 1.9 किमी. लंबा यह पुल सबरूम (भारत) को रामगढ़ (बांग्लादेश) से जोड़ता है।

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 9 मार्च, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारत और बांग्लादेश के बीच मैत्री सेतु का उद्घाटन किया।
- मैत्री सेतु फेनी नदी पर बनाया गया है।
- फेनी नदी त्रिपुरा और बांग्लादेश में भारतीय सीमा के बीच बहती है।
- 'मैत्री सेतु' नाम दोनों देशों के बीच बढ़ते द्विपक्षीय और मैत्रीपूर्ण संबंधों का प्रतीक है।
- इस सेतु या पुल की निर्माण लागत राशि 133 करोड़ रुपये है।
- इसका निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग और बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड द्वारा किया गया है।
- 1.9 किमी. लंबा यह पुल सबरुम (भारत) को रामगढ़ (बांग्लादेश) से जोड़ता है।
- इस उद्घाटन के साथ ही त्रिपुरा 'गेटवे ऑफ नॉर्थ ईस्ट' बन गया है, क्योंकि सबरूम से चटगांव की दूरी मात्र 80 किमी. है।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सबरूम में एकीकृत जांच चौकी की आधारशिला रखी।
- यह दोनों देशों के बीच माल और यात्रियों की आवाजाही को आसान बनाने में मदद करेगा, पूर्वोत्तर राज्यों के उत्पादों के लिए नए बाजार के अवसर प्रदान करेगा और भारत और बांग्लादेश के यात्रियों की निर्बाध आवाजाही में मददगार होगा।
- प्रधामनंत्री ने कार्यक्रम के दौरान त्रिपुरा में कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।
- उन्होंने एनएच-208 की आधारशिला रखी जो उनकोटी जिला मुख्यालय को खोवाई जिला मुख्यालय से जोड़ेगा।
- साथ ही यह राष्ट्रीय राजमार्ग 44 को एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगा।
- प्रधानमंत्री ने अगरतला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत निर्मित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/pm-modi-inaugurates-maitri-setu-between-india-and-bangladesh/article34026410.ece

भारत और दक्षिण पूर्व एशिया में 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश

प्रश्न-संयुक्त अरब अमीरात की नेशनल सेट्रल कूलिंग कंपनी (तबरीद) और इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन द्वारा कूलिंग सर्विस इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने हेतु भारत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में कितने मिलियन डॉलर अमेरिकन रुपये का निवेश करने की घोषणा की गई।

(a) 400 मिलियन अमेरिकन डॉलर (b) 600 मिलियन अमेरिकन डॉलर
(c) 700 मिलियन अमेरिकन डॉलर (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 3 मार्च, 2021 को संयुक्त अरब अमीरात की नेशनल सेंट्रल कूलिंग कंपनी (तबरीद) और इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन द्वारा कूलिंग सर्विस इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए भारत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में 400 मिलियन डॉलर का निवेश करने की योजना की घोषणा की है।
- वर्ल्ड बैंक समूह के सदस्य तबरीद और इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन ने सिंगापुर में जिला ऊर्जा निवेश मंच (District Energy Investment Platfrom) स्थापित करने के लिए एक संयुक्त उद्यम का गठन किया है।
- भारत सरकार द्वारा कूलिंग एक्सन प्लान में 2038 तक 8 गुना वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।
- इस अवधि के दौरान वाणिज्यिक रियलएस्टेट क्षेत्र ने 100 मिलियन टन प्रशीतन क्षमता का अनुमान लगाया है।
- ध्यातव्य है कि शीतलन के क्षेत्र में भारत का सेवा बाजार अपेक्षाकृत भ्रूण अवस्था में हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/tabreed-ifc-to-invest-400-mln-to-develop-cooling-infra-in-india-southeast-asia/articleshow/81315097.cms

सीआरसीएल को डब्ल्यूसीओ की आरसीएल के रूप में मान्यता

प्रश्न-2 मार्च, 2021 को केंद्रीय राजस्व नियंत्रण प्रयोगशाला (सीआरसीएल), नई दिल्ली को एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए विश्व सीमा शुल्क संगठन (डब्ल्यूसीओ) की क्षेत्रीय सीमा शुल्क प्रयोगशाला (आरसीएल) के रूप में मान्यता प्रदान की गई। सीआरसीएल की स्थापना किस वर्ष हुई थी?

(a) 1939 (b) 1951 (c) 1965 (d) 1972

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 2 मार्च, 2021 को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के तहत केंद्रीय राजस्व नियंत्रण प्रयोगशाला (सीआरसीएल), नई दिल्ली को एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए विश्व सीमा शुल्क संगठन (डब्ल्यूसीओ) की क्षेत्रीय सीमा शुल्क प्रयोगशाला (आरसीएल) के रूप में मान्यता प्रदान की गई।
- इस संबंध में वर्चुअल रूप से डब्ल्यूसीओ के महासचिव कुनियोमीकुरिया और सीबीआईसी के अध्यक्ष एम.अजीत कुमार ने एक समझौता-जापान पर हस्ताक्षर किए।
- आरसीएल के रूप में मान्यता से अब सीआरसीएल जापान और दक्षिण कोरिया जैसे क्षेत्रों में स्थापित सीमा शुल्क प्रयोगशालाओं के चुनिंदा समूह में शामिल हो गया है।
- केंद्रीय राजस्व नियंत्रण प्रयोगशाला (सीआरसीएल) की स्थापना वर्ष 1939 में हुई थी।
- यह 14 राजस्व प्रयोगशालाओं का मुख्यालय है, जिसमें गवर्नमेंट ओपियम और अल्कलॉइड वर्क्स, गाजीपुर और नीमच में कार्यरत दो प्रयोगशालाएं भी शामिल हैं।
- इन प्रयोगशालाओं को विगत 3 वर्षों में व्यापाक पैमाने पर अपग्रेड किया गया है और इसमें लगभग 80 करोड़ रुपये की लागत वाले अत्याधुनिक उपकरण स्थापित किए गए हैं।
- उपकरण आधारित परीक्षणों की शुरुआत से राजस्व प्रयोगशालाएं अब कानून और प्रवर्तन पर कोई समझौता किए बिना तेजी से क्लीयरेंस देने की सुविधा प्रदान कर रही हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/News?title=World-Customs-Organisation-recognises-CRCL%2C-New-Delhi-as-regional-customs-laboratory-for-Asia-Pacific&id=410972#:~:text=The%20World%20Customs%20Organisation%20today,Mikuriya%20and%20Chairman%20CBIC%20M.

आईएसआरएफ, 2021 की घोषणा

प्रश्न-मार्च, 2021 में भारतीय विज्ञान अनुसंधान फेलोशिप आई.एस.आर एफ, 2021 की घोषणा की गई। इस फेलोशिप के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस वर्ष विश्व स्तरीय भारतीय शोध संस्थानों और विश्वविद्यालयों में शोध कार्य हेतु 6 देशों के 40 छात्रों को फलोशिप प्रदान की गई है।

(b) इन शोधार्थियों का चयन उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए शोध प्रस्ताव, शोध पत्रों के प्रकाशन आदि के आधार पर किया गया है।

(c) आईएसआरएफ कार्यक्रम का क्रियान्वयन वर्ष 2016 से किया जा रहा है।

(d) इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक लगभग 128 शोधकर्ताओं को फलोशिप प्रदान की गई है।

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में भारतीय विज्ञान अनुसंधान फेलोशिप आईएसआरएफ, 2021 की घोषणा की गई।
- आईएसआरएफ कार्यक्रम के अंतर्गत अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड के शोधकर्ताओं को भारतीय विश्वविद्यालयों और भारतीय शोध संस्थानों में शोध कार्य का अवसर प्राप्त होता है।
- इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक इन देशों के लगभग 128 शोधकर्ताओं को फेलोशिप प्रदान की गई है।
- इस वर्ष विश्व स्तरीय भारतीय शोध संस्थानों और विश्वविद्यालयों में शोध कार्य करने हेतु 6 देशों के 40 छात्रों को फेलोशिप प्रदान की गई है।
- इन शोधार्थियों का चयन उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए शोध प्रस्ताव, अनुभव, अकादमिक योग्यता, उनके शोध-पत्रों के प्रकाशन आदि के आधार पर किया गया है।
- पड़ोसी देशों के साथ सहयोग और साझेदारी बढ़ाने की भारत की पहल के अंतर्गत भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने एस एंड टी साझेदारी विकसित करने के लिए विश्व स्तरीय भारतीय विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में शोध करने हेतु यह पहल शुरू की गई है।
- आईएसआरएफ कार्यक्रम का क्रियान्वयन वर्ष 2015 से किया जा रहा है।
- अब तक इस कार्यक्रम में उक्त देशों के युवा शोधार्थियों को शामिल करने हेतु 5 आयोजन किए जा चुके हैं।
- वर्ष 2015 से लेकर वर्ष 2019 के मध्य आईएसआरएफ के तहत फेलोशिप प्राप्त करने वाले शोधार्थियों ने कई गुणवत्तापूर्ण शोध प्रत्र प्रकाशित कराए हैं।
- कोरोना महामारी के कारण विगत वर्ष इस कार्यक्रम के तहत फेलोशिप नहीं प्रदान की गई थी।
- आईएसआरएफ कार्यक्रम में अंतर्गत भारत के पड़ोसी देशों के युवा शोधकर्त्ताओं को भारतीय विश्वविद्यालयों और भारतीय शोध संस्थानों में उपलब्ध विश्वस्तरीय शोध सुविधाओं तक पहुंच सुलभ होती है।
- यह फेलोशिप भारत के पड़ोसी देशों के साथ शोध क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने हेतु एक महत्वपूर्ण मंच है, जो कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतरराष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग का एक महत्वपूर्ण अंग है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thestatesman.com/india/india-science-research-fellowship-isrf-2021-announced-1502956066.html

प्रधानमंत्री की बांग्लादेश की यात्रा

प्रश्न-26-27 मार्च, 2021 के मध्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बांग्लादेश की यात्रा पर रहे। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) कोविड-19 महामारी के प्रारंभ के बाद से यह प्रधानमंत्री की दूसरी विदेश यात्रा थी।

(ii) प्रधानमंत्री की यह यात्रा बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के 75 वर्ष पूर्ण होने से संबंधित रही।

(iii) बंगबंधु मकबरा परिसर में श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए यह किसी विदेशी राज्य प्रमुख की दूसरी यात्रा थी।

उपर्युक्त कथनों में से सही कथन है/हैं-

(a) (i) एवं (ii) (b) (ii) एवं (iii) (c) इनमें से कोई नहीं (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 26-27 मार्च, 2021 के मध्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के निमंत्रण पर बांग्लादेश की यात्रा पर रहे।
- कोविड-19 महामारी की शुरुआत के बाद से यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली विदेश यात्रा रही।
- प्रधानमंत्री की यह यात्रा बांग्लादेश के संस्थापक नेता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की जन्मशती, भारत एवं बांग्लादेश के मध्य राजनयिक संबंधों के स्थापित होने के 50 वर्ष पूर्ण होने तथा बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के 50 वर्ष के पूर्ण होने से संबंधित रही।
- 26 मार्च, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ढाका स्थित राष्ट्रीय शहीद स्मारक जाकर बांग्लादेश स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।
- ढाका के उत्तर-पश्चिम से 35 किमी. दूर सावर में स्थित यह स्मारक बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में शहीदों का राष्ट्रीय प्रतीक है।
- इसे सैयद मैनुल हसन ने डिजाइन किया था।
- प्रधानमंत्री द्वारा स्मारक परिसर में 'अर्जुन' का एक पौधा भी लगाया गया।
- अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में 14 दलों वाले गठबंधन के नेताओं और उनके संयोजक से मुलाकात की।
- इस दौरान दोनों देशों के संबंधों को और प्रगाढ़ करने के विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की गई।
- 26 मार्च, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बांग्लादेश में राष्ट्रीय दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे।
- यह कार्यक्रम राष्ट्रीय परेड स्क्वायर, तेजगांव में आयोजित हुआ।

- इस कार्यक्रम में बांग्लादेश के राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की जन्म शताब्दी भी मनाई गई।
- इस अवसर पर भारत सरकार की ओर से बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान को मरणोपरांत दिए गये गांधी शांति पुरस्कार, 2020 को उनकी बेटियों प्रधानमंत्री शेख हसीना एवं रेहाना को प्रदान किया गया।
- इस कार्यक्रम के भाषण के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा भारत-बांग्लादेश संबंधों के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बांग्लादेश के 50 उद्यमियों को भारत के स्टार्टअप और इनोवेशन इको-सिस्टम से जुड़ने हेतु आमंत्रित किया गया।
- अपनी इस दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ संयुक्त रूप से बापू-बंगबंधु पर एक डिजिटल प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।
- 27 मार्च, 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शतखिरा में जेशोरेश्वरी काली शक्तिपीठ में पूजा की, जो प्राचीन परम्परा में 51 शक्तिपीठों में से एक है।
- इस दौरान उन्होंने मंदिर के समीप एक सामुदायिक भवन सह चक्रवात आश्रय स्थल के निर्माण के लिए अनुदान देने की घोषणा की।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश की यात्रा के दूसरे दिन तुंगीपारा स्थित बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान के मकबरे पर श्रद्धांजलि अर्पित की।
- बंगबंधु मकबरा परिसर में श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए यह किसी विदेशी राज्य प्रमुख या सरकार के प्रमुख की पहली यात्रा थी।
- प्रधानमंत्री द्वारा इस ऐतिहासिक अवसर की स्मृति में एक 'बकुल' का पौधा भी लगाया गया।
- अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने ओराकान्दी ठाकुरबाड़ी में संबोधन दिया एवं श्री श्री हॉरिचान्द ठाकुर जी एवं श्री श्री गुरुचान्द ठाकुर जी को नमन किया।
- यहां प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार ओराकान्दी में लड़कियों के मिडिल स्कूल का उन्नयन करेगी तथा नई आधुनिक सुविधाएं जोड़ेगी। साथ ही भारत सरकार द्वारा यहां एक प्राथमिक विद्यालय की स्थापना भी की जाएगी।
- इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की गई साथ ही दोनों देशों के संबंध आपस में और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा विकास के विभिन्न बिंदुओं पर मिलकर सहयोग करने पर भी चर्चा की गई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mea.gov.in/outgoing-visit-info.htm?2/1303/Visit+of+Prime+Minister+to+Bangladesh+March+2627+2021

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2021

प्रश्न- अप्रैल, 2021 में फ्रांस स्थित 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' (Reporters Without Borders) द्वारा वार्षिक विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक, 2021 जारी किया गया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इस सूचकांक में कुल 180 देशों को शामिल किया गया है।

(ii) सूचकांक में नॉर्वे को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।

(iii) इस सूचकांक में भारत 142वें स्थान पर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है?

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (iii)

(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- अप्रैल, 2021 में फ्रांस स्थित 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' द्वारा वार्षिक 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक (World Press Freedom Index), 2021 जारी किया गया।
- इस सूचकांक में कुल 180 देशों को शामिल किया गया है।
- इस सूचकांक में नॉर्वे को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात फिनलैंड दूसरे, स्वीडन स्वीडन तीसरे, डेनमार्क चौथे तथा कोस्टा रिका पांचवें स्थान पर हैं।
- इस सूचकांक में निचला पांच स्थान प्राप्त करने वाले देश क्रमशः हैं- इरीटिया (180वां स्थान), उत्तर कोरिया (179वां स्थान), तुर्कमेनिस्तान (178वां स्थान), चीन (177वां स्थान) तथा जिबूती (176वां स्थान)।
- विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक, 2021 में भारत 142वें स्थान (स्कोर-46.56) पर है।
- वर्ष 2020 में भी भारत 142वें सथान पर था।
- सूचकांक में भारत के पड़ोसी देशों में भूटान को 65वां, नेपाल को 106वां, श्रीलंका को 127वां, पाकिस्तान को 145वां, तथा चीन को 177वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- विश्व के अन्य विकसित देशों में जर्मनी को 13वां, कनाडा को 14वां, फ्रांस को 34वां, यूनाइटेड किंगडम को 33वां तथा यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका को 44वां स्थान प्राप्त हुआ है।उल्लेखनीय

है कि विश्व के देशों में प्रेस की स्थिति के बारे में 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' नामक एक अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन द्वारा वर्ष 2002 से प्रतिवर्ष यह सूचकांक जारी किया जा रहा है।

- यह संगठन प्रेस स्वतंत्रता की वकालत करता है।इसकी स्थापना वर्ष 1985 में हुई थी।इसका मुख्यालय पेरिस में है।
- इस संगठन को संयुक्त राष्ट्र में सलाहकार की स्थिति प्राप्त है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://rsf.org/en/2021-world-press-freedom-index-journalism-vaccine-against-disinformation-blocked-more-130-countries

भारत-रूस मैत्री कार रैली

प्रश्न-भारत-रूस मैत्री कार रैली, 2021 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 8 अप्रैल, 2021 को केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने भारत-रूस मैत्री कार रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

(b) इंटरनेशनल फ्रेंडशिप कार रैली एसोसिएशन (आईएफसीआरए) द्वारा आयोजित किया जाने वाला यह कार्यक्रम 18-20 अप्रैल, 2021 तक रूस में आयोजित किया जा रहा है।a

(c) यह आईएफसीआरए का छठा संस्करण है।

(d) यह कार्यक्रम पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा प्रायोजित है।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 अप्रैल, 2021 को केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने भारत-रूस मैत्री कार रैली, 2021 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- यह कार्यक्रम 18 से 20 अप्रैल तक रूस में इंटरनेशनल फ्रेंडशिप कार रैली एसोसिएशन (आईएफसीआरए) द्वारा आयोजित किया जा रहा है।
- यह आईएफसीआरए का 5वां संस्करण है।
- आईएफसीआरए इंडिया में 14 प्रतिभागी उत्तर-पूर्वी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहें हैं।
- यह कार्यक्रम पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा प्रायोजित है।
- इसे युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और विदेश मंत्रालय द्वारा समर्थन प्रदान किया जा रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1710456

ब्रिक्स के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर की बैठक, 2021

प्रश्न-6 अप्रैल, 2021 को किस देश ने ब्रिक्स वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर की बैठक की वर्चुअल मेजबानी की?

(a) ब्राजील (b) चीन (c) दक्षिण अफ्रीका (d) भारत

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 6 अप्रैल, 2021 को भारत ने ब्रिक्स वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर की बैठक की वर्चुअल मेजबानी की।बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने संयुक्त रूप से की।
- बैठक में ब्रिक्स देशों के वित्तमंत्री और उनके केंद्रीय बैंकों के गवर्नर शामिल थे।
- वर्ष 2021 में भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की यह पहली बैठक थी।बैठक के दौरान ब्रिक्स के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों ने वर्ष 2021 के लिए भारत द्वारा निर्धारित वित्तीय सहयोग एजेंडे पर चर्चा की।
- इसके तहत वैश्विक आर्थिक आउटलुक और कोविड-19 महामारी का असर न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB)की गतिविधियों, सीमा शुल्क से संबंधित मुद्दों पर सहयोग आदि विषयों पर चर्चा की।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1709900

बिम्सटेक की 17वीं मंत्रिस्तरीय बैठक, 2021

प्रश्न-1 अप्रैल, 2021 को बिम्सटेक की 17वीं मंत्रिस्तरीय बैठक, 2021 वर्चुअल माध्यम से किस देश की अध्यक्षता में संपन्न हुई?

(a) भारत (b) बांग्लादेश (c) श्रीलंका (d) नेपाल

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 अप्रैल, 2021 को बिम्सेटक (BIMSTEC) की 17वीं मंत्रिस्तरीय बैठक, 2021 वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई।
- यह बैठक श्रीलंका की अध्यक्षता में हुई।
- विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- गौरतलब है कि 5वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन का आयोजन श्रीलंका में प्रस्तावित है।

- बैठक में बिम्सटेक के अगले शिखर सम्मेलन में अपनाए जाने वाली ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी संबंधी बिम्सटेक की मुख्य योजना और बिम्सटेक के अगले शिखर सम्मेलन में हस्ताक्षर किए जाने वाले तीन समझौता-ज्ञापनों/समझौतों, अर्थात आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता पर बिम्सटेक कन्वेंशन, बिम्सटेक के सदस्य राज्यों के राजनयिक अकादमियों/प्रशिक्षण संस्थानों के बीच आपसी सहयोग पर समझौता-ज्ञापन, और कोलंबो, श्रीलंका में बिम्सटेक तकनीकी हस्तांतरण सुविधा (टीटीएफ) के स्थापना पर मेमोरंडम ऑफ एसोसिएशन की अनुमति दी गई।
- बैठक के दौरान अपने बयान में, डॉ जयशंकर ने बिम्सटेक के ढांचे के तहत क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ाने और संगठन को अधिक सुदृढ़, जीवंत, प्रभावी तथा परिणाम-उन्मुख बनाने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।
- उन्होंने काउंटर-टेररिज्म और सीमा-पार अपराध, ट्रांसपोर्ट एवं कम्युनिकेशन, पर्यटन, और पर्यावरण तथा आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में हुई प्रगति, जिसमें भारत ने अग्रणी भूमिका निभाई है और भारत द्वारा बिम्सटेक के तहत सहयोग को गहरा करने हेतु किए गए अन्य कार्यों पर प्रकाश डाला।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/33763/17th_BIMSTEC_Ministerial_Meeting_April_01_2021

विषय आधारित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2021

प्रश्न-4 मार्च, 2021 को विषय आधारित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2021 जारी की गई। इसमें भारत के कितने संस्थानों को शीर्ष 100 में स्थान प्राप्त हुआ?

(a) 10 (b) 12 (c) 15 (d) 7

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 4 मार्च, 2021 को विषय आधारित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग (QS World University Rankings by Subject), 2021 जारी की गई।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने इस रैंकिंग की घोषणा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया।
- इस रैंकिंग में कुल 51 विषयों को शामिल किया गया है, जिन्हें निम्नलिखित 5 व्यापक विषय क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है-

1. कला एवं मानविकी (Art and Humanities)
2. इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी

3. जीवन विज्ञान एवं मेडिसिन (Life Sciences and Medicine)
4. प्राकृतिक विज्ञान (Natural Science)
5. सामाजिक विज्ञान एवं प्रबंधन (Social Science and Management)

- इसके अनुसार, कला एवं मानविकी श्रेणी में शीर्ष 3 संस्थान हैं-

1. यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड
2. हार्वर्ड यूनिवर्सिटी
3. यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज

- इंजीनियरिंग और टेक्नâोलॉजी श्रेणी में शीर्ष 3 संस्थान हैं-

1. मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नâोलॉजी (MIT)
2. स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी
3. यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज

- जीवन विज्ञान एवं मेडिसिन श्रेणी में शीर्ष 3 संस्थान हैं-

1. हार्वर्ड यूनिवर्सिटी
2. यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड
3. स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी

- प्राकृतिक विज्ञान श्रेणी में शीर्ष 3 संस्थान हैं-

1. मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नâोलॉजी
2. स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी
3. हार्वर्ड यूनिवर्सिटी

- सामाजिक विज्ञान एवं प्रबंधन श्रेणी में शीर्ष 3 संस्थान हैं-

1. हार्वर्ड यूनिवर्सिटी
2. द लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस (LSE)
3. स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी

- इस रैंकिंग में शीर्ष 100 में 12 भारतीय संस्थानों को स्थान प्राप्त हुआ है।
- इन 12 संस्थानों में आईआईटी मुंबई, आईआईटी दिल्ली, आईआईडी मद्रास, आईआईटी खड़गपुर, आईआईएससी बंगलुरू, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईएम बंगलुरू, आईआईएम अहमदाबाद, जेएनयू, अन्ना विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय और ओ.पी. जिंदल विश्वविद्यालय शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.topuniversities.com/subject-rankings/2021

विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट, 2020

प्रश्न-मार्च, 2021 में IQ Air द्वारा जारी 'विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट, 2020' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करे-

(1) इस रिपोर्ट के तहत विश्व के 106 देशों द्वारा PM 2.5 के उत्सर्जन डेटा को सम्मिलित किया गया है।

(2) इस रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर PM 2.5 के औसत उत्सर्जन के आधार पर विश्व का सबसे अधिक प्रदूषित देश पाकिस्तान है।

(3) विश्व के सर्वाधिक वायु प्रदूषित देशों की रैंक में भारत तीसरे स्थान पर है।

(4) इस रिपोर्ट में विश्व के सर्वाधिक प्रदूशित राजधानी शहर में दिल्ली पांचवें स्थान पर है।

उपर्युक्त दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करे-

(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3 (c) 1 एवं 3 (d) 2 एवं 4

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में वैश्विक स्तर पर बढ़ते प्रदूषण के स्तर को जानने के लिए 'आईक्यू एयर' (IQ Air) द्वारा 'विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट, 2020' (World air Quality Report, 2020) का प्रकाशन किया गया है।
- ध्यातव्य है कि विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट, 2020 आई-क्यू एयर के वायु गुणवत्ता सूचना प्लेटफार्म के माध्यम से दुनिया भर के जमीनी स्तर (Ground-Level) के निगरानी स्टेशनों द्वारा PM 2.5 डेटा का विश्लेषण करती है।
- इस रिपोर्ट के तहत विश्व के 106 देशों के PM 2.5 के उत्सर्जन डेटा को सम्मिलित किया गया है।
- ध्यातव्य है कि वायु प्रदूषण विश्व के सबसे बड़े स्वास्थ्य खतरों में से एक है, जिसके फलस्वरूप प्रतिवर्ष लगभग 7 मिलियन व्यक्तियों की मृत्यु हो जाती है, जिनमें 6 लाख बच्चे सम्मिलित हैं।
- इस रिपोर्ट के अनुसार पूर्व वर्ष की तरह दक्षिण एवं पूर्वी एशियाई देश वायु प्रदूषण के मामले में सबसे ज्यादा प्रदूषित हैं।
- कोविड-19 संक्रमण के दौरान हुए लॉकडाउन के कारण पूर्व वर्ष की तुलना में वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है। वर्ष 2019 की तुलना में वर्ष 2020 में वैश्विक स्तर पर शहरों के वायु गुणवत्ता में 65 प्रतिशत का सुधार हुआ है।
- विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट, 2020 के अनुसार, 5 सर्वाधिक प्रदूषित देश-(1) बांग्लादेश, (2) पाकिस्तान, (3) भारत, (4) मंगोलिया तथा (5) अफगानिस्तान हैं।

- इस रिपोर्ट के अनुसार, PM 2.5 के उत्सर्जन के आधार पर सबसे कम 5 प्रदूषित देश इस प्रकार हैं- प्यूर्टोरिको (106), न्यू कैलेडोनिया (105), यू.एस. वर्जिन आइसलैंड (104), स्वीडन (103), तथा फिनलैंड (102)।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पड़ोसी देशों की स्थिति इस प्रकार है-बांग्लादेश (1), पाकिस्तान (2) अफगानिस्तान, (5) नेपाल, (12), चीन (14), म्यांमार (19), श्रीलंका (30)।
- विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट, 2020 के अनुसार विश्व के शीर्ष 5 प्रदूषित राजधानी शहर इस प्रकार हैं-दिल्ली (भारत) (1) ढ़ाका (बांग्लादेश), (2) उलानबटोर (मंगोलिया), (3) काबुल (अफगानिस्तान), (4) दोहा (कतर) (5)।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, विश्व के 3 सबसे कम प्रदूषित राजधानी शहर इस प्रकार है-चार्लोट एमेली, यू.एस वर्जिन आइसलैंड (92), स्टाकहोम, स्वीडन (91), हेलसिंकी, फिनलैंड (90)।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, विश्व के 40 सर्वाधिक वायु प्रदूषित शहरों में से 37 दक्षिण एशिया से हैं।
- दक्षिण एशिया के देशों में 13 से 22 प्रतिशत मौतों का कारण वायु प्रदूषण है, जिसकी अनुमानित लागत इस क्षेत्र की कुल जीडीपी का 7.4 प्रतिशत है।
- ध्यातव्य है कि दक्षिण एशिया क्षेत्र में वर्ष 2020 के दौरान वायु की गुणवत्ता में कई सुधार देखे गए हैं। इस क्षेत्र के 25 सबसे प्रदूषित शहरों में PM 2.5 उत्सर्जन के मामले में 2019 की तुलना में कमी को दर्शाते हैं।
- वर्ष 2020 में इस क्षेत्र के 7 राजधानी शहरों में से 5 में PM 2.5 के उत्सर्जन में कटौती देखी गई है।
- इसके तहत इस क्षेत्र में PM 2.5 के उसर्जन में सर्वाधिक कमी काबुल (-21%), काठमांडू (-18%) तथा दिल्ली (-15%), में देखी गई है।
- इस दौरान इस क्षेत्र में तेहरान (+12%), तथा इस्लामाबाद (+11%), ने PM 2.5 के उत्सर्जन में वृद्धि प्रर्दशित की है।
- इस दौरान दक्षिण एशिया के सिर्फ 3 शहरों, जो ईरान (सानंदाज) और श्रीलंका (दिगाना, तथा दांबुला) में स्थित है, ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त किया है।
- वर्ष 2020 में सभी भारतीय शहरों की वायु गुणवत्ता में 2019 की तुलना में 63 प्रतिशत सुधार हुआ है। हालांकि विश्व के शीर्ष 30 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के 22 शहरों को दर्शाया गया है।
- भारत के वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों में परिवहन, भोजन पकाने हेतु बायोमॉस का उपयोग, विद्युत उत्पादन, उद्योग निर्माण, अपशिष्ट का दहन आदि हैं।
- पीएम 2.5 के उत्सर्जन का प्रमुख स्रोत परिवहन है, जो प्रदूषकों को उत्सर्जित करने तथा सड़क की धूल को रीसस्पेंडिंग (Resuspending) करने हेतु उत्तरदाई है-

- इस रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण एशिया के 5 सर्वाधिक प्रदूषित शहर भारत के इस प्रकार हैं- गाजियाबाद (1), बुलंदशहर (2), बिसरख जलालपुर (3), भिवाड़ी (4), तथा नोएडा (5)।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, अन्य भारतीय शहरों की स्थिति इस प्रकार है- कानपुर (7), लखनऊ (8), दिल्ली (9), मेरठ (11), आगरा (14) ।
- भारत के पंजाब एवं हरियाणा प्रांतों में वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण पुआल का जलाना है, जो 2019 की अपेक्षा 46.5 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता हैं।
- भारत का राजधानी शहर दिल्ली वायु प्रदूषण की समस्या से सर्वाधिक ग्रस्त है। दिल्ली के वायु प्रदूषण का सबसे प्रमुख कारण (20 से 40 प्रतिशत) पंजाब के क्षेत्र में पराली का दहन है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.iqair.com/world-air-quality-report

Linkedin Opportunity Index , 2021

प्रश्न-मार्च, 2021 में जारी हुई लिंक्डइन अपॉर्च्युनि इंडेक्स, 2021 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करे-

(1) इस सूचकांक के माध्यम से भारत में महिलाओं के अवसरों की स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

(2) इस सूचकांक के अनुसार, भारत में लगभग 85 प्रतिशत महिलाएं लिंगभेद के कारण वृद्धि एवं पदोन्नति से वंचित हो गई है।

(3) इस सूचकांक के तहत भारत में पुरुषों एवं महिलाओं के लिए बाजार में उपलब्ध अवसरों की धारण में अंतर को दर्शाया गया है।

(4) इस सूचकांक के अनुसार 10 में से सात कामकाजी महिलाएं (71%) तथा कामकाजी माताएं (77%) पारिवारिक जिम्मेदारी के कारण अपने कॅरियर से वंचित हो जाती हैं।

उपर्युक्त दिए गये कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करे-

(a) 1 एवं 2 (b) 1, 2 एवं 3 (c) 2, 3 एवं 4 (d) 1, 2, 3 एवं 4

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में जारी हुई 'लिंक्डइन अपॉर्च्युनिटी इन्डेक्स' (linked in opportunity index), 2021 में भारत में महिलाओं के अवसरों की स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

- इस सूचकांक के माध्यम से यह दर्शाने का प्रयास किया गया है कि कोविड-19 महामारी के बीच भारत में कामकाजी महिलाओं के लिए लिंगभेद किस तरह से कॅरियर की प्रगति बाधक बन रहा है।
- इस सूचकांक के अनुसार, भारत में लगभग 85 प्रतिशत महिलाएं लिंगभेद के कारण वृद्धि और पदोन्नति (Raises and Promotions) से वंचित हो गई हैं।
- इस सूचकांक के अनुसार, भारत में 10 में से 9 महिलाएं (लगभग 89 प्रतिशत) नकारात्मक रूप से कोविड-19 महामारी से प्रभावित थी।
- इस सूचकांक के माध्यम से यह दर्शाया गया है कि भारत में 66 प्रतिशत लोगों को यह लगता है कि उनके माता-पिता के दौर की तुलना में लिंग समानता में सुधार हुआ है, परंतु भारतीय पेशेवर महिलाएं अभी भी एशिया-प्रशांत क्षेत्रों की तुलना में सबसे ज्यादा लैंगिंक पूर्वाग्रह का सामना करती हैं।
- इस सूचकांक के तहत भारत में पुरुषों एवं महिलाओं के लिए बाजार में उपलब्ध अवसरों की धारणा में अंतर को दर्शाया गया है।
- भारत की 37 प्रतिशत महिलाओं का कहना है कि उन्हें पुरुषों की तुलना में कम अवसर उपलब्ध होते हैं।
- इस सूचकांक के अनुसार, 37 प्रतिशत महिलाएं तथा 21 प्रतिशत पुरुषों का मानना है कि भारतीय महिलाओं को पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है।
- इस सूचकांक के अनुसार 10 में से 7 कामकाजी महिलाएं (71%) तथा कामकाजी माताएं (77%) पारिवारिक जिम्मेदारी के कारण अपने कॅरियर से वंचित हो जाती हैं।
- इस सूचकांक में महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों ने भी माना है कि वे नौकरी से संबंधित तीन विषयों पर बेहद ध्यान देते हैं-नौकरी की सुरक्षा (Job Security), पसंद का काम (a Job That They love) एवं अच्छे काम के बीच जीवन में संतुलन।
- लेकिन समान लक्ष्य होने के बावजूद 63 प्रतिशत महिलाओं को मानना है कि पुरुषों की तुलना में जीवन में आगे बढ़ने के लिए व्यक्ति लिंग बहुत महत्वपूर्ण है।
- इस सूचकांक के अनुसार, 10 में से 7 से अधिक कार्यरत महिलाएं (लगभग 71 प्रतिशत) तथा कामकाजी माताओं (77 प्रतिशत) को लगता है कि पारिवारिक जिम्मेदारियों का प्रबंधन अक्सर उनके कॅरियर के विकास में बाधा डालता है।
- वास्तव में लगभग दो-तिहाई कामकाजी महिलाओं (63 प्रतिशत) तथा कामकाजी माताओं (69 प्रतिशत) का मानना है कि उन्हें पारिवारिक एवं घरेलू जिम्मेदारियों के कारण काम में भेदभाव का सामना करना पड़ा है।

- भारत में कामकाजी महिलाओं के कॅरियर के विकास में आवश्यक पेशेवर कौशल विकास की कमी तथा मार्गदर्शन का अभाव प्रमुख रूप से बाधक है।
- भारत में कामकाजी महिलाओं के लिए नौकरी की सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। इसके लिए महिला प्रतिभाओं को आकर्षित करने, इसके लिए काम पर रखने तथा बनाए रखने हेतु विभिन्न संगठनों को लचीले शेड्यूल तथा सीखने के नये अवसर उपलब्ध कराना बेहद आवश्यक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/jobs/85-of-women-in-india-have-missed-out-on-a-raise-promotion-because-of-their-gender-linkedin-opportunity-index-2021-7210783

स्टेट ऑफ इंडियाज (India's) एन्वायरनमेंट रिपोर्ट, 2021

प्रश्न-फरवरी, 2021 में जारी हुई 'स्टेट ऑफ इंडियाज एन्वायरनमेंट रिपोर्ट, 2021' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करे-

(1) इस रिपोर्ट का प्रकाशन 'संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम' द्वारा किया गया है।

(2) इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में 375 मिलियन बच्चों में 'पैंडेमिक जनरेशन' का प्रभाव देखा जा सकता है।

(3) 'पैंडेमिक जनरेशन' के फलस्वरूप इन बच्चों में कम वजन से लेकर स्टंटिंग तथा शिक्षा और कार्य उत्पादकता में कमी के चलते बाल मृत्यु दर में वृद्धि हुई है।

(4) कोविड-19 महामारी के परिणामस्वरूप वैश्विक सतर पर 300 मिलियन से अधिक बच्चों को स्कूल से बाहर कर दिया गया है, जिसमें से एक-तिहाई भारत में है।

उपर्युक्त दिए गये कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करे-

(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3 (c) 3 एवं 4 (d) 1 एवं 4

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 25 फरवरी, 2021 को 'डाउन टू अर्थ' (Down to Earth) पत्रिका के सहयोग से 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट' (Centre for Science and Environonment) द्वारा 'स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरनमेंट रिपोर्ट (State of India's Environment Report), 2021 को जारी किया गया है।
- इस रिपोर्ट के माध्यम से कोविड-19 महामारी का दुनिया भर के बच्चों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में मूल्यांकन किया गया है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार देश में 375 मिलियन बच्चों (नवजात शिशुओं से लेकर 14 वर्ष तक के बच्चों तक) में पैंडेमिक जनरेशन (Pandemic Generation) का प्रभाव देखा जा सकता है।

- इसके परिणाम स्वरूप इन बच्चों में कम वजन (Under Weight) से लेकर स्टंटिंग (Stunting) तथा शिक्षा और कार्य उत्पादकता में कमी के चलते बाल मृत्यु दर (Child Mortality) में वृद्धि हुई है।
- कोविड-19 महामारी के परिणामस्वरूप वैश्विक स्तर पर 500 मिलियन से अधिक बच्चों को स्कूल से बाहर कर दिया है, जिनमें आधे से अधिक भारत में हैं।
- कोविड-19 महामारी ने विश्व के गरीबों को और अधिक गरीब बना दिया है। इस महामारी के चलते 115 मिलियन से अधिक लोग अत्यधिक गरीबी की चपेट में आ सकते हैं, जिनमें से अधिकांश दक्षिण एशिया में रहते हैं।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2019 में वायु प्रदूषण के कारण 1.67 मिलियन भारतीय व्यक्ति की मृत्यु हुई है, जिसकी आर्थिक लगात 36 हजार मिलियन अमेरिका डॉलर के लगभग थी जो भारत की जीडीपी के 1.36 प्रतिशत के बराबर है।
- वर्ष 2025 तक भारत में लगभग 20 मिलियन से ज्यादा वाहन अपने निर्धारित समय सीमा की अवधि को पूर्ण करने के करीब होंगे। ये सभी प्रदूषण में वृद्धि के साथ-साथ पर्यावरण को नुकसान पहुचाएंगे।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत के सभी ग्रामीण परिवारों में पीने योग्य जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य पूर्ण नहीं हो सका है जिसके लिए अतीत (Past) में निर्धारित 11 समय सीमाएं समाप्त हो चुकी हैं।
- भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया जल जीवन मिशन जिसके तहत वर्ष 2024 तक सभी ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य प्राप्त करने में टिकाऊ जल स्रोत जैसे भूजल का पुर्नभरण एवं रेनवाटर हार्वेस्टिंग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- ध्यातव्य है कि वर्ष 2014-15 से मनरेगा का औसतन 34 प्रतिशत फंड को जल संबंधी कार्यों पर व्यय किया गया है, जिससे आधा मिलियन गांवों में लगभग 11 मिलियन संपत्ति का सृजन हुआ है।
- आम धारणा के विपरीत भारत की नदियों के जल की गुणवत्ता में लॉकडाउन के दौरान कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है। भारत की 19 प्रमुख नदियों में से 5 नदियों (गंगा को सम्मिलित करते हुए) में कोविड-19 के दौरान प्रदूषित जल का बहाव देखा गया।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2009 से 2018 के मध्य भारत में वायु, जल तथा भूमि प्रदूषण के स्तर में वृद्धि हुई है।
- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (Central Pollution Control board) के अनुसार, देश के 88 प्रमुख औद्योगिक कलस्टरों में से 35 में समग्र पर्यावरणीय गिरावट, 33 में वायु गुणवत्ता का बिगड़ता स्तर, 45 में जल प्रदूषण तथा 17 में भूमि प्रदूषण के बढ़ते स्तर को चिह्नित किया गया है।

- इस रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र का तारापुर सबसे ज्यादा प्रदूषित कलस्टर के रूप में उभरा है।
- यह डेटा स्पष्ट रूप से उन क्षेत्रों में भी प्रदूषण को नियंत्रित करने और कम करने के लिए कार्रवाई की कमी को इंगित करता है, जो पहले से ही गंभीर रूप से प्रदूषण (Polluted) के रूप में पहचाने गये हैं।
- सतत विकास के मामले में भारत (सतत विकास लक्ष्य सूचकांक 2020 में विश्व के कुल 192 देशों में 117वें स्थान पर रहा है, जो पाकिस्तान को छोड़कर सभी दक्षिण एशियाई देशों में सबसे पीछे है।
- सतत विकास लक्ष्यों के संदर्भ में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 5 राज्यों में केरल, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु तथा तेलंगाना सम्मिलित हैं।
- जबकि सतत विकास लक्ष्यों के संदर्भ में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों में बिहार, झारखंड, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय तथा उत्तर प्रदेश सम्मिलित हैं।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, सर्वविदित तथ्य यह है कि भारत के वनस्पतियों एवं जीव-जंतुओं (Flora and Fauna) का जीवन खतरे में है।
- ध्यातव्य है कि पौधों की 438 प्रजातियां जिसके अंतर्गत खाद्य फसलों सहित फूलों-पौधों की 95 प्रतिशत सम्मिलित है) तथा 889 कशेरूकी एवं अकशेरूकी जीवों का जीवन संकटग्रस्त है।
- भारत में पर्यावरण से जुड़े अपराधों के मामले बढ़ते जा रहे हैं तथा उनका निस्तारण बहुत धीमी गति से हो रहा है। वर्ष 2019 में पर्यावरण से जुड़े 34671 अपराधिक मामले दर्ज किए गये हैं तथा 49877 मामले अभी विचाराधीन हैं।
- ध्यातव्य है कि बैकलॉग मामलों को एक वर्ष के भीतर समाप्त करने के लिए अदालतों को एक दिन में 137 मुकदमों का निस्तारण करना होगा।
- यह रिपोर्ट भारत के कुल वन आच्छादित क्षेत्र में 5188 वर्ग किमी. की वृद्धि (2017 से 2019 तक) पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है।
- इसके तहत भारत के वन सर्वेक्षण विभाग ने हाइवे के किनारे स्थित बागों (orchards) तथा पेड़-पौधों को भी बन एवं वृक्ष आच्छादित क्षेत्र में शामिल कर लिया हैं।
- इस रिपोर्ट में भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत बाघों के आकड़ों पर भी भ्रम की स्थिति है। भारत सरकार द्वारा जारी नवीनतम बाघ जनगणना में 714 बाघों को सम्मिलित किया गया है लेकिन पिछले 4 वर्षों के दौरान बाघों द्वारा आच्छादित क्षेत्रफल में 17 हजार किमी. से अधिक की कमी आई है।
- ध्यातव्य है कि 29 जुलाई, 2020 को प्रस्तुत चतुर्थ भारतीय बाघ गणना रिपोर्ट 2018 के अनुसार भारत में वर्ष 2014 में 2226 बाघ थे जो 2018 में बढ़कर 2967 (741 की वृद्धि) हो गये हैं।

- वन भूमि का कटाव बेरोकटोक जारी है। वर्ष 2019 में 22 राज्यों के द्वारा 11 हजार से अधिक वन भूमि का कटाव किया गया है।
- वन भूमि के 19614 हेक्टेयर निषिद्ध क्षेत्रों (No-Go areas) में 8 कोयला परियोजनाओं की अनुमति प्रदान की गई है, जिसके फलस्वरूप 1 मिलियन से अधिक पेड़ों के कटाव के साथ-साथ 10 हजार परिवारों को बेदखल कर दिया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cseindia.org/the-pandemic-will-leave-375-million-children-with-long-lasting-health-and-economic-10703

मिलिट्री डायरेक्ट द्वारा जारी 'अल्टीमेट मिलिट्री स्ट्रेन्थ इंडेक्स' रिपोर्ट

प्रश्न-मार्च, 2021 में मिलिट्री डायरेक्ट द्वारा जारी 'अल्टीमेट मिलिट्री स्ट्रेन्थ इंडेक्स' रिपोर्ट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

(1) वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक मजबूत सैन्य शक्ति के मामले में चीन प्रथम स्थान पर है।

(2) वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक मजबूत सैन्य शक्ति के मामले में भारत की रैंक 6वीं है।

(3) वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक सैन्य बजट अमेरिकी सेना का है, जो 732 बिलियन डॉलर है।

(4) कुल वायु सैन्य क्षमता के दृष्टिकोण से भारत की रैंक 11वीं है।

उपर्युक्त दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3 (c) 3 एवं 4 (d) 1 एवं 3

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 21 मार्च, 2021 को डिफेंस वेबसाइट मिलिट्री डायरेक्ट द्वारा विश्व की शीर्ष मजबूत सेना (Strongest Army) से संबंधित रिपोर्ट का प्रकाशन किया गया है।
- मिलिट्री डायरेक्ट द्वारा जारी इस रिपोर्ट के अनुसार, विश्व की सर्वाधिक मजबूत सैन्य शक्ति के क्रम में शीर्ष स्थान पर चीन है, जबकि इस संदर्भ में भारत की रैंक चौथी है।
- वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक मजबूत सैन्य शक्ति के मामले में शीर्ष 5 देश इस प्रकार है-1. चीन (स्कोर 82) 2. अमेरिका (स्कोर 74) 3. रूसी संघ (स्कोर 69) 4. भारत (स्कोर 61) 5. फ्रांस (स्कोर 58)
- इस सूचकांक में मजबूत सैन्य शक्ति के मामले शामिल अन्य शीर्ष देश इस प्रकार है-सऊदी अरब (6वें), दक्षिण कोरिया (7वें), जापान (8वें) यूनाइटेड किंगडम (9वें) तथा जर्मनी (10वें)।

- ध्यातव्य है कि इस रिपोर्ट की गणना सैन्य बजट, सक्रिय एवं निष्क्रिय सैन्य कर्मियों की संख्या, कुल वायु सेना, थल सेना, नौ सेना (Sea Military), परमाणु क्षमता, उपकरणों जैसे विभिन्न कारकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर सभी देशों की सेनाओं की तुलना में अमेरिकी सेना का बजट सर्वाधिक है। इस संदर्भ में अमेरिकी सेना का बजट 732 बिलियन डॉलर वार्षिक है।
- इस संदर्भ में चीन की सेना का बजट 261 बिलियन डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि भारत इस सूची में 71 बिलियन डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर है।
- इस सूची में शामिल सैन्य बजट के मामले में शीर्ष देशों में रूसी संघ 65.1 बिलियन डॉलर के साथ चौथे एवं सऊदी अरब 61.9 बिलियन डॉलर के साथ पांचवें स्थान पर है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार कुल वायु शक्ति (Total Air Power) क्षमता के दृष्टिकोण से अमेरिका (14141) शीर्ष सथान पर है, जबकि इस संदर्भ में रूसी संघ (4682) दूसरे एवं चीन (3587) तीसरे स्थान पर स्थित है।
- कुल वायु सैन्य क्षमता के दृष्टिकोण से भारत (2156) इस संदर्भ में चौथे स्थान पर स्थित है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार कुल थल शक्ति (Total Land Power) क्षमता के दृष्टिकोण से रूसी संघ (54866) शीर्ष स्थान पर स्थित है, जबकि इस संदर्भ में अमेरिका (50326) दूसरे एवं चीन (41641) तीसरे स्थान पर स्थित है।
- कुल थल सैन्य क्षमता के दृष्टिकोण से भारत (9255) इस संदर्भ में 6 वें स्थान पर स्थित है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार कुल नौशक्ति (Total Naval Power) के दृष्टि कोण से चीन (406) शीर्ष स्थान पर स्थित है, जबकि इस संदर्भ में रूसी संघ (278) दूसरे व अमेरिका (202) तीसरे स्थान पर है।
- इस संदर्भ में कुल नौ सैन्य क्षमता के दृष्टिकोण से भारत (202) चौथे स्थान पर स्थित है।
- ध्यातव्य है कि इस रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका वायु सेना, रूसी संघ थल सेना तथा चीन नौ सेना के क्षेत्र में शीर्ष ताकतवर देश है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार परमाणु क्षमता के दृष्टिकोण से रूसी संघ (6375 परमाणु हथियार) शीर्ष स्थान पर स्थित है, जबकि अमेरिका (5800 परमाणु हथियार) दूसरे एवं चीन (320) तीसरे स्थान पर स्थित है।
- इस संदर्भ में कुल परमाणु क्षमता के दृष्टिकोण से भारत (150 परमाणु हथियार) 6वें स्थान पर है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर सबसे अच्छा वेतन कनाडा के द्वारा सैनिकों को दिया जाता है। इस संदर्भ में उसका स्कोर 26 है। जबकि फ्रांस दूसरे तथा यूनाइटेड किंगडम तीसरे क्रम पर है।

- इस संदर्भ में सैनिकों को सबसे अच्छा वेतन प्रदान करने के दृष्टिकोण से भारत की रैंक 11वीं है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब के पास युद्ध के लिए उपलब्ध सक्रिय सैनिकों का सबसे ज्यादा प्रतिशत है, जिनमें से 95 प्रतिशत किसी भी समय, किसी भी स्थान पर जाने तेतु तैयार हैं। इस संदर्भ में जर्मनी (86%) दूसरे व जापान (78 प्रतिशत) के साथ तीसरे स्थान पर है।
- इस संदर्भ में युद्ध के लिए उपलब्ध सक्रिय सैनिकों के मामले में भारत (27 प्रतिशत) की रैंक 11 वीं हैं।
- ध्यातव्य है कि मिलिट्री डायरेक्ट द्वारा जारी यह रिपोर्ट विभिन्न सैन्य रिपोर्ट, डेटाबेस तथा फोर्स क्षमताओं पर समाचार रिपोर्ट के आधार पर तैयार की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/current-affairs/india-has-world-s-fourth-strongest-armed-forces-military-direct-s-study-121032100161_1.html

ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स एवं म्युनिसिपल परफॉर्मेंस इंडेक्स, 2020

प्रश्न-4 मार्च, 2021 को केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स और म्युनिसिपल परफॉर्मेंस इंडेक्स, 2020 जारी किया गया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स, 2020 (10 लाख से अधिक आबादी वाली श्रेणी) में बंगलुरू को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।

(ii) म्युनिसिपल परफॉर्मेंस इंडेक्स, 2020 (10 लाख से अधिक आबादी वाली श्रेणी) में इंदौर को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।

(iii) म्युनिसिपल परफॉर्मेंस इंडेक्स, 2020 (10 लाख से कम आबादी वाली श्रेणी) में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (NDMC) को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है?

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 4 मार्च, 2021 को केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स (Ease of Living Index), 2020 तथा म्युनिसिपल परफॉर्मेंस इंडेक्स (Municipal Performance Index), 2020 जारी किया गया।

- ईओएलआई-2020 की उन शहरों के लिए घोषणा की गई जिनकी जनसंख्या दस से अधिक और दस लाख से कम है।वर्ष 2020 में आयोजित मूल्यांकन प्रक्रिया में 111 शहरों ने भाग लिया।
- विश्लेषण में इन शहरों को 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों और 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों और 10 लाख से कम आबादी वाले शहरों के रूप में स्मार्ट सिटी कार्यक्रम के तहत सभी शहरों के साथ श्रेणीबद्ध किया गया है।
- ईओएलआई-2020 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 5 शहर है-

1. 1.बंगलुरू, 2.पुणे, 3.अहमदाबाद, 4. चेन्नई, 5.सूरत

- डेक्स में इस श्रेणी में उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों में लखनऊ, वाराणसी, कानपुर तथा प्रयागराज क्रमश: 26,27,28 तथा 32वें स्थान पर रहे।
- ईओएलआई, 2020 में 10 लाख से कम आबादी वाले श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 5 शहर हैं-

(i) 1.शिमला, 2.भुवनेश्वर, 3.सिल्वासा, 4. काकीनाडा तथा 5.सलेम।

- म्युनिसिपल परफॉर्मेंस इंडेक्स (MPI), 2020 द्वारा 111 नगरपालिकाओं (दिल्ली का अलग से NDMC और 3 नगर निगमों के लिए मूल्यांकन किया गया) की 5 वर्टिकलों में क्षेत्रवार किए गए प्रदर्शन की जांच की गई।
- इन 5 वर्टिकलों में कुल मिलाकर, 20 वर्टिकलों में कुल मिलाकर 20 क्षेत्र और 100 संकेतक शामिल हैं।
- एमपीआई के तहत 5 वर्टिकल हैं-सेवाएं, वित्त, नीति, प्रौद्योगिकी और शासन।
- एमपीआई को ईएलआई के सहायक के रूप में लांच किया गया था।
- यह सेवाओं वित्त, नीति प्रौद्योगिकी और शासन के सभी क्षेत्रों में नगरपालिकाओं में स्थानीय शासन प्रणाली की जांच करता है।
- एमपीआई, 2020 (दस लाख से अधिक आबादी की श्रेणी में) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 5 नगरपालिका- 1. इंदौर, 2. सूरत, 3. भोपाल, 4. पिंपरी चिंचवाड़ 5. पुणे
- एमपीआई, 2020 (दस लाख से कम आबादी की श्रेणी में) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 5 नगरपालिका

(ii) 1.नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, 2. तिरुपति, 3. गांधीनगर, 4. करनाल 5. सलेम।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1702417

हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट-2021

प्रश्न-2 मार्च, 2021 को जारी हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट-2021 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इस वर्ष इस सूची में रिकॉर्ड 3,228 अरबपतियों को शामिल किया गया है।

(ii) इस सूची में एलन मस्क को शीर्ष स्थान हुआ।

(iii) मुकेश अंबानी शीर्ष 10 में शामिल (8वां स्थान) होने वाले एक मात्र भारतीय हैं।

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 2 मार्च, 2021 को हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट (Hurun Global Rich List), 2021 का दूसरा संस्करण जारी हुआ।
- इस सूची में कुल 3,228 अरबपतियों को शामिल किया गया है।
- इस वर्ष 412 नए अरबपति इस सूची में शामिल हुए।
- इस सूची में टेस्ला के एनल मस्क 197 बिलियन यूएस डॉलर की संपत्ति के साथ शीर्ष पर रहे।
- इसके पश्चात अमेजन के जेफ बेजोस 189 बिलियन यूएस डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जो गत वर्ष शीर्ष स्थान पर थे।
- फ्रांस की LVMHकंपनी के बर्नार्ड अरनॉल्ड 114 बिलियन यूएस डॉलर की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर थे।
- माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स 110 बिलियन यूएस डॉलर की संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर रहे।
- फेसबुक के मार्कजुकरबर्ग 101 बिलियन यूएस डॉलर की संपत्ति के साथ पांचवें स्थान पर रहे।
- सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी 83 बिलियन यूएस डॉलर की संपत्ति के साथ 8 वें स्थान पर रहे।
- मुकेश अंबानी शीर्ष 10 में शामिल होने वाले एक मात्र भारतीय अरबपति हैं।
- इसके अलावा, गौतम अडानी एंड फेमिली 32 बिलियन यूएस डॉलर की संपत्ति के साथ 48 वें स्थान तथा शिव नाडार एंड फेमिली 27 बिलियन यूएस डॉलर की संपत्ति के साथ 58 वें स्थान पर रहते हुए इस सूची में शीर्ष 100 में शामिल हैं।
- इसके अनुसार, विश्व में सर्वाधिक 1058 अरबपति चीन में हैं।
- इसके बाद 696 अरबपतियों के साथ दूसरे अमेरिका स्थान पर है।
- जबकि भारत 177 अरबपतियों के साथ तीसरे स्थान पर है।
- इसके अनुसार, एशिया में सर्वाधिक 1653 अरबपति हैं।

- जबकि उत्तरी अमेरिका में 759 अरबपति तथा यूरोप में 660 अरबपति रहते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hurun.net/en-US/Info/Detail?num=LWAS8B997XUP

विश्व की सर्वाधिक सुरक्षित/खतरनाक सड़कें

प्रश्न-हाल ही में 'जुतोबी' द्वारा विश्व के सबसे सुरक्षित/खतरनाक सड़कों से संबंधित रिपोर्ट जारी किए गए। रिपोर्ट से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

(1) इस रिपोर्ट के तहत 142 देशों को सम्मिलित किया गया है।

(2) जुतोबी द्वारा जारी इस रिपोर्ट में सबसे खतरनाक सड़कों के मामले में दक्षिण अफ्रीका शीर्ष स्थान पर है।

(3) इस सूची में भारत की रैंक दूसरी है।

(4) जुतोबी द्वारा जारी यह आंकड़े विश्व स्वास्थ्य संगठन के 'ग्लोबल हेल्थ ऑब्जर्वेटरी' के आंकड़ों पर आधारित हैं।

उपर्युक्त दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3 (c) 3 एवं 4 (d) 2 एवं 4

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- हाल ही में इंटरनेशनल ड्राइवर एजूकेशन कंपनी जुतोबी (Zutobi) द्वारा विश्व के सबसे खतरनाक सड़कों वाले देशों से संबंधित रिपोर्ट का प्रकाशन किया गया।
- इस रिपोर्ट में56 देशों को सम्मिलित किया गया है।
- जुतोबी द्वारा जारी इस रिपोर्ट में, वैश्विक स्तर पर सबसे खतरनाक सड़कों के मामले में दक्षिण अफ्रीका शीर्ष स्थान पर है।
- सूची में दूसरे स्थान पर थाईलैंड तथा तीसरे स्थान पर संयुक्त राज्य अमेरिका है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर खतरनाक सड़कों की रैंकिंग के संदर्भ में भारत का स्थान चौथा है।
- उक्त रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर सबसे सुरक्षित सड़कों के मामले में 'नॉर्वे' प्रथम स्थान पर है, जबकि 'जापान' द्वितीय तथा 'स्वीडन' तीसरे स्थान पर है।
- जुतोबी द्वारा सभी देशों का विश्लेषण पांच तथ्यों के आधार पर किया गया। प्रत्येक देश को सभी तथ्यों के लिए 10 में से पहले सामान्य अंक प्रदान किए गए तथा बाद में सभी 5 तथ्यों के आधार पर अंतिम अंक का औसत निकाला गया।

- इन तथ्यों के आधार पर प्रत्येक 1 लाख जनसंख्या पर सड़कों पर होने वाली मौतों का कारण, वाहन की अगली सीट पर बैठे लोगों द्वारा सीट बेल्टन पहनने तथा शराब की वजह से होने वाली दुर्घटना से मौत जैसे तथ्यों को शामिल किया गया है।
- ध्यातव्य है कि उक्त आंकड़े विश्व स्वास्थ्य संगठन के 'ग्लोबल हेल्थ ऑब्जर्वेटरी' (Global Health Observatory) के आंकड़ों पर आधारित हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/current-affairs/south-africa-has-world-s-most-dangerous-roads-india-in-fourth-place-study-121031900099_1.html#:~:text=%C2%ABBack-,South%20Africa%20has%20world's%20most%20dangerous,India%20in%20fourth%20place%3A%20Study&text=South%20Africa%20has%20been%20ranked,international%20driver%20education%20company%20Zutobi.

'यूनेस्को' जलसंरक्षण कार्यक्रम के लिए (WSO India) में शामिल

प्रश्न-हाल ही में छात्रों हेतु जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम 'WSO INDIA' तथा Toonz Media Group' में यूनेस्को शामिल हुआ।इससे संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

(1) इस कार्यक्रम के तहत विश्व जल दिवस के अवसर पर छात्रों द्वारा बनाए गए एनीमेशन वीडियो का अनावरण किया।

(2) इस कार्यक्रम का अनावरण H200h1के एक भाग के रूप में किया जाएगा।

(3) इस कार्यक्रम का आयोजन नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा WSO India वॉटर डाइजेस्ट मैगजीन तथा Toonz मीडिया ग्रुप द्वारा किया जाएगा।

(4) इस कार्यक्रम के तहत 8-16 वर्ष तक के बच्चों को शामिल किया गया है।

उपर्युक्त दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करें-।

(a) 1 एवं 2 (b) 1, 2एवं 3 (c) 2, 3एवं 4 (d) 1, 2, 3एवं 4

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- मार्च,2021 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) छात्रों के लिए जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम में 'WSO INDIA' तथा'Toonz Media Group' में शामिल हुआ है।
- इसके तहत 'विश्व जल दिवस' के अवसर पर 22 मार्च, 2021 को जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत छात्रों द्वारा बनाए गए एनीमेशन वीडियो का अनावरण किया जाएगा।
- इसका अनावरण Hz000oh! के एक भाग के रूप में किया जाएगा।

- छात्रों हेतु क्रियान्वित यह जल संरक्षण कार्यक्रम 'नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा, यूनाइटेड स्कूल्स ऑर्गनाइजेशन इंडिया (WSO INDIA), वाटर डाइजेस्ट मैगजीन तथा टूंज मीडिया ग्रुप द्वारा आयोजित किया जाएगा।
- यह कार्यक्रम 6-14 आयु वर्ग के स्कूली छात्रों को भारत में बढ़ते जल संकट के संबंध में एनीमेशन लघु फिल्म के कहानी के विचारों के संबंध में जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित करता है।
- इस कार्यक्रम के तहत Toonz मीडिया ग्रुप द्वारा 93 छात्रों को (जिनमें 8 दिव्यांग छात्र भी शामिल है) प्रशिक्षण हेतु चुना गया है।
- इस कार्यक्रम के तहत देशभर के 43 स्कूलों के 17 हजार छात्रों को सम्मिलित किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/news/unesco-teams-up-with-toonz-media-uso-india-for-water-conservation-programme/article34105921.ece

समुद्री स्थानिक योजना

प्रश्न-मार्च, 2021 में भारत और नॉर्वे ने समुद्रीय स्थानिक योजना के क्षेत्र में संयुक्त रूप से काम करने पर सहमति व्यक्त की। इस योजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) दोनों देशों ने 5वर्षों के लिए समुद्री स्थानिक योजना के क्षेत्र में काम करने हेतु सहमति व्यक्त की है।

(b) यह वर्ष 2020 में दोनों देशों के बीच हुए समझौता-ज्ञापन के तहत भारत-नॉर्वे एकीकृत महासागर पहल का हिस्सा है।

(c) परियोजना हेतु पायलट स्थलों के रूप में लक्षद्वीप और पुडुचेरी की पहचान की गई है जहां समुद्री स्थानिक योजना संचालित की जाएगी।

(d) समुद्री स्थानिक योजना के रूप में जाने वाली इस पहल को भारत में तटीय अनुसंधान केंद्र (एनसीसीआर) के माध्यम से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय लागू करेगा।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में भारत और नॉर्वे ने अगले 5 वर्षों के लिए समुद्री स्थानिक योजना के क्षेत्र में संयुक्त रूप से काम करने पर सहमति व्यक्त की है।
- इस संबंध में पहली परियोजना संचालन समिति की बैठक में दोनों देशों द्वारा एक योजना तैयार की गई है, जिससे ऊर्जा, परिवहन, मत्स्य पालन, जलीय कृषि, पर्यटन आदि क्षेत्रों में मानवीय गतिविधियां कुशल, सुरक्षित और टिकाऊ तरीके से संचालित की जा सकें।

- वर्ष वर्ष 2019 में दोनों देशों के बीच हुए समझौता-ज्ञापन के तहत भारत-नॉर्वे एकीकृत महासागर पहल का हिस्सा है।
- परियोजना हेतु पायलट स्थलों के रूप में लक्षद्वीप और पुडुचेरी की पहचान की गई है, जहां समुद्रीय स्थानिक योजना संचालित की जाएगी।
- समुद्री स्थानिक योजना (एमएसपी) के नाम से ज्ञात इस पहल को भारत में तटीय अनुसंधान केंद्र (एनसीसीआर) के माध्यम से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय लागू करेगा।
- प्रारंभिक चरण में तटीय अनुसंधान केंद्र (एनसीसीआर) पुडुचेरी और लक्षद्वीप के लिए समुद्रीय स्थानिक योजना की रूपरेखा तैयार करेगा।
- अध्ययन और योजना निर्माण में भारत सरकार का प्रारंभिक निवेश लगभग 8-10 करोड़ प्रतिवर्ष अनुमानित है।
- विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा समुद्री स्थानिक योजना (एमएसपी) के संचालन में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय को समर्थन देने में रुचि व्यक्त की गई है।
- एमएसपी पहल को विदेश मंत्रालय, नॉर्वे के माध्यम से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और नॉर्वे की पर्यावरण एजेंसी द्वारा लागू किया जाएगा।
- इससे पूर्व एनसीसीआर ने चेन्नई, गोवा और कच्छ की खाड़ी के लिए तटीय प्रबंधन योजना विकसित की थी, जो बहुत सफल साबित हुई है।
- ज्ञातव्य है कि भारत सरकार के 2030 न्यू इंडिया विजन के तहत विकास के 10 आयामों में नीली अर्थव्यवस्था को एक प्रमुख आयाम माना गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/News?title=India%2C-Norway-to-jointly-work-in-marine-spatial-planning-for-next-5-yrs&id=411036

ईरान-रूस समुद्री सुरक्षा बेल्ट 2021

प्रश्न-17-18 फरवरी, 2021 के मध्य नौसैनिक अभ्यास ईरान-रूस समुद्रीय सुरक्षा बेल्ट, 2021 कहां आयोजित किया गया?

(a) बंगाल की खाड़ी में (b) अरब सागर में

(c) हिंद महासागर के उत्तरी भाग में (d) फारस की खाड़ी में

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 17-18 फरवरी, 2021 को नौसैनिक अभ्यास ईरान-रूस समुद्री सुरक्षा बेल्ट, 2021 हिंद महासागर के उत्तरी भाग में आयोजित हुआ।
- इस नौसैनिक अभ्यास में ईरान और रूस के साथ-साथ भारत ने भी भाग लिया।
- ईरानी सेना और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी कॉर्प्स दोनों की नौसेना डिवीजनों के बलों और जहाजों ने ड्रिल में भाग लिया।
- ड्रिल में 17000 वर्ग किमी. (6500 मील) के क्षेत्र को कवर किया गया।
- इस नौसैनिक अभ्यास में अपहृत जहाजों को आजाद कराने, पाइरेसी ऑपरेशन और खोज एवं बचाव कार्यों सहित कई गतिविधियों को संचालित किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/defence/reports-of-indian-navy-part-of-iran-russia-maritime-drill-false/articleshow/81089728.cms?from=mdr

वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, 2021

प्रश्न-30 मार्च, 2021 को विश्व आर्थिक मंच द्वारा वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट जारी की गई। इससे सम्बंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिये -

(i) इस रिपोर्ट के अंतर्गत जारी वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक में १५६ देशों को शामिल किया गया है।

(ii) इस सूचकांक में आइसलैंड को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।

(iii) भारत इस सूचकांक में १४०वें स्थान पर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii)

(c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 30 मार्च, 2021 को विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट (Global Gender Gap Report), 2020 जारी की गई।
- इस रिपोर्ट के अंतर्गत जारी वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक में 156 देशों को शामिल किया गया है।
- यह सूचकांक 4 क्षेत्रों में लैंगिक अंतराल का परीक्षण करता है। यह निम्नलिखित हैं-

(i) आर्थिक भागीदारी और अवसर (Economic Participation and Opportuntiy)।
(ii) शैक्षणिक उपलब्धियां (Educational Attainment)।
(iii) स्वास्थ्य एवं उत्तरजीविता (Health and Survival)।
(iv) राजनीतिक सशक्तीकरण (Political Empowerment)।

- यह सूचकांक 0 से 1 के मध्य विस्तारित है।
- इसमें 1 का अर्थ पूर्ण लैंगिक समानता तथा 0 का अर्थ पूर्ण लैंगिक असमानता है।
- इस सूचकांक में आइसलैंड को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात फिनलैंड को दूसरा, नॉर्वे को तीसरा, न्यूजीलैंड को चौथा तथा स्वीडन को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है।इस सूचकांक में निचले क्रम के पांच देश हैं-अफगानिस्तान (156वां स्थान), यमन (155वां), इराक (154वां), पाकिस्तान (153वां), तथा सीरिया (152वां स्थान)।
- इस सूचकांक में भारत 0.625 स्कोर के साथ 140वें स्थान पर है।
- जबकि गत वर्ष भारत इस सूचकांक में 112वें स्थान पर था।
- सूचकांक में भारत के पड़ोसी देशों में बांग्लादेश को 65वां, नेपाल को 106वां, चीन को 107वां, श्रीलंका को 116वां, भूटान को 130वां तथा पाकिस्तान को 153वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- ब्रिक्स देशों में दक्षिण अफ्रीका 18वें, रूस 81वें, ब्राजील 93वें, चीन 107वें, तथा भारत 140वें स्थान पर रहा।इस सूचकांक में विश्व के अन्य विकसित देशों में जर्मनी 11वें , फ्रांस 16वें, यू.के. 23वें, कनाडा 24वें, यूएसए 30वें, तथा जापान 120वें स्थान पर है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www3.weforum.org/docs/WEF_GGGR_2021.pdf

आर्थिक परिदृश्य

सऊदी अरब में सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने हेतु एल एंड टी को ठेका

प्रश्न-अप्रैल, 2021 में लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) के बिजली पारेषण और वितरण कारोबार की नवीकरणीय ऊर्जा शाखा को सऊदी अरब के रियाद प्रांत में कितनी क्षमता की सौर उर्जा परियोजना स्थापित करने हेतु ठेका (अनुबंध) हासिल हुआ है?

(a) 0.5 गीगावॉट (b) 1.0 गीगावॉट (c) 1.5 गीगावॉट (d) 2.0 गीगावॉट

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- अप्रैल, 2021 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के बिजली पारेषण और वितरण कारोबार की नवीकरणीय ऊर्जा शाखा को सऊदी अरब के रियाद प्रांत में 1.5 गीगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने हेतु ठेका (अनुबंध) हासिल हुआ।
- यह ठेका (टर्नकी ईपीसी कॉन्ट्रैक्ट) उसे एसीडब्ल्यूए पॉवर एंड वॉटर एंड इलेक्ट्रिसिटी होल्डिंग कंपनी से प्राप्त हुआ है।बिजली खरीद समझौते के साथ परियोजना सऊदी अरब की सबसे बड़ी सौर परियोजना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/companies/lt-gets-nod-to-begin-construction-of-300mw-solar-plant-in-saudi-arabia/article34310543.ece

मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2020-21

प्रश्न-7 अप्रैल, 2021 को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति ने मौद्रिक नीति वक्तव्य 2020-21 जारी किया। इसके अनुसार, वर्ष 2021-22 में वास्तविक जीडीपी कितने प्रतिशत रहने का अनुमान है?

(a) 10.5 प्रतिशत (b) 6.5 प्रतिशत (c) 8.5 प्रतिशत (d) 9.5 प्रतिशत

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 7 अप्रैल, 2021 को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति ने मौद्रिक नीति वक्तव्य (Monetary Policy Statement), 2020-21 जारी किया।
- आरबीआई ने इसमें नीति दरों, आरक्षित नगदी अनुपात, निवल मांग एवं मियादी देयताओं को अपरिवर्तित रखा।
- इस मौद्रिक नीति में चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) के अंतर्गत रेपो दर में कोई परिवर्तन नहीं किया गया तथा इसे 4 प्रतिशत पर यथावत रखा गया है।
- चलनिधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत रिवर्स रेपो रेट 3.35 प्रतिशत तथा सीमांत स्थायी सुविधा दर (MSF) तथा बैंक दर 4.25 प्रतिशत है।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के सांविधिक चलनिधि अनुपात (CRR) 18 प्रतिशत है।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नकद आरक्षित अनुपात (CRR) को अपरिवर्तित रखते हुए इसे निवल मांग और मियादी देयताओं के 3 प्रतिशत पर यथावत रखा गया है।
- मार्च, 2021 के अंत में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 577 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।
- इसके अनुसार, वर्ष 2021-22 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 10.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/scripts/Annualpolicy.aspx

सेबी ने लगाया 25 करोड़ का जुर्माना

प्रश्न-अप्रैल, 2021 में सेबी ने किस भारतीय कंपनी पर 25 करोड़ का जुर्माना लगाया है?

(a) रिलायंस इंडस्ट्रीज (b) भारत पेट्रोलियम (c) टाटा स्टील (d) विप्रो ग्रुप्स

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- अप्रैल, 2021 में सेबी (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) ने रिलांयस कंपनी के मालिक अंबानी परिवार और फर्मों पर 25 करोड़ का जुर्माना लगाया है।
- सेबी (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) ने वर्ष 2000 में टेक ओवर कोड नियमों के उल्लंघन के लिए प्रवर्तक समूह से जुड़े अंबानी परिवार और फर्मों के ऊपर यह जुर्माना लगाया है।
- जुर्माना की राशि 25 करोड़ रु. संयुक्त रूप से उन 34 व्यक्तियों और संस्थाओं को चुकाना होगा, जिन्हें वर्ष 1994 में वारंट आवंटित किया गया था।
- जनवरी 2000 में, रिलायंस इंडस्ट्रीज में प्रमोटरों की हिस्सेदारी, 1994 में वारंट जारी करने के बाद 6.83 प्रतिशत बढ़ गई थी।
- सेबी (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) अधिनियम की धारा 15N (अक्टूबर, 2002 में संशोधित) के अनुसार 25 करोड़ का जुर्माना अधिकतम या विफलता से किए गए मुनाफे का तीन गुना है।
- सेबी, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम 1992, के प्रावधानों के तहत 12 अप्रैल, 1992 को स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
- अप्रैल, 1988 में भारत सरकार के प्रस्ताव के तहत सेबी का गठन भारत में पूंजी बाजार के नियामक के रूप में किया गया था।
- सेबी के मूल कार्यों में प्रतिभूतियों में निवेश करने वाले निवेशकों के हितों को संरक्षण, प्रतिभूति बाजार के विकास का उन्नयन करना तथा उसे विनियमित करना और उससे संबंधित या उसके आनुषांगिक विषयों का समाधान करना शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/business/sebi-slaps-rs-25-cr-fine-on-ambani-brothers-individuals-entities-in-a-two-decade-old-matter-7263242/

पवन और सौर परियोजनाओं में 2025 तक 9 बिलियन डॉलर का निवेश

प्रश्न-किस भारतीय कंपनी ने पवन और सौर परियोजनाओं में वर्ष 2025 तक 9 बिलियन डॉलर का निवेश करने का फैसला लिया है?

(a) टाटा स्टील (b) रिलायंस इंडस्ट्रीज (c) विप्रो (d) रि न्यू पॉवर लिमिटेड

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- अप्रैल, 2021 में अक्षय ऊर्जा उत्पादक कंपनी 'रि न्यू पॉवर लिमिटेड' ने पवन और सौर परियोजनाओं में वर्ष 2025 तक 9 बिलियन डॉलर का निवेश का फैसला लिया है।
- गोल्ड मैन सैच ग्रुप इंक और कनाडा पेंशन प्लान इनवेस्टमेंट बोर्ड जैसे निवेशकों द्वारा समर्पित कंपनी का लक्ष्य वर्ष 2025 तक अपनी नवीकरणीय बिजली क्षमता को 18.5 से अधिक करने का लक्ष्य है।
- गुरुग्राम स्थित कंपनी परियोजनाओं के निर्माण के साथ-साथ विकास के लिए अधिग्रहण पर भी ध्यान देगी।
- भारत, ग्रीन हाउस गैसों का तीसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक देश है, जिसका उद्देश्य कोयले पर बढ़ती निर्भरता को कम करना है।
- वर्ष 2030 तक लगभग 450 गीगावॉट तक अक्षय ऊर्जा क्षमता का विस्तार करना है तथा दशक के अंत तक 20 बिलियन डॉलर का निवेश उपलब्ध कराना है।
- 'रि न्यू पॉवर लिमिटेड' कंपनी अमेरिका स्थित ब्लैंक चेक कंपनी RMG एक्विजिशन कार्यों II के साथ विलय करने के लिए सहमति दे दी है, जिससे 610 मिलियन अमेरिकी डॉलर की आय प्राप्त होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://ieefa.org/indias-renew-power-plans-9-billion-investment-to-triple-green-energy-capacity-by-2025/

रतले पनबिजली परियोजना हेतु संयुक्त कंपनी

प्रश्न-16 मार्च, 2021 को जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने प्रस्तावित रतले पनबिजली परियोजना के निर्माण हेतु एक संयुक्त कंपनी बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। 850 मेगावॉट की यह परियोजना किस नदी पर निर्मित की जा रही है?

(a) झेलम नदी (b) चिनाब नदी (c) रावी नदी (d) सतलज नदी

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 16 मार्च, 2021 को जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने प्रस्तावित रतले पनबिजली परियोजना के निर्माण हेतु एक संयुक्त कंपनी बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।
- 850 मेगावॉट क्षमता की यह परियोजना किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर निर्मित की जा रही है।
- इस परियोजना पर 5,281.94 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है।
- कंपनी के गठन के करार पर जम्मू-कश्मीर प्रशासन, जेकेएसपीडीसीएल और केंद्रीय उपक्रम नेशनल हाइड्रोपावर कॉर्पोरेशन ने 3 जनवरी, 2021 को हस्ताक्षर किए थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1690419

हैंडीक्राफ्ट्स एंड हैडलूम्स एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

प्रश्न-16 मार्च, 2021 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हैंडीक्राफ्ट्स एंड हैंडलूम्स एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को बंद करने की मंजूरी प्रदान की। वर्ष 1958 में भारतीय हस्तशिल्प विकास निगम लिमिटेड के रूप में स्थापित इस कंपनी का नाम किस वर्ष बदलकर हैंडीक्राफ्ट्स एंड हैंडलूम्स एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड कर दिया गया?

(a) 1961 (b) 1962 (c) 1964 (d) 1968

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 16 मार्च, 2021 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हैंडीक्राफ्ट्स एंड हैंडलूम्स एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एचएचईसी) को बंद करने की मंजूरी प्रदान की।
- कॉपरेशन में 59 स्थायी कर्मचारी और 6 मैनेजमेंट प्रशिक्षु हैं।
- सभी स्थायी कर्मचारियों और मैनेजमेंट प्रशिक्षुओं को सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार स्वैच्छिक अवकाश प्राप्ति योजना (वीआरएस) का लाभ उठाने का अवसर प्रदान किया जाएगा।
- वित्त वर्ष 2015-16 से यह कॉरपोरेशन लगातार घाटे में चल रहा है और अपने संचालन खर्चों को पूरा करने के लिए पर्याप्त आय अर्जित नहीं कर पा रहा है।

- हैंडीक्राफ्ट्स एंड हैंडलूम्स एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड कपड़ा मंत्रालय के नियंत्रण में भारत सरकार का उपक्रम है।
- यह वर्ष 1958 में भारतीय हस्तशिल्प विकास निगम लिमिटेड के रूप में स्थापित किया गया था।
- वर्ष 1962 में इसका नाम बदलकर हैंडीक्राफ्ट्स एंड हैंडलूम्स एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड कर दिया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1705105#:~:text=The%20Union%20Cabinet%2C%20chaired%20by,of%20the%20Ministry%20of%20Textiles.

ईपीएफओ द्वारा वित्त वर्ष **2020-21** के लिए ब्याज दर की सिफारिश

प्रश्न-मार्च, 2021 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए कितनी वार्षिक ब्याज दर की सिफारिश की है?

(a) 6.5 प्रतिशत (b) 7.5 प्रतिशत (c) 8.5 प्रतिशत (d) 9.0 प्रतिशत

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 4 मार्च, 2021 को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 8.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर की सिफारिश की है।
- श्रीनगर में श्रम और रोजगार राज्यमंत्री संतोष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में हुई ईपीएफओ के केंद्रीय ट्रस्टी बोर्ड की 228वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया।
- वर्ष 2014 के बाद से ईपीएफओ लगातार 8.5 प्रतिशत या उससे अधिक दर से ब्याज प्रदान कर रहा है।
- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) ने अपने भविष्य निधि, पेंशन और बीमा सुविधाओं का विस्तार करते हुए भूतपूर्व जम्मू-कश्मीर भविष्य निधि अधिनियम के तहत आने वाले मौजूदा संस्थानों के कर्मचारियों को यह सुविधाएं देने का निर्णय किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1702437

दूसरा NCAER भूमि रिकॉर्ड और सेवा सूचकांक, N-LRSI 2020-2021

प्रश्न-4 मार्च, 2021 को दूसरा भूमि रिकॉर्ड और सेवा सूचकांक (N-LRSI) 2020-21 जारी किया गया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह सूचकांक नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च ने जारी किया है।

(b) मध्य प्रदेश लगातार दूसरे वर्ष इस सूचकांक में पहले स्थान पर है।

(c) पश्चिम बंगाल इस सूचकांक में दूसरे स्थान पर है।

(d) उत्तर प्रदेश इस सूचकांक में ग्याहरवें स्थान पर है।



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 4 मार्च, 2021 को नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीईआर) ने दूसरा भूमि रिकॉर्ड और सेवा सूचकांक (N-LRSI), 2020-2021 जारी किया।
- इस सूचकांक अनुसार, लगभग सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों ने विगत वर्ष की तुलना में भूमि रिकॉर्ड को डिजिटल बनाने के प्रयासों में सुधार दिखाया है।
- मध्य प्रदेश लगातार दूसरे वर्ष इस सूचकांक में प्रथम स्थान पर रहा।
- मध्य प्रदेश ने 100 अंको में 80.2 अंक प्राप्त किए हैं।
- पश्चिम बंगाल 78.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि यह पहले भूमि रिकॉर्ड और सेवा सूचकांक (N-LRSI) 2019-20 में छठें स्थान पर था।
- ओडिशा 77.2 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि पहले सूचकांक में यह दूसरे स्थान पर था।
- 70.9 अंकों के साथ महाराष्ट्र चौथे स्थान पर है, जबकि पहले सूचकांक में महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर था।
- तमिलनाडु 70.3 अंकों के साथ इस सूचकांक में पांचवे स्थान पर है, जबकि पहले सूचकांक (2019-20) में भी यह पांचवें स्थान पर ही था।
- इस सूचकांक में आंध्र प्रदेश (69.0) छठें, कर्नाटक (65.0) सातवें और बिहार (64.8) आठवें स्थान पर है।
- उत्तर प्रदेश इस सूचकांक में 56.7 अंकों के साथ पन्द्रहवें स्थान पर है, जबकि पहले सूचकांक में उत्तर प्रदेश ग्याहरवें स्थान पर था।
- इस सूचकांक में सबसे अंतिम स्थान पर लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, सिक्किम और चंडीगढ़ हैं।
- इस सूचकांक में देश के लगभग सभी राज्य/केंद्रशासित प्रदेश शामिल हैं।
- इस सूचकांक में निष्कर्ष दो पहलुओं के आधार पर निकाला गया है।

- इसमें भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण की सीमा और इस रिकॉर्ड की गुणवत्ता पर गौर किया गया है।
- सूचकांक के दूसरे संस्करण को ओमिदयार नेटवर्क इंडिया ने अपने संपत्ति अधिकार रिसर्च कंसोर्टियम पहल के माध्यम से समर्थन दिया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.ncaer.org/event_details.php?EID=318#:~:text=The%20N%2DLRSI%202021%20is,economic%20growth%20and%20poverty%20reduction.

लाल चावल की पहली निर्यात खेप रवाना

प्रश्न-4 मार्च, 2021 को लाल चावल की पहली खेप को संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए रवाना किया गया। लाल चावल के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) लाल चावल में आयरन की प्रचुर मात्रा होती है।
(b) यह चावल असम की ब्रह्मपुत्र घाटी में किसी भी रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल किए बिना उगाया जाता है।
(c) चावल की इस किस्म को लाल धान कहा जाता है, जो असमिया भोजन का अभिन्न अंग है।
(d) प्रमुख चावल निर्यातक एलटी फूड्स द्वारा लाल चावल का निर्यात किया जा रहा है।

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 4 मार्च, 2021 को 'लाल चावल' की पहली खेप को संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए रवाना किया गया।
- इसका उद्देश्य भारत की चावल निर्यात क्षमता को बढ़ावा देना है।
- 'लाल चावल' में आयरन की प्रचुर मात्रा है, जो असम की ब्रह्मपुत्र घाटी में किसी भी रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल किए बिना उगाया जाता है।
- चावल की इस किस्म को 'बाओ-धान' कहा जाता है, जो असमिया भोजन का अभिन्न अंग है।
- प्रमुख चावल निर्यातक एलटी फूड्स द्वारा लाल चावल का निर्यात किया जा रहा है।
- लाल चावल की निर्यात किए गए खेप को एपीडा के अध्यक्ष डॉ. एम अंगमुथु ने हरियाणा के सोनीपत से अमेरिका के लिए रवाना किया।
- लाल चावल के निर्यात में वृद्धि होने के साथ ही ब्रह्मपुत्र के बाढ़ वाले मैदानी इलाकों के किसान परिवारों की आय में वृद्धि होगी।

- एपीडा (एपीईडीए) विभिन्न हितधारकों के साथ सहयोग के माध्यम से चावल के निर्यात को बढ़ावा देता है।
- सरकार ने एपीडा के अंतर्गत चावल निर्यात संवर्धन मंच (आरईपीएफ) की स्थापना की थी।
- चावल निर्यात संवर्धन मंच (आरईपीएफ) चावल उद्योग, निर्यातकों, एपीईडीए, वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों और पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़ तथा ओडिशा सहित प्रमुख चावल उत्पादक राज्यों के निदेशकों का प्रतिनिधित्व करता है।
- वर्ष 2020-21 में अप्रैल से जनवरी की अवधि के दौरान गैर-बासमती चावल के शिपमेंट में प्रभावशाली वृद्धि हुई है।
- अप्रैल-जनवरी, 2021 के दौरान गैर-बासमती चावल का निर्यात 26058 करोड़ रुपये (3506 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का रहा, जबकि अप्रैल-जनवरी, 2020 के दौरान यह 11543 करोड़ रुपये (1627 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।
- गैर-बासमती के निर्यात में रुपया अवधि में 125 प्रतिशत और 115 प्रतिशत डॉलर की वृद्धि देखी गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/economy/agri-business/first-shipment-of-red-rice-exports-to-us-flagged-off/article33990559.ece

स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक 'आईएटीए इजी पे' सेवा प्रदाता के रूप में नियुक्त

प्रश्न-अंतरराट्रीय एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) ने भारत में किस बैंक को अपने 'इजी पे' सेवा प्रदाता के रूप में नियुक्त किया है?

(a) कोटक महिंद्रा (b) एचडीएफसी (c) एसबीआई (d) स्टैंडर्ड चार्टर्ड

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) ने भारत में स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की नियुक्ति 'आईएटीए इजी पे' सर्विस प्रदाता के रूप में की।
- 'आईएटीए इजी पे' भुगतान का नवीनतम तरीका है, जो एविएशन इकोसिस्टम के अंदर भुगतान को निष्पादित करता है।
- 'इजी पे' 'पे-एज-यू-गो' पर आधारित है, जो पारंपरिक बिलिंग और भुगतान विधियों के लिए सुरक्षित विकल्प प्रदान करता है।

- 'इजीपे' सेवा प्रदाता के रूप में स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की नियुक्ति से ट्रेवेल एजेंटों के भुगतान में आसानी और पारदर्शिता में सहायता मिलेगी।
- एप्लीकेशन प्रोग्राम इंटरफेश (एपीआई) आधारित 'इजीपे' उन ट्रेवेल एजेंटों की पहचान सुनिश्चित करेगा, जो मानक चार्टर्ड बैंक, भारत के साथ समर्पित आईएटीए 'इजी पे' खाते में भुगतान करते हैं और वास्तविक समय में एजेंटों को टिकट जारी करते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.businessworld.in/article/IATA-Appoints-Standard-Chartered-Bank-As-Easypay-Partner/17-03-2021-384131/

मुख्य फसलों के उत्पादन का दूसरा अग्रिम अनुमान, 2020-21

प्रश्न-24 फरवरी, 2021 को कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग द्वारा मुख्य फसलों के उत्पादन का दूसरा अनुमान जारी किया गया। इसके अनुसार, कितने मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन अनुमानित है?

(a) 303.34 मिलियन टन (b) 295.75 मिलियन टन
(c) 285.85 मिलियन टन (d) 300.75मिलियन टन

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 24 फरवरी, 2021 को कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए मुख्य फसलों के उत्पादन का दूसरा अग्रिम अनुमान जारी किया गया।
- इसके अनुसार, देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 303.34 मिलियन टन अनुमानित है, जो वर्ष 2019-20 के दौरान प्राप्त 297.50 मिलियन टन उत्पादन की तुलना 5.84 मिलियन टन अधिक है।
- वर्ष 2020-21 के दौरान चावल का कुल उत्पादन रिकॉर्ड 120.32 मिलियन टन अनुमान है।
- इस दौरान गेहूं का कुल उत्पादन रिकॉर्ड 109.24 मिलियन टन अनुमानित है।
- पोषक/मोटे अनाजों का उत्पादन 49.36 मिलियन टन अनुमानित है, जो वर्ष 2019-20 के दौरान प्राप्त 47.75 मिलियन टन की तुलना में 1.62 मिलियन टन अधिक है।
- इस दौरान, कुल दलहन उत्पादन 24.42 मिलियन टन अनुमानित है।
- इस दौरान कुल तिलहन उत्पादन 37.31 मिलियन टन अनुमानित है, जो वर्ष 2019-20 के दौरान 33.22 मिलियन टन उत्पादन की तुलना में 4.09 मिलियन टन अधिक है।
- इस दौरान देश में कुल गन्ने का उत्पादन 397.66 मिलियन टन अनुमानित है।

- कपास का उत्पादन 36.54 मिलियन गांठे (प्रति 170 किग्रा. की गांठें) अनुमानित है।
- पटसन एवं मेस्ता का उत्पादन 9.78 मिलियन गांठें (प्रति 180 किग्रा. की गांठें) अनुमानित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1700545

ब्रिक्स फाइनेंस और केंद्रीय बैंक के पदाधिकारियों की पहली वुर्चअल बैठक, 2021

प्रश्न-24 फरवरी, 2021 को किस देश ने ब्रिक्स फाइनेंस और केंद्रीय बैंक के पदाधिकारियों की पहली वर्चुअल बैठक की मेजबानी की?

(a) रूस (b) भारत (c) चीन (d) ब्राजील

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 24 फरवरी, 2021 को भारत ने ब्रिक्स फाइनेंस और केंद्रीय बैंक के पदाधिकारियों की पहली वर्चुअल बैठक की मेजबानी की।
- इस अवसर पर बैठक की सह-अध्यक्षता वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के सचिव तरुण बजाज और आरबीआई के डिप्टी गवर्नर डॉ. माइकल पात्रा ने की।
- बैठक में ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका के केंद्रीय बैंकों के पदाधिकारी और ब्रिक्स फाइनेंस के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- वर्ष 2021 में भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स फाइनेंसियल कॉरपोरेशन की यह पहली बैठक थी।
- बैठक के दौरान, भारत ने वित्तीय सहयोग के एजेंडे के तहत प्राथमिकताएं साझा की।
- साथ ही, ग्लोबल इकोनॉमिक आटलुक और कोविड-19 से निपटने, सामाजिक बुनियादी संरचनाओं को वित्त पोषण, डिजिटल तकनीकी के इस्तेमाल न्यू डेवलेपमेंट बैंक (NDB) की गतिवधियों, एसएमई और वित्तीय समावेशन के लिए फिनटेक, ब्रिक्स कॉन्टिजेंट रिजर्व अरेंजमेंट (सीआरए 2021) आदि जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।
- गौरतलब है कि भारत को वर्ष 2021 में ब्रिक्स की अध्यक्षता मिली है।
- इस वर्ष ब्रिक्स अपनी 15 वीं वर्षगांठ भी मना रहा है।
- बैठक का विषय 'ब्रिक्स @ 15: अंतर ब्रिक्स सहयोग' है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1700502

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा बांग्लादेश विमानन क्षेत्र में सहयोग हेतु सहमति

प्रश्न-मार्च, 2021 में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने किस देश के विमानन क्षेत्र में सहयोग प्रदान करने तथा बुनियादी ढांचे एवं कुशल जनशक्ति के मामले में क्षमता बढ़ाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की।

(a) बांग्लादेश (b) नेपाल (c) भूटान (d) श्रीलंका

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 15 मार्च, 2021 को भारतीय विमानपत्तन अधिकरण ने बुनियादी ढांचे तथा कुशल जनशक्ति के मामले में अपनी क्षमता बढ़ाने में बांग्लादेश विमानन नियामक की सहायता करने पर अपनी सहमति व्यक्त की।
- ध्यातव्य है कि 7 से 11 मार्च, 2021 के मध्य सिविल एविएशन अथॉरिटी ऑफ बांग्लादेश (CAAB) के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने संभावित सहयोग के रास्ते तलाशने हेतु भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का दौरा किया था।
- इसके तहत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने बांग्लादेश में विमानन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए हर संभव सहायता देने हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।
- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने CAAB की उड्डयन अवसंरचना तथा कुशल जनशक्ति संसाधनों के मामले में उसकी क्षमता को बढ़ाने तथा कोविड-19 महामारी के उपरांत देश में उड्डयन के विकास को बनाए रखने में सहयोग करेगी।
- इसके अतिरिक्त भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के द्वारा अपने उच्च कुशल कामगारों (Professionals), उड्डयन प्रशिक्षण संस्थानों तथा हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे तथा हवाई क्षेत्र के डिजाइन में विशेषज्ञता हेतु सहायता के लिए आवश्यकतानुसार अनुकूलित पाठ्यक्रम प्रदान किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/industry/transportation/airlines-/-aviation/aai-to-assist-in-enhancing-bangladesh-aviation-infra/articleshow/81515041.cms?from=mdr

कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं के निर्यात पर वार्षिक सर्वे

प्रश्न : हाल ही में RBI द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, भारत के सॉफ्टवेयर सेवाओं का निर्यात वर्ष 2019-20 में कितना बढ़ा है?

(a) 9.1% (b) 7.2% (c) 11.2% (d) 6.4%

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में RBI द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, भारत की सॉफ्टवेयर सेवाओं का निर्यात वित्त वर्ष 2020 में 9.1% तक बढ़ गया है।
- इस सर्वे का शीर्षक है - "कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं के निर्यात पर वार्षिक सर्वेक्षण"।उत्तरदाता कंपनियों ने वर्ष के दौरान कुल सॉफ्टवेयर सेवाओं के निर्यात में लगभग 82.7% का योगदान दिया।
- भारत में सॉफ्टवेयर सेवाओं का निर्यात वर्ष 2019-20 के दौरान 128.6 बिलियन डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.1% अधिक है।कंप्यूटर सेवाओं का निर्यात और आईटीईएस / बीपीओ सेवाओं का कुल सॉफ्टवेयर सेवाओं के निर्यात में क्रमशः 66.6 प्रतिशत और 33.4% का योगदान है।56.6% हिस्सेदारी के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका सॉफ्टवेयर निर्यात का प्रमुख गंतव्य था।
- 27.6% हिस्सेदारी के साथ यूरोप भी सॉफ्टवेयर निर्यात का प्रमुख गंतव्य था, जिसका लगभग आधा हिस्सेदार ब्रिटेन था।
- अमेरिकी डॉलर 71.6% हिस्सेदारी के साथ सॉफ्टवेयर निर्यात व्यवहार की प्रमुख मुद्रा(Principal invoicing currency) था।
- इस संदर्भ में यूरो और पाउंड स्टर्लिंग संयुक्त रूप से 16.7% के हिस्सेदार हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=51278

नाबार्ड की सब्सिडियरी की क्रेडिट गारंटी फंड के लिए ट्रस्टी के रूप में नियुक्ति

प्रश्न: हाल ही में किस संगठन को क्रेडिट गारंटी फंड के ट्रस्टी के रूप में नियुक्त किया गया है?

(a) नाबसंरक्षण ट्रस्टी प्राइवेट लिमिटेड (b) नाबपालक ट्रस्टी प्राइवेट लिमिटेड

(c) नाबरक्षक ट्रस्टी प्राइवेट लिमिटेड (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में नाबार्ड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी 'नाबसंरक्षण ट्रस्टी प्राइवेट लिमिटेड'(NTPL) को सरकार ने 'पशुपालन अवसंरचना विकास निधि'(AHIDF) के तहत 750 करोड़ रुपये के 'क्रेडिट गारंटी फंड' के ट्रस्टी के रूप में नियुक्त किया।
- उल्लेखनीय है कि सरकार ने AHIDF की स्थापना आत्मनिर्भर पैकेज के हिस्से के रूप में 15,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ की है।
- 'क्रेडिट गारंटी फंड(CGF)', AHIDF के तहत सहायता प्राप्त संस्थाओं को क्रेडिट गारंटी प्रदान करेगा।
- CGF,"पशुपालन और डेयरी(CGFTAHD) के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट" के तहत संचालित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/nabard-arm-appointed-as-trustee-for-credit-guarantee-fund/2049886

डीप-टेक स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने हेतु साझेदारी

प्रश्न-मार्च, 2021 में अटल नवाचार मिशन ने डीप-टेक स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने हेतु किसके साथ साझेदारी की है?

(a) पर्यावरण एवं वन मंत्रालय (b) मैथवर्क्स

(c) आईआईटी, दिल्ली (d) भारतीय वन प्रबंधन संस्थान

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में अटल नवाचार मिशन (एआईएम) ने भारत में डीप-टेक स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने के उद्देश्य से वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के लिए मैथेमेटिकल कंप्यूटिंग सॉफ्टवेयर विकसित करने वाले मैथवर्क्स के साथ साझेदारी या सहभागिता की है।
- इस सहभागिता के अंतर्गत अटल नवाचार मिशन द्वारा सहयोग प्राप्त स्टार्टअप्स को मैथवर्क्स टूल (मैटलैब और सिमुलिंक सहित) इंजीनियरिंग सहायता, ऑनलाइन प्रशिक्षण, मैटलैब कम्युनिटी तक पहुंच और इसकी घरेलू तथा वैश्विक स्तर पर पहुंच के माध्यम ये अपने स्टार्टअप उत्पादों के बारे में जागरूकता का प्रसार करने का अवसर मिलेगा।

- इसका उद्देश्य प्रारंभिक चरण की इन कंपनियों में नवाचार को बढ़ावा देना और उत्पाद विकास में तेजी लाना है।
- मैथवर्क्स उत्पाद पोर्टफोलियो में 100 से अधिक टूलबॉक्स और विशेष उत्पादों के अलावा मैटलैब टेक्निकल कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म और सिमुलिंक, मॉडल्स का अभ्यास करने के लिए एक ब्लॉक आरेख पद्धति और मॉडल-आधारित डिजाइन शामिल हैं।
- इन उपकरणों को स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक और इंजीनियरिंग डिजाइन, विनिर्माण, विद्युतीकरण, सिमुलेशन, वायरलेस संचार सहित कई उद्योगों ने अपने काम के व्यावहारिक क्षेत्रों में अपनाया है।
- एआईएम और मैथवर्क्स ने विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर इन्क्यूबेटरों और स्टार्टअप्स को प्रशिक्षित करने और उन्हें सहायता प्रदान करने की दिशा में ज्ञान को साझा करने हेतु श्रेणीवार विभिन्न सत्रों को आयोजित करने की योजना बनाई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1702016

एपीआई होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड की इक्विटी शेयरधारिता का अधिग्रहण

प्रश्न-23 फरवरी, 2021 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने सीडीपीक्यू प्राइवेट इक्विटी पीटीई लिमिटेड (सीडीपीक्यू-खरीददार) द्वारा एपीआई होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (एपीआई होल्डिंग्स/लक्षित) की इक्विटी शेयरधारिता के अधिग्रहण हेतु मंजूरी प्रदान की। सीडीपीक्यू प्राइवेट इक्विटी पीटीई लिमिटेड कंपनी किस देश में स्थित है?

(a) स्वीडन (b) जापान (c) सिंगापुर (d) मॉरीशस

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 23 फरवरी, 2021 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31 (1) के तहत सीडीपीक्यू प्राइवेट इक्विटी पीटीई लिमिटेड (सीडीपीक्यू/खरीददार) द्वारा एपीआई होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (एपीआई होल्डिंग्स/लक्षित) की इक्विटी शेयरधारिता के अधिग्रहण हेतु मंजूरी प्रदान की।
- इस सौदे में निश्चित अतिरिक्त अधिकारों के साथ ही खरीददार द्वारा लक्षित कंपनी में लगभग 2 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण शामिल है।
- खरीदार कंपनी सिंगापुर में स्थित है और सीडीपीक्यू के पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है।

- सीडीपीक्यू एक संस्थागत निवेशक के रूप में काम करती है, जो मुख्य रूप से सार्वजनिक और पैरा-सार्वजनिक पेंशन व बीमा योजना के लिए कोष का प्रबंधन करती है।
- सीडीपीक्यू कनाडा का एक संस्थागत फंड है, जो 40 से अधिक जमाकर्ताओं के लिए प्रबंधन करता है और सेवाएं प्रदान करता है।एपीआई होल्डिंग्स भारत में बनी एक कंपनी है, जो एपीआई होल्डिंग्स समूह की पैरेंट कंपनी है।यह फार्मास्युटिकल क्षेत्र से संबंधित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1700108

टीसीएल के अधिग्रहण को मंजूरी

प्रश्न-23 फरवरी, 2021 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने किस कंपनी द्वारा टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड (टीसीएल) का अधिग्रहण करने की मंजूरी प्रदान की?

(a) भारती एयरटेल (b) पैनाटोन फिनवेस्ट लिमिटेड

(c) टाट कंसल्टेंसी सर्विसेज (d) वोडाफोन आइडिया

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 23 फरवरी, 2021 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने पैनाटोन फिनवेस्ट लिमिटेड (अधिग्राहक) द्वारा टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड (टीसीएल) का अधिग्रहण करने की मंजूरी प्रदान की।यह मंजूरी प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31 (1) के तहत प्रदान की गई है।
- इस प्रस्तावित संयोजन में अधिग्रहणकर्ता द्वारा अधिकतम 26.12 प्रतिशत शेयर होल्डिंग के प्रस्तावित अधिग्रहण पर विचार किया गया है।इस प्रस्तावित संयोजन के परिणाम स्वरूप अधिग्राहक समूह/टाटा समूह अपनी शेयर होल्डिंग को 48.87 प्रतिशत से बढ़ाकर अधिकतम 74.99 प्रतिशत कर सकेगा।अधिग्राहक (पैनाटोन फिनवेस्ट लिमिटेड) भारतीय रिजर्व बैंक के साथ पंजीकृत प्रणालीबद्ध रूप से महत्वपूर्ण् एक नॉन-डिपॉजिट टेकिंग कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी (सीआईसी एनडी एसआई) है।यह टाटा संस की सहायक कंपनी है तथा टाटा समूह से संबंधित है।
- टीसीएल टाटा समूह का हिस्सा है और एकीकृत संचार-सेवाओं की व्यापक श्रृंखला का एक सुविधा-आधारित सेवा प्रदाता है।यह तीन व्यापार घटकों होलसेल वायस, उद्यम एवं कैरियर डेटा और अन्य व्यवसाय से राजस्व जुटाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1700106

मूडीज एनालिटिक्स : भारतीय अर्थव्यवस्था 2021 में 12% की दर से बढ़ेगी

प्रश्न : मूडीज एनालिटिक्स के अनुसार, 2021 में भारत की जीडीपी वृद्धि कितनी अनुमानित है?
(a) 12% (b) 11% (c) 10% (d) 13%

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- मूडीज एनालिटिक्स मूडीज कॉर्पोरेशन की सहायक कंपनी है, जिसे वर्ष 2007 में मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस से अलग नॉन-रेटिंग गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए स्थापित किया गया था।
- मूडीज एनालिटिक्स के अनुसार, वर्ष 2020 में 7.1 प्रतिशत के अनुबंध(contract)/ संकुचन के बाद, भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वर्ष 2021 में 12 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है।
- दिसंबर, 2020 को समाप्त तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की
- वृद्धि दर 0.4 प्रतिशत रही है।
- यह प्रदर्शन उम्मीद से कहीं बेहतर है। इससे पिछली तिमाही में अर्थव्यवस्था में 7.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी।
- अन्य आकलन
- अंकुशों में ढील के बाद देश और विदेश की मांग में सुधार हुआ है। इससे हालिया महीनों में विनिर्माण उत्पादन बढ़ा है।
- निजी खपत और गैर निवासियों के निवेश में अगले कुछ तिमाहियों में बढ़ोत्तरी होगी, जिससे वर्ष 2021 में घरेलू मांग में सुधार होगा।
- वित्त वर्ष 2021-22 के बजट से वार्षिक राजकोषीय घाटा जीडीपी के करीब सात प्रतिशत पर पहुंच जाएगा, साथ ही मुख्य मुद्रास्फीति, 2021 में नियंत्रित तरीके से बढ़ेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.businesstoday.in/current/economy-politics/moodys-analytics-sees-indias-gdp-growth-at-12-in-2021/story/434313.html

RBI की रिपोर्ट : वित्त वर्ष 2013 के बाद से इक्विटी में सबसे अधिक एफपीआई प्रवाह

प्रश्न: हाल ही में(मार्च, 2021) आरबीआई ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की निवेश प्रवाह के बारे में एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) 10 मार्च तक इक्विटी में एफपीआई निवेश प्रवाह 36 बिलियन डॉलर था

(b) यह वित्त वर्ष 2015 से लेकर अब तक उच्चतम स्तर है

(c) जनवरी के अंत तक शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश प्रवाह 84 बिलियन डालर तक पहुंच गया

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- भारतीय शेयरों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का निवेश चालू वित्त वर्ष में 10 मार्च तक 36 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जो वित्त वर्ष 2013 के बाद सबसे अधिक है।
- आरबीआई की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार।
- शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश प्रवाह जनवरी के अंत तक 44 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो एक साल पहले 36.3 बिलियन अमरिकी डॉलर था।
- रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि में एफपीआई के निवेश की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।
- फरवरी के अंत तक श्रेणी-एक के विदेशी निवेशकों मुख्यत: केंद्रीय बैंक, सॉवरेन संपदा कोष, पेंशन कोष, विनियमित संस्थाएं, बहुपक्षीय संगठनों का कुल इक्विटी परिसंपत्तियों में हिस्सा बढ़कर 95 फीसदी के उच्च स्तर पर पहुंच गया जोर दिसंबर, 2019 के अंत तक यह 87 फीसदी पर था.

संबंधित लिंक भी देखें...

https://bfsi.economictimes.indiatimes.com/news/financial-services/fpi-inflows-into-stocks-at-record-high-since-fy13-rbi/81618347

अशोक लीलैंड हिन्दुस्तान टेक में निसान की हिस्सेदारी खरीदी

प्रश्न-किस कंपनी ने निसान समूह की निवेश शाखा इंटरनेशनल होल्डिंग बीवी के साथ एक शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए।

(a) बजाज कंपनी (b) अशोक लीलैंड (c) टी.वी.एस. (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में लीलैंड ने निशान समूह की निवेश शाखा निसान इंटरनेशनल होल्डिंग बीवी के साथ एक शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- निसान इंटरनेशनल होल्डिंग बीवी के साथ 70.20 करोड़ रुपये में हिंदुजा टेक में 38% हिस्सेदारी हासिल करने का समझौता किया है।

- अशोक लीलैंड ने हिंदुजा ग्रुप लिमिटेड की 38% हिस्सेदारी को 70.20 करोड़ रुपये के कुल विचार के लिए 58,500,000 शेयरों का अधिग्रहण करने के लिए है।
- इससे कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन जाएगी।
- बिक्री से पहले, हिंदुजा टेक लिमिटेड अशोक लीलैंड की पूर्ण स्वामित्व वाली असिस्टेंट सहायक कंपनी थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/company/ashok-leyland-31/news

वैज्ञानिक परिदृश्य

रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी

DRDO प्रयोगशाला द्वारा हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट का निर्माण

प्रश्न-फ्रंट हार्ड आर्मस पैनल (एफएचएपी) जैकेट का परीक्षण कहां स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल) में किया गया है?

(a) बंगलुरू (b) हैदराबाद (c) चंडीगढ़ (d) अहमदाबाद

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 अप्रैल, 2021 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) लैब डिफेंस मैटेरियल्स एंड स्टोर्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (डीएमएसआरडीई), कानपुर द्वारा हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट का निर्माण किया गया है।हल्के वजन वाली इस बुलेट प्रूफ जैकेट का वजन 9.0 किग्रा. है।फ्रंट हार्ड आर्मस पैनल (एफएचपी) जैकेट का परीक्षण टर्मिनल बैलेस्टिक अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल), चंडीगढ़ में किया गया है।इस परीक्षण ने प्रासंगिक बीआईएस मानकों को पूरा किया है।इस महत्वपूर्ण विकास का महत्व इस तथ्य में निहित है कि बुलेट प्रूफ जैकेट (बीपीजे) के वजन में कमी का प्रत्येक ग्राम युद्ध क्षेत्र में बने रहने के दृष्टिकोण से सैनिक का आराम बढ़ाने में महत्वपूर्ण है।इस तकनीक से मध्यम आकार के बीपीजे का वजन 10.4 से 9.0 किग्रा. तक कम हो जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1709001

सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट का सफल उड़ान परीक्षण

प्रश्न-5 मार्च, 2021 को डीआरडीओ ने कहां से सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (SFDR) का सफल उड़ान परीक्षण किया?

(a) चांदीपुर (b) कोचीन (c) जैसलमेर (d) अंडमान निकोबार

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 5 मार्च, 2021 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा तट के एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) चांदीपुर से सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (SDFR) का सफल उड़ान परीक्षण किया।
- एसएफडीआर एक प्रकार का मिसाइल प्रणोदन प्रणाली (बूस्टर इंजन) है, जो आगे चलकर देश की मिसाइलों को ताकत देगा।
- इसे डीआरडीओ द्वारा विकसित किया गया है।
- यह मिसाइल देश की सतह से हवा और हवा से हवा दोनों ही मिसाइलों को बेहतर प्रदर्शन करने और उनकी स्ट्राइक रेंज को बढ़ाने में मदद करेगा।
- इस मिसाइल प्रणाली की रेंज लगभग 120 किमी. है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1702670

हिंद महासागर में जीनोम-मैपिंग हेतु क्रूज मिशन लांच करने की योजना

प्रश्न-निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन हिंद महासागर में जीनोम-मैपिंग हेतु 90 दिवसीय अभियान लांच कर रहा है?

(a) टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (b) CSIR-NIO
(c) इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान-परिषद-राष्ट्रीय विज्ञान संस्थान (CSIR-NIO) गोवा के 23 वैज्ञानिकों के दल ने हिंद महासागर में 90 दिवसीय अभियान शुरू किया है।
- यह जीनोम और सूक्ष्म पोषक तत्वों की खोज सहित पानी, तलछट, प्लवक और समुद्र में स्थिति विभिन्न जीवों के नमूनों को प्राप्त करने हेतु 90 दिनों का मिशन होगा।

- इसके माध्यम से वैज्ञानिक अभियान के जरिए वाणिज्यिक जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश की अनुसंधान क्षमता को मजबूत करने में मदद मिलेगी।
- इस अभियान के माध्यम से किए गए अनुसंधानों का उपयोग कैंसर-प्रतिरोधी उपचारों सहित विभिन्न अनुप्रयोगों में किया जाएगा।
- वैज्ञानिक इस अभियान के माध्यम से महासागर जलवायु पैटर्न को समझने में भी सहायता प्राप्त करेंगे।
- इस अभियान का प्रारंभ आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम तट से शोध पोत -सिंधु साधना' के प्रारंभ की गई है।
- अभियान मई, 2021 के मध्य गोवा तट पर संपूर्ण यात्रा के 10 हजार नॉटिक्ल मील की दूरी तय करने के उपरांत समाप्त होगा।
- पूरी यात्रा के दौरान क्रूज ऑस्ट्रेलिया और मालदीव के बीच के समुद्र क्षेत्र से होते हुए अंत में गोवा पहुंचेगा।
- CSIR के अनुसार, अभियान का उद्देश्य समुद्र में जीवों के कोशिकीय स्तर के संचालन को समझने के साथ-साथ महासागर के जल में स्थूल और पोषक तत्वों की पहचान करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/sci-tech/csir-nio-expedition-indian-ocean-map-genetic-diversity-organisms-micronutrients-trace

भारतीय छात्रों द्वारा खोजे गए 18 नए क्षुद्रग्रह

प्रश्न- क्षुद्रग्रह किन दो ग्रहों के मध्य पाए जाते हैं?

(a) शुक्र-पृथ्वी (b) मंगल और बृहस्पति (c) शुक्र और बुध (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में एक वैश्विक विज्ञान कार्यक्रम (Global Science Programme) के तहत भारतीय छात्रों द्वारा 18 नए क्षुद्र ग्रहों की खोज की गई।
- जिसे अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ (IAU) द्वारा पुष्ट किया गया।
- अंतरराष्ट्रीय क्षुद्रग्रह खोज परियोजना (International Asteroid Discovery Project) का संचालन STEM and Space संगठन तथा नासा (नागरिक विज्ञान परियोजना) और International Astronomical Search Collaboration (IASC) के साथ मिलकर किया गया।

- STEM and Space भारत में खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञान के सीखने की दिशा में काम करने वाला संगठन है।
- यह भारत की सबसे बड़ी क्षुद्र ग्रह खोज परियोजना थी।
- परियोजना में, भारत और दुनियाभर के छात्रों ने IASC द्वारा प्रदान किए गए उच्चगुणवत्ता वाले खगोलीय डेटा का विश्लेषण किया।
- IASC क्षुद्रगहों और नियर अर्थ ऑब्जेक्ट्स (NEO) की खोज करने के लिए बच्चों हेतु एक ऑनलाइन वैज्ञानिक कार्यक्रम है।
- क्षुद्रग्रह मंगल और बृहस्पति ग्रहों की कक्षा के बीच स्थित चट्टानी वस्तुएं हैं।
- ये चट्टानी पिंड जब कभी अपने निर्धारित परिक्रमण पथ से भटक जाते हैं, तो ये पृथ्वी के लिए एक गंभीर चुनौती प्रस्तुत कर सकते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/education-today/news/story/indian-school-students-discover-18-new-asteroids-1774201-2021-03-01

झाड़ी मेंढक (Shrub Frog) की पांच नई प्रजातियों की खोज

प्रश्न-शोधकर्ताओं ने हाल ही में भारत के किस क्षेत्र से झाड़ी मेढकों (Shrub Frogs) की पांच नई प्रजातियों को खोजा है?

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) मेघालय (c) पश्चिमी घाट (d) गुजरात

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- पश्चिमी घाट से भारत और अमेरिका के शोधकर्ताओं द्वारा झाड़ी मेंढकों (Shrub Frog) की पांच नई प्रजातियों की खोज की गई है।
- उल्लेखनीय है कि भारत में पश्चिमी घाट विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त जैव विविधता हॉट-स्पॉटों में से एक है।
- मेंढकों की पांचों नई प्रजातियां (Rhacophoridae) परिवार से संबंधित हैं।
- इन मेंढ़कों की खोज में केरल वन अनुसंधान संस्थान, दिल्ली विश्वविद्यालय और मिनेसोटा विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने भाग लिया।
- यह खोज पश्चिमी घाट में जीनस राओर्चेस्टस (Genus Raorchestes) के झाड़ी मेंढकों पर लंबे एवं व्यापक अध्ययन का हिस्सा है।
- यह अध्ययन अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका Peerj में प्रकाशित हुआ था।

- जिन पांच नई मेंढक प्रजातियों की खोज हुई है उन्हें कई मानदंडों के आधार पर अलग पाया गया।
- इनमें मेंढक की बाहरी आकृति विज्ञान, डी.एन.ए, कॉलिंगपैटर्न, व्यवहार और प्राकृतिक इतिहास (Natural History) सम्मिलित हैं।

छठा अपतटीय गश्ती पोत 'वज्र' भारतीय तटरक्षक बल में शामिल

प्रश्न-24 मार्च, 2021 को छठा अपतटीय गश्ती पोत 'वज्र' भारतीय तटरक्षक बल में शामिल हुआ। इस जहाज का निर्माण किसके द्वारा किया गया है?

(a) मझगांव शिपबिल्डिंग लि. (b) मैसर्स एलएंडटी शिपबिल्डिंग लि.
(c) कोचीन शिपयार्ड लि. (d) हिन्दुस्तान शिपयार्ड लि.

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 24 मार्च, 2021 को चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट में आयोजित एक समारोह में छठा अपतटीय गकश्ती पोत 'वज्र' भारतीय तटरक्षक बल में शामिल हुआ।इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत उपस्थित थे।
- स्वदेश निर्मित इस जहाज का निर्माण मेसर्स एलएंडटी शिपबिल्डिंग लि. द्वारा किया गया।
- सात अपतटीय गश्ती जहाज की श्रृंखला में छठां जहाज 'वज्र' आधुनिक नौवहन और संचार प्रणाली से लैस है।जहाज में मुख्य अस्त्र के तौर पर 30 मिलीमीटर की तोप है और उसकी लड़ाकू क्षमता बढ़ाने के लिए उसमें दो एफसीएस नियंत्रित 12.7 एमएम की एसआरसीजी (स्थिर नियंत्रित तोप) लगी है।इस जहाज को इस तरह से बनाया गया है कि इसमें दो इंजन वाला, रात में उड़ान भरने में सक्षम एक हेलीकॉप्टर खड़ा हो सकता है।
- साथ ही इसमें चार उच्च गति वाली नौकाएं हैं जो खोज एवं बचाव कार्यों, कानून प्रवर्तन तथा समुद्री गश्त में मदद कर सकेंगी।
- यह जहाज भारतीय तटरक्षक बल के पूर्वी क्षेत्र के संचालनात्मक नियंत्रण के तहत तूतीकोरिन में तैनात रहेगा।
- इस जहाज का उपयोग दिन और रात गश्त/निगरानी के साथ-साथ विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) में आतंकवाद रोधी/तस्करी विरोधी अभियानों के साथ-साथ तटीय सुरक्षा के लिए भी किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/indian-coast-guard-ship-vajra-commissioned-to-enhance-coastal-security/article34150991.ece

देश का सबसे बड़ा तैरता हुआ (Floatintg) सौर ऊर्जा संयंत्र

प्रश्न-अप्रैल, 2021 में जारी प्रेस विज्ञाप्ति के अनुसार, किस राज्य में देश का सबसे बड़ा तैरता हुआ सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया जाएगा?

(a) राजस्थान (b) मध्य प्रदेश (c) तेलंगाना (d) गुजरात

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- अप्रैल, 2021 में जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, तेलंगाना के रामगुडम में देश का सबसे बड़ा तैरता हुआ (Floating) सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया जाएगा।
- इस सौर ऊर्जा संयंत्र की क्षमता 100 मेगावॉट है।
- यह सौर परियोजना एनटीपीसी लि. शुरू कर रहा है।
- इसकी अनुमानित लागत 423 करोड़ रुपये है।
- इस संयंत्र में 4.5 लाख फोटोवोल्टिक पैनल होंगे, जो जलाशय के 450 एकड़ के क्षेत्र में प्रवाहित रहेंगे।
- एनटीपीसी ने अपनी कुल क्षमता का 30 प्रतिशत उत्पादन हरित ऊर्जा के लिए रखा है।
- इस परियोजना का उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को कम करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=413426

लाइट स्पेशलिस्ट वाहनों की आपूर्ति हेतु अनुबंध

प्रश्न-22 मार्च, 2021 को रक्षा मंत्रालय ने 1056 करोड़ रुपये की लागत से भारतीय सेना को 1300 लाइट स्पेशलिस्ट वाहनों की आपूर्ति हेतु किसके साथ एक अनुबंध पर नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए।

(a) बीईएमएल लिमिटेड (b) भारत डायनामिक्स लिमिटेड

(c) महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स लिमिटेड (d) टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 22 मार्च, 2021 को रक्षा मंत्रालय ने 1056 करोड़ रुपये की लागत से भारतीय सेना को 1300 लाइट स्पेशलिस्ट वाहनों की आपूर्ति हेतु महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स लिमिटेड (एडीएसएल) के साथ एक अनुबंध पर नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए।

- इन वाहनों को शामिल करने का लक्ष्य 4 वर्ष है।
- लाइट स्पेशलिस्ट व्हीकल एक आधुनिक फाइटिंग व्हीकल है और इसे मीडियम मशीनगन्स, स्चालित ग्रेनेड लॉन्चर्स के साथ-साथ एंटी टैंक गाइडेड मिसाइलों की ढुलाई के लिए विभिन्न फाइटिंग यूनिट्स के लिए प्राधिकृत किया जाएगा।
- लाइट स्पेशलिस्ट व्हीकल एमडीएसएल द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है।
- ये लड़ाकू वाहन छोटे हथियारों के खिलाफ चौतरफा सुरक्षा के साथ बहुत ही तीव्र गति वाले वाहन हैं और सामरिक क्षेत्र में इस हथियार को संचालित करने हेतु आवश्यक छोटे स्वतंत्र सैन्य टुकड़ियों की सहायता करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1706618#:~:text=Providing%20further%20boost%20to%20'Make,Delhi%20on%20March%2022%2C%202021.

रूस ने 18 देशों के उपग्रह लांच किए

प्रश्न-22 मार्च, 2021 रूस ने अपने सोयूज 2.1a वाहक रॉकेट की सहायता से एक ही लांच में कितने उपग्रह लांच किए?

(a) 20 (b) 45 (c) 34 (d) 38

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 22 मार्च, 2021 को रूस द्वारा 18 देशों के कुल 38 उपग्रहों का प्रक्षेपण किया गया।
- इन उपग्रहों को सोयूज-2.1 वाहक रॉकेट के शीर्ष में स्थित कक्ष पर रखकर कजाख्स्तान स्थित बैकानूर कोस्मोड्रोम से लांच किया गया।
- सोयूज रॉकेट द्वारा इस बार दक्षिण कोरिया, जापान, कनाडा, सऊदी अरब, जर्मनी, इटली और ब्राजील सहित 18 देशों के उपग्रहों को उनकी निर्धारित कक्षा में भेजा गया है।
- इन उपग्रहों में से एक Challenge-1 भी है जो पूर्णतया ट्यूनीशिया (Tunisia) में बना है, जिसे वहां की Telnet Telecommunications Group द्वारा तैयार किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sci-tech/science/russia-launches-38-satellites-for-18-countries/article34139029.ece

रक्षा मंत्रालय की अधिग्रहण विंग-बीडीएल के मध्य अनुबंध

प्रश्न-19 मार्च, 2021 को रक्षा मंत्रालय की अधिग्रहण विंग ने 1188 करोड़ रुपये की लागत से भारतीय सेना को कितनी मिलान-2 टी एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीएमएम) की आपूर्ति हेतु भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ अनुबंध पर नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए?

(a) 1,540 (b) 2,530 (c) 3,210 (d) 4,960

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 19 मार्च, 2021 को रक्षा मंत्रालय की अधिग्रहण विंग ने 1188 करोड़ रुपये की लागत से भारतीय सेना को 4,960 मिलान-2 टी एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीएमएम) की आपूर्ति हेतु भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।
- नई दिल्ली में हस्ताक्षरित इस अनुबंध से सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल को और बढ़ावा मिलेगा।
- यह अनुबंध का दूसरा आदेश, जिस पर बीडीएल के साथ 8 मार्च, 2016 को हस्ताक्षर किया गया था।
- मिलान-2 टी 1,850 मीटर की सीमा के साथ एक टेंडम वारहेड एटीजीएम है, जिसे बीडीएल द्वारा एमबीडीए मिसाइल सिस्टम, फ्रांस से लाइसेंस के तहत उत्पादित किया गया है।
- इन मिसाइलों को जमीन से और साथ ही वाहन-आधारित लांचर से दागा जा सकता है एवं आक्रामक एवं रक्षात्मक दोनों कार्यों के लिए एंटी-टैंक रोल में तैनात किया जा सकता है।
- इंडक्शन 3 वर्ष में पूरा करने की योजना है।
- यह परियोजना रक्षा उद्योग के लिए अपनी क्षमता दिखाने का एक बड़ा अवसर है, और यह रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में पहल होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1705976#:~:text=Acquisition%20Wing%20of%20Ministry%20of,Delhi%20on%20March%2019%2C%202021.

हिमालयी ग्लेशियरों का रडार सर्वेक्षण कराएगी सरकार

प्रश्न-निम्नलिखित में से कहां, नेशनल सेंटर फॉर पोलर एंड ओशन रिसर्च स्थित है?

(a) गोवा (b) अहमदाबाद (c) नई दिल्ली (d) चेन्नई

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 19 मार्च, 2021 को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने संसद में सूचित किया कि सरकार हिमालय के ग्लेशियरों का हवाई रडार सर्वेक्षण कराएगी।
- इन हवाई रडार सर्वेक्षणों का उद्देश्य हिमालयी ग्लेशियरों की मोटाई का अनुमान लगाना है।
- इस दिशा में सर्वप्रथम हिमाचल प्रदेश के लाहौत स्पीति बेसिन में एक पायलट अध्ययन किया जाएगा।
- अगले चरण का सर्वेक्षण पहले चरण के पूर्व होने के उपरांत सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र उप-घाटियों में भी इसी तरह के अध्ययन किए जाएंगे।
- उल्लेखनीय है कि ग्लेशियरों की भारत की नदी प्रणालियों में महत्वपूर्ण भूमिका है।
- इस संबंध में नेशनल सेंटर फॉर पोलर एंड ओशन रिसर्च (NCPOR), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था।
- ज्ञातव्य है कि नेशनल सेंटर फॉर पोलर एंड ओशन रिसर्च, वास्को डी गामा, गोवा में स्थित है।
- यह संस्थान भारत और विदेशों में स्थित भारतीय शोधकर्ताओं के सहयोग से अभिनव हवाई रडार सर्वेक्षणों का उपयोग करते हुए हिमालयी ग्लेशियरों की मोटाई का अनुमान लगाएगा।
- परियोजना का महत्व:
- फरवरी, 2021 में उत्तराखंड में ऋषिगंगा नदी के ऊपर रेनी गांव के पास ग्लेसियार के फतवे से कई लोगों की जान गई थी।
- यह एक बड़ी प्राकृतिक आपदा थी और इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए ग्लेशियरों का गहन अध्ययन हमें उनकी प्रकृति के बारे में बहुमूल्य जानकारी दे सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1706074

खेल परिदृश्य

टेनिस

रोलेक्स मोंटे कार्लो मास्टर्स, 2021

प्रश्न-18 अप्रैल, 2021 को संपन्न रोलेक्स मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस प्रतियोगिता, 2021 में पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) डेनियल इवांस (b) स्टेफानोस सितसिपास (Stefanos Tsitsipas)

(c) आंद्र रुबलेव (d) राफेल नडाल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 11-18 अप्रैल, 2021 के मध्य घड़ी निर्माता कंपनी रोलेक्स (Rolex) द्वारा प्रायोजित रोलेक्स मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस प्रतियोगिता मोंटे कार्लो (मोनाको) में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- विजेता-स्टेफानोस सितसिपास (ग्रीस)
- उपविजेता-आंद्रे रुबलेव (रूस)
- पुरुष युगल
- विजेता-निकोला मेक्टिक और मैट पाविक (दोनों क्रोएशिया)
- उपविजेता-डेनियल इंवास और नील स्कूपस्की (दोनों ब्रिटेन)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://store.montecarlotennismasters.com/uk

सरडेग्ना ओपन, 2021

प्रश्न-11 अप्रैल, 2021 को संपन्न पुरुष टेनिस प्रतियाेगिता सरडेग्ना ओपन, 2021 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) लोरेंजो सोनेगो (b) लास्लो डजेर (c) टेलर फ्रित्ज (d) लोरेंजी मुसेट्टी



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- अप्रैल, 2021 में आयोजित पुरुष टेनिस प्रतियोगिता सरडेग्ना ओपन (Sardegna Open), 2021 कैगलियरी, इटली में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम
- पुरुष एकल
- विजेता-लोरेंजो सोनेगो (इटली)
- उपविजेता-लास्लो डजेर (सर्बिया)
- पुरुष युगल
- विजेता-लोरेंजो सोनेगो और एंड्रिया वावासोरी (दोनों इटली)
- उपविजेता-सिमोने बोलेल्ली (इटली) और एंड्रेस मोल्टेनी (अर्जेंटीना)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.atptour.com/en/tournaments/cagliari/9481/overview

वोल्वो कार ओपन, 2021

प्रश्न-11 अप्रैल, 2021 को संपन्न महिला टेनिस प्रतियोगिता वोल्वो कार ओपन, 2021 के महिला एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) इंका कोविनिक (b) वेरोनिका कुदेरमेटोवा (c) सोफिया केनिन (d) एश्लेघ बार्टी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5-11 अप्रैल, 2021 के मध्य WTA सत्र 2021 की महिला टेनिस प्रतियोगिता वोल्वो कार ओपन, 2021 चार्ल्सटन, अमेरिका में संपन्न हुई।
- इस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-
- महिला एकल
- विजेता-वेरोनिका कुदेरमेटोवा (रूस)
- उपविजेता-डेंका कोविनिक (मोंटेनग्रो)
- महिला युगल
- विजेता-निकोले मेलिचार (अमेरिका) और डेमी शूर्श (नीदरलैंड्स)
- उपविजेता-मैरी बोजकोवा और लूसी हार्डेका (दोनों चेकरिपब्लिक गणराज्य)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.wtatennis.com/tournament/804/charleston

लियोन ओपन, 2021

प्रश्न-1-7 मार्च, 2021 के मध्य संपन्न महिला टेनिस प्रतियोगिता लियोन ओपन, 2021 के महिला एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) विक्टोरिया गोलूबिक (b) विक्टोरिया कुजमोवा (c) क्लारा टॉसन
(d) युजिनी बुचर्ड

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 1-7 मार्च, 2021 के मध्य डब्ल्यूटीए (WTA) टूर सत्र की महिला टेनिस प्रतियोगिता लियोन ओपन, 2021 लियोन, फ्रांस में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम
- महिला एकल
- विजेता-क्लारा टॉसन (डेनमार्क)
- उपविजेता-विक्टोरिया गोलूबिक (स्विट्जरलैंड)
- महिला युगल
- विजेता-विक्टोरिया कुजमोवा (स्लोवाकिया) और अंरात्जा रस (नीदरलैंड)
- उपविजेता-युजिनी बुचर्ड (कनाडा) और ओल्गा डेनिलोविक (सर्बिया)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.wtatennis.com/tournament/2011/lyon

सेंट पीटर्सबर्ग लेडीज ट्रॉफी, 2021

प्रश्न-21 मार्च, 2021 को संपन्न महिला टैनिस प्रतियोगिता सेंट पीटर्सबर्ग लेडीज ट्रॉफी, 2021 के महिला एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) जेलेना ओस्टापेंको (b) डारियाकसत्किना (c) मार्गरीटा गैसपेरियन (d) रालुका ओलारू

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15-21 मार्च, 2021 के मध्य डब्ल्यूटीए टूर सत्र, 2021 की महिला टेनिस प्रतियोगिता सेंट पीटर्सबर्ग लेडीज ट्रॉफी, 2021, सेंट पीटर्सबर्ग, रूस में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- महिला एकल

- विजेता-डारिया कसात्किना (रूस)
- उपविजेता-मार्गरीटा गैसपेरियन (रूस)
- महिला युगल
- विजेता-नादिया किचेनोक (यूक्रेन) और रालुका ओलारू (रोमानिया)
- उपविजेता-कैटलिन क्रिश्चियन और सबरीना सांतामारिया (दोनों संयुक्त राज्य अमेरिका)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.wtatennis.com/tournament/1086/st-petersburg

एबिर्टो मैक्सिकन ओपन, 2021

प्रश्न-मार्च, 2021 को संपन्न पेशेवर टेनिस प्रतियोगिता एबिर्टो मैक्सिकन ओपन, 2021 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) स्टेफानोस सितसिपास (b) लोरेंजो मुसेती (c) अलेक्जेंडर ज्वेरेव (d) जॉन इश्नर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15-20 मार्च, 2021 के मध्य पेशेवर टेनिस प्रतियोगिता एबिर्टो मैक्सिकन ओपन, 2021 अकापुल्को, मैक्सिको में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष एकल
- विजेता-अलेक्जेंडर ज्वेरेव (जर्मनी)
- उपविजेता-स्टेफानोस सितसिपास (ग्रीस)
- पुरुष युगल
- विजेता-केन स्कूपस्की और नील स्कूपस्की (दोनों ब्रिटेन)
- उपविजेता-मार्सेल ग्रैनोलर्स (स्पेन) और होरासियो जेबालोस (अर्जेंटीना)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.atptour.com/en/tournaments/acapulco/807/overview

दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप, 2021

प्रश्न-20 मार्च, 2021 को संपन्न पुरुष टेनिस प्रतियोगिता दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप, 2021 को खिताब किसने जीता है?

(a) असलान करात्सेव (b) लॉयड हैरिस (c) आंद्रे रुबलेव (d) जैनिक सिनर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 14-20 मार्च, 2021 के मध्य एटीपी टूर सत्र, 2021 की पुरुष टेनिस प्रतियोगिता दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप, 2021 दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष एकल
- विजेता-असलान करात्सेव (रूस)
- उपविजेता-लॉयड हैरिस (दक्षिण अफ्रीका)
- विजेता-जुआन सेबेस्टियन काबाल और रॉबर्ट फराह (दोनों कोलंबिया)
- उपविजेता-निकोला मेक्टिक और मैट पाविक (दोनों क्रोएशिया)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.atptour.com/en/tournaments/dubai/495/overview

दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप, 2021

प्रश्न-13 मार्च, 2021 को संपन्न महिला टेनिस प्रतियोगिता दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप, 2021 के महिला एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) जेसिका पेगुला (b) जिल टेचमैन (c) गरबाइन मुगुरुजा (d) बारबोरा क्रेजसिकोवा

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7-13 मार्च, 2021 के मध्य डब्ल्यूटीए (WTA) टूर सत्र, 2021 की महिला टेनिस प्रतियोगिता 'ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप, 2021', दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम
- महिला एकल
- विजेता-गरबाइन मुगुरुजा (स्पेन)
- उपविजेता-बारबोरा क्रेजसिकोवा (चेक गणराज्य)

- महिला युगल
- विजेता-एलेक्सा गुआरची (चिली) और दारीजा जुराक (क्रोएशिया)
- उपविजेता-यांग झाओशुआन और जूयिफान (दोनों चीन)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.wtatennis.com/tournament/718/dubai

ओपन,13 प्रोवेंस, 2021

प्रश्न-14 मार्च, 2021 को संपन्न पुरुष टेनिस प्रतियोगिता ओपन 13 प्रोवेंस, 2021 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीत लिया है?

(a) पियरे ह्यूगस हर्बर्ट (b) डेनियल मेदवेदेव (c) करने खाचानोव (d) जैनिक सिनर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8-14 मार्च, 2021 के मध्य एटीपी टूर सत्र, 2021 की पुरुष टेनिस प्रतियोगिता ओपन 13 प्रोवेंस (Open 13Provence), 2021 मारसिले, फ्रांस में संपन्न हुई।
- पुरुष एकल
- विजेता-डेनियल मेदवेदेव (रूस)
- उपविजेता-पियरे-ह्यूगस हर्बर्ट (फ्रांस)
- पुरुष युगल
- विजेता-लॉयड ग्लासपूल (ब्रिटेन) और हैरी हेलिओवारा (फिनलैंड)
- उपविजेता, सैंडार एरेंड्स (नीदरलैंड) और डेविड पेल (नीदरलैंड्स)
- इस जीत के साथ ही मेदवेदेव अपनी कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरी रैंकिंग पर पहुंच गए हैं।
- मेदवेदेव ने इस टूर्नामेंट के फाइनल के रूप में कॅरियर का 10 वां खिताब जीतने के साथ ही एटीपी रैंकिंग में स्पेन के राफेल नडाल को पछाड़ दिया है।
- 20 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नडाल ताजा जारी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.atptour.com/en/tournaments/marseille/496/overview

क्रिकेट

भारत-इंग्लैंड टी-20 सीरीज, 2021

प्रश्न-20 मार्च, 2021 को भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टी-20 मैचों की सीरीज भारत में संपन्न हुई। इस सीरीज के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) भारत ने यह टी-20 सीरीज 3-2 से जीत ली।

(b) इस सीरीज में विराट कोहली को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

(c) इस सीरीज में सर्वाधिक रन (231 रन) भारतीय कप्तान विराट कोहली ने बनाए।

(d) इस सीरीज में सर्वाधिक विकेट (8 विकेट) इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने लिए।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 12 मार्च से 20 मार्च, 2021 के मध्य भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टी-20 मैचों की सीरीज भारत में संपन्न हुई।
- यह सीरीज भारत ने 3-2 से जीत ली है।
- भारत ने लगातार यह छठी सीरीज जीती है।
- इस सीरीज के सभी मैच नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम अहमदाबाद में खेले गए।
- 5वें और अंतिम T-20 मैच में भारत के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए।
- इस सीरीज में भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।
- इस सीरीज का पहला मैच इंग्लैंड ने 8 विकेट से और तीसरा मैच 8 विकेट से जीता।
- भारत ने दूसरा मैच 7 विकेट से, चौथा मैच 8 रन से और 5वां एवं अंतिम मैच 36 रन से जीता
- इस सीरीज में सर्वाधिक रन (231 रन) भारतीय कप्तान विराट कोहली ने बनाए।
- सर्वाधिक विकेट (8 विकेट) भारतीय तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने लिया।
- विराट कोहली टी-20 सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।
- उन्होंने के.एल. राहुल का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिन्होंने न्यूजीलैंड के विरुद्ध 5 मैचों की सीरीज में 224 रन बनाए थे।
- इस सीरीज में ही कोहली में 3000 रन पूरे किए हैं।
- विराट सबसे अधिक 12 बार 50 + स्कोर बनाने वाले कप्तान बन गए हैं।
- इस मामले में कोहली ने केन विलियम्सन (11 बार) का रिकॉर्ड तोड़ा है।

- तीसरे टी-20 मैच में इंग्लैंड के कप्तान इयॉन मार्गन 100 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले इंग्लैंड के पहले और विश्व के चौथे क्रिकेटर बने।
- 5वें एवं अंतिम मैच में इंग्लैंड के डेविड मलान टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 1000 रन (24 पारियों में) बनाने वाले खिलाड़ी बने और उन्होंने पाकिस्तान के बाबर आजम का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 26 पारियों में 1000 रन बनाए थे।
- इस सीरीज में ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव ने अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में पदार्पण किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bcci.tv/events/22455/india-v-england-2021

भारत-दक्षिण अफ्रीका महिला एकदिवसीय सीरीज, 2021

प्रश्न-17 मार्च, 2021 को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच महिला एकदिवसीय सीरीज, 2021 भारत में संपन्न हुई। इस सीरीज में किसे 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया है?

(a) एनेके बॉश (b) पूनम राउत (c) लिजेले ली (d) मिताली राज

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 7 मार्च से 17 मार्च, 2021 के मध्य भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच महिला एकदिवसीय सीरीज, 2021 भारत में संपन्न हुई।
- इस सीरीज में 5 एकदिवसीय मैच दोनों टीमों के बीच खेले गए।
- सभी मैच लखनऊ स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित हुए।
- दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम ने भारतीय महिला टीम को 4-1 से पराजित कर यह सीरीज जीत ली।
- सीरीज में दक्षिण अफ्रीका की लिजेले ली 'प्लेयर ऑफ द सीरीज, चुनी गईं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.espncricinfo.com/series/south-africa-women-tour-of-india-2020-21-1253264/india-women-vs-south-africa-women-1st-odi-1253267/match-report

रोड सेफ्टी वर्ल्ड टी-20 सीरीज, 2020-21

प्रश्न-21 मार्च, 2021 को संपन्न रोड सेफ्टी वर्ल्ड टी-20 सीरीज, 2020-21 का खिताब किसने जीता?

(a) इंडिया लीजेंड्स (b) श्रीलंका लीजेंड्स (c) वेस्टइंडीज लीजेंड्स (d) इंग्लैंड लीजेंड्स

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 7 मार्च, 2020 से 21 मार्च, 2021 के मध्य रोड सेफ्टी वर्ल्ड टी-20 सीरीज, 2020-21 भारत में संपन्न हुई।
- यह सीरीज 7 मार्च, 2020 को शुरु हुई थी, किंतु कुछ मैच होने के बाद कोविड-19 महामारी के कारण यह सीरीज स्थगित कर दी गई।
- पुन: यह सीरीज 11 मार्च, 2021 से 21 मार्च, 2021 के मध्य खेली गई जिसके सभी मैच शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित हुए।
- मुख्य प्रायोजक -अनएकेडमी
- प्रतिभागी टीमें-इंडिया लीजेंड्स, ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स, वेस्टइंडीज लीजेंड्स, इंग्लैंड, लीजेंड्स, श्रीलंका लीजेंड्स, बांग्लादेश लीजेंट्स, दक्षिण अफ्रीका लीजेंड्स
- 21 मार्च, 2021 को इस सीरीज के फाइनल मुकाबले में इंडिया लीजेंड्स ने श्रीलंका लीजेंड्स को 14 रन से पराजित कर खिताब जीत लिया।
- इंडिया लीजेंड्स ने पहली बार इस प्रतियोगिता का खिताब जीता है।
- फाइनल मुकाबले में इंडिया लीजेंड्स के यूसुफ पठान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।
- श्रीलंका लीजेंड्स के तिलकरत्ने दिलशान को इस सीरीज में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।
- इस सीरीज में सर्वाधिक रन (271 रन) तिलकरत्ने दिलशान ने बनाए।
- सीरीज में सर्वाधिक विकेट (12 विकेट) तिलकरत्ने दिलशान ने लिए।
- इस सीरीज में इंडिया लीजेंड्स के कप्तान सचिन तेंदुलकर और श्रीलंका लीजेंड्स के कप्तान तिलकरत्ने दिलशान थे।
- इस टी-20 टूर्नामेंट का उद्देश्य देश में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करना था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/sports/road-safety-world-series-2021-full-schedule-match-time-live-streaming-121022600574_1.html

दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम का भारत दौरा, 2021

प्रश्न-23 मार्च, 2021 को भारत की महिला क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम के मध्य संपन्न 3 टी-20 मैचों की श्रृंखला में किसे 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया है?

(a) राजश्वेरी गायकवाड़ (b) शेफाली वर्मा (c) लिजेले ली (d) स्मृति मंधाना

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 7 मार्च, 2021 से 23 मार्च, 2021 तक दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम और भारत की महिला क्रिकेट टीम के बीच 5 वनडे मैचों और 3 टी-20 मैचों की श्रृंखला भारत में संपन्न हुई।
- 5 वनडे मैचों की श्रृंखला दक्षिण अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम ने 4-1 से जीती।
- इस वनडे श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका की लिजेले ली को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।
- भारत ने मात्र दूसरा वनडे मैच जीता था।
- 23 मार्च, 2021 को संपन्न 3 टी-20 मैचों की श्रृंखला दक्षिण अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम ने 2-1 से जीत ली।भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इस श्रृंखला के तीसरे और अंतिम टी-20 मैच को 9 विकेट से जीता।
- इस टी-20 श्रृंखला के तीसरे और अंतिम टी-20 मैच में भारत की राजेश्वरी गायकवाड़ को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुनी गई।
- टी-20 श्रृंखला में भारत की शेफाली वर्मा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुनी गईं।
- इस श्रृंखला के सभी वनडे और टी-20 मैच लखनऊ स्थित श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bcci.tv/events/23459/india-women-v-south-africa-women-2021

फुटबॉल

हीरो भारतीय महिला फुटबॉल लीग, 2020-21

प्रश्न-हीरो भारतीय महिला लीग फुटबॉल, 2021-21 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?

(a) महाराष्ट्र (b) पश्चिम बंगाल (c) ओडिशा (d) मणिपुर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 28 फरवरी, 2021 को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने घोषणा की कि हीरो भारतीय महिला फुटबॉल लीग के 2020-21 संस्करण का आयोजन ओडिशा में किया जाएगा।
- कोविड-19 के कारण इस लीग को वर्ष 2020 में स्थगित कर दिया गया था।
- उल्लेखनीय है कि भारत वर्ष 2022 में 2 अंतरराष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा।
- इन दो प्रतियोगिताओं में एएफसी महिला एशियाई कप और फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.the-aiff.com/article/hero-iwl-2020-21-to-be-hosted-in-odisha

शतरंज

मेल्टवाटर चैंपियंस चेस टूर (मैग्नस कार्लसन इनविटेशनल), 2021

प्रश्न-21 मार्च, 2021 को संपन्न मेल्टवाटर चैंपियंस चेस टूर (मैग्नस कार्लसन इनविटेशनल), 2021 का खिताब किसने जीता है?

(a) वेस्ली सो (b) मैग्नस कार्लसन (c) इयान नेपोंनियची (d) अनीश गिरी



उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 13 -21 मार्च, 2021 के मध्य मेल्टवाटर चैपियंस चेस टूर (मैग्नस कार्लसन इनविटेशनल), 2021 संपन्न हुआ।
- मैग्नस कार्लसन इनविटेशनल का खिताब नीदरलैंड्स के अनीश गिरी ने जीता।
- गिरी ने यह खिताब फाइनल में रूस के इयान नेपोंनियची को टाइब्रेकर में 2-0 पराजित कर यह खिताब जीता है।
- नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन तीसरे और अमेरिका के वेस्ली सो चौथे स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://championschesstour.com/magnus-carlsen-invitational/

बैडमिंटन

योनेक्स ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप,2021

प्रश्न-21 मार्च, 2021 को संपन्न योनेक्स ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2021 के पुरुष एकल खिताब किसने जीता है?

(a) केंटो मोमोता (b) ब्रायन यंग (c) ली जी जिया (d) विक्टर एक्सेलसेन

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 17-21 मार्च, 2021 के मध्य बीडब्ल्यूएफ (BWF) वर्ल्ड टूर की योनेक्स ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2021 बर्मिंघम, इंग्लैंड में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष एकल
- विजेता-ली जी जिया (मलेशिया)
- उपविजेता- विक्टर एक्सेलसेन (डेनमार्क)
- महिला एकल
- विजेता-नोजोमी ओकुहारा (जापान)
- उपविजेता-पोर्नपावी चोचुवोंग (थाईलैंड)
- पुरुष युगल विजेता-हीरोयुकी एंडो और युता वातानबे (दोनों जापान)
- उपविजेता-ताकेशी कामुरा और केइगो सोनोडा (दोनों जापान)
- महिला युगल
- उपविजेता-मायु मात्सुमोतो और वकाना नागाहारा (दोनों जापान)
- उपविजेता-युकी फुकुशिमा और सायका हिरोता (दोनों जापान)
- मिश्रित युगल
- विजेता-युता वातानबे और अरिसा हिगाशिनो (दोनों जापान)
- उपविजेता-युकी कानेको और मिसाकी मात्सुमोतो (दोनों जापान)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://bwfworldtour.bwfbadminton.com/tournament/3982/yonex-all-england-open-badminton-championships-2021/results/draw/ms

मुक्केबाजी

35वां बॉक्सम अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग टूर्नामेंट, 2021

प्रश्न-7 मार्च, 2021 को संपन्न 35 वें बॉक्सम अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग टूर्नामेंट में किस भारतीय पुरुष मुक्केबाज ने भारत के लिए एकमात्र स्पर्ण पदक जीता है?

(a) मोहम्मद हुसामउद्दीन (b) सतीश कुमार (c) मनीष कौशिक (d) विकास कृष्ण

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 1-7 मार्च, 2021 के मध्य 35 वां बॉम्सम (Boxam) अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग टूर्नामेंट, 2021 कास्टेलोन, स्पेन में संपन्न हुआ।इस टूर्नामेंट में 17 देशों के मुक्केबाजों ने भाग लिया।
- टूर्नामेंट में इटली ने 5 स्वर्ण पदक और 4 कांस्य पदक (कुल 9 पदक) प्राप्त किए और पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।स्पेन 4 स्वर्ण, 3 रजत, 3 कांस्य पदक (कुल 10 पदक) प्राप्त कर पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा।अमेरिका ने 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक (कुल 3 पदक) प्राप्त किए और पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा।
- भारत ने 1 स्वर्ण, 8 रजत और 1 कांस्य पदक (कुल 10 पदक) प्राप्त किए और पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा।
- भारत की तरफ से एकमात्र स्वर्ण पदक मनीष कौशिक ने 63 किग्रा. भार वर्ग के वेल्टरवेट स्पर्धा में जीता।
- फाइनल में मनीष कौशिक ने डेनमार्क के निकोलई टी. को पराजित किया।
- रजत पदक

1. 1.सतीश कुमार-सुपर हैवीवेट स्पर्धा (+91 किग्रा.)
   2.सुमित सांगवान-हैवीवेट स्पर्धा (+81 किग्रा.)
   3.विकास कृष्ण-वेल्टरपेट स्पर्धा (69 किग्रा.)
   4.मोहम्मद हुसामुद्दीन-फ्लाईवेट स्पर्धा (57 किग्रा.)
   5.पूजा रानी-मिडिलवेट स्पर्धा (57 किग्रा.)

- एम.सी. मैरीकॉम ने फ्लाईवेट स्पर्धा के 51 किग्रा. भार वर्ग में कांस्य पदक जीता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/sports/boxing/boxer-manish-kaushik-strikes-gold-at-boxam-international/articleshow/81369123.cms

गोल्फ

अगस्ता मास्टर्स टूर्नामेंट, 2021

प्रश्न-11 अप्रैल, 2021 को संपन्न गोल्फ प्रतियोगिता अगस्ता मास्टर्स टूर्नामेंट, 2021 का खिताब किसने जीता है?

(a) हिदेकी मात्सुयामा (b) बिल जलटोरिस (c) जॉर्डन स्पीथ (d) पैट्रिक रीड

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 8-11 अप्रैल, 2021 के मध्य पीजीटीए टूर सत्र, 2021 की गोल्फ प्रतियोगिता अगस्ता मास्टर्स टूर्नामेंट, 2021 अगस्ता नेशनल गोल्फ क्लब, अगस्ता (जॉर्जिया), संयुक्त राज्य अमेरिका में संपन्न हुई।,
- इस प्रतियोगिता का खिताब जापानी गोल्फर हिदेकी मात्सुयामा ने जीता यह खिताब जीतने वाले एशियाई मूल के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।
- अमेरिकी गोल्फर विल जलटोरिस दूसरे स्थान पर रहे।

द होंडा क्लासिक, 2021

प्रश्न-21 मार्च, 2021 को संपन्न गोल्फ प्रतियोगिता द होंडा क्लासिक, 2021 का खिताब किसने जीत लिया?

(a) ब्रैंडन हागी (b) मैट जोंस (c) ब्रैंडन स्टील (d) पैन चेंग तुंग

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18-21 मार्च, 2021 के मध्य पीजीए टूर सत्र, 2021 की गोल्फ प्रतियोगिता द होंडा क्लासिक, 2021 फ्लोरिडा, संयुक्त राज्य अमेरिका में संपन्न हुई।
- ऑस्ट्रेलिया के गोल्फर मैट जोंस (Matt Jones) ने इस प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया।
- अमेरिकी गोल्फर ब्रैंडन हागी दूसरे स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://thehondaclassic.com/

दिल्ली एनसीआर ओपन, 2021

प्रश्न-19 मार्च, 2021 को संपन्न गोल्फ प्रतियोगिता दिल्ली-एनसीआर ओपन, 2021 का खिताब किस गोल्फर ने जीता है?

(a) चिक्कारंगप्पा एस (b) शिवेंद्र सिंह सिसोदिया (c) उदयन माने (d) करणदीप कोचर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 16-19 मार्च, 2021 के मध्य पीजीटीआई टूर सत्र, 2021 की गोल्फ प्रतियागिता दिल्ली-एनसीआर ओपन, 2021 गोल्डेन ग्रीन्स गोल्फ क्लब, गुरुग्राम, हरियाणा में संपन्न हुई।
- इस प्रतियोगिता का खिताब पुणे के गोल्फर उदयन माने ने जीत लिया है।
- पीजीटीआई का माने द्वारा विजित यह 11वां खिताब है।
- गुरुग्राम के शिवेंद्र सिंह सिसोदिया, बंगलुरू के चिक्कारंगप्पा एस.और पटना के अमन राज संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.pgtofindia.com/tournament/614

कॉमर्शियल बैंक कतर मास्र्ट्स, 2021

प्रश्न-14 मार्च, 2021 को संपन्न गोल्फ प्रतियोगिता कॉर्मार्शियल बैंक मास्टर्स, 2021 का खिताब किसने जीता है?

(a) गगनजीत भुल्लर (b) गुइडो मिगलिओजी
(c) डैरेन फिचार्ड (d) एंटोइने रोजनेर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 11-14 मार्च, 2021 के मध्य गोल्फ प्रतियोगिता कॉमर्शियल बैंक कतर मास्टर्स, 2021 एजुकेशन सिटी गोल्प क्लब, दोहा, कतर में संपन्न हुई।इस प्रतियोगिता का खिताब फ्रांस के एंटोइने रोजनेर ने जीता।भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर इटली के गुइडो मिगलिओजी और दक्षिण अफ्रीका के डैरेन फिचार्ड के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.qatar-masters.com/

फॉर्मूला वन

एमिलिया रोमाग्ना ग्रैंड प्रिक्स, 2021

प्रश्न-18 अप्रैल, 2021 को संपन्न फॉमूला वन कार रेस एमिलिया रोमाग्ना ग्रैंड प्रिक्स, 2021 का खिताब किसने जीता?

(a) लुईस हैमिल्टन (b) लैंडो नॉरिस (c) मैक्स वर्सटाप्पेन (d) डेनियल रिकियार्डो

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 16-18 अप्रैल, 2021 के मध्य फॉमूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2021 की दूसरी रेस एमिलिया रोमाग्ना ग्रैंड प्रिक्स, 2021 इमोला, इटली में संपन्न हुई।यह रेस रेडबुल के ड्राइवर मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैंड्स) ने जीत लिया।मर्सिडिज के ड्राइवर लुईस हैमिल्टन (यू.के.) दूसरे स्थान पर रहे।
- मैक्लारेन के ड्राइवर लैंडो नॉरिस (यू.के.) ने तीसरा स्थान हालिस किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.formula1.com/en/latest/article.verstappen-takes-victory-from-hamilton-and-norris-in-action-packed-grand.4skUwE9rxHf7BE1xI2M1AG.html

खेल विविध

सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप, 2021

प्रश्न-18 अप्रैल, 2021 को संपन्न सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप, 2021 में भारत कुल कितने पदक प्राप्त कर पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा?

(a) 11 (b) 12 (c) 14 (d) 16

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 13-18 अप्रैल, 2021 के मध्य सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप, 2021 (34वां संस्करण) अलमाटी, कजाखस्तान में संपन्न हुई।
- इस प्रतियोगिता में ईरान और कजाखस्तान ने बराबर-बराबर कुल 17 पदक (7 स्वर्ण, 5 रजत और 5 कांस्य) जीते।
- ईरान और कजाखस्तान ने संयुक्त रूप से पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किए।

- भारत ने कुल 14 पदक (5 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य) जीते और पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा।
- भारतीय स्वर्ण पदक विजेता
- रवि कुमार दहिया-57 किग्रा. पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धा
- विनेश फोगाट-53 किग्रा. महिला फ्रीस्टाइल स्पर्धा
- अंशु मलिक-57 किग्रा. महिला फ्रीस्टाइल स्पर्धा
- सरिता मोर-59 किग्रा. महिला फ्रीस्टाइल स्पर्धा
- दिव्या काकरन-72 किग्रा. महिला फ्रीस्टाईल स्पर्धा
- भारतीय रजत पद विजेता
- बजरंग पूनिया-65 किग्रा. पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धा
- दीपक पूनिया-86 किग्रा. पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धा
- साक्षी मालिक-65 किग्रा. महिला फ्रीस्टाइल स्पर्धा
- करन मोर, नरसिंह यादव, संजीत, सत्यवंत कादियान, सीमा बिस्ला, और पूजा सिहाग ने अपने-अपने भार वर्ग में फ्रीस्टाइल स्पर्धा में कांस्य पदक जीते।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://uww.org/event/asian-championships-16?tab=schedule

आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप, 2021

प्रश्न-5 मार्च, 2021 को काहिरा, मिस्र में संपन्न आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप, 2021 में कौन-सा देश पदक तालिका में शीर्ष पर रहा?

(a) रूस (b) क्रोएशिया (c) स्पेन (d) यूक्रेन

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 22 फरवरी, 2021 से 5 मार्च, 2021 के मध्य आईएसएसएफ (SSF) शॉटगन विश्व कप, 2021 काहिरा, मिस्र में संपन्न हुआ।
- शॉटगन विश्व कप में रूस ने कुल 9 पदक (5 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य) प्राप्त कर पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा।
- क्रोएशिया ने केवल 2 स्वर्ण पदक के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा।
- स्पेन ने कुल 4 पदक (1 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य) प्राप्त किया और पदक तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया।

- भारत ने इसमें 1 रजत और 1 कांस्य पदक प्राप्त किया और मिस्र के साथ पदक तालिका में 7 वें स्थान पर रहा।
- भारतीय महिलाओं ने महिला ट्रैप टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता।
- पुरुष स्कीट टीम स्पर्धा में भारत ने कांस्य पदक जीता।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.issf-sports.org/calendar.ashx

दूसरा खेलो इंडिया राष्ट्रीय शीतकालीन खेल, 2021

प्रश्न-2 मार्च, 2021 को संपन्न दूसरे खेलो इंडिया राष्ट्रीय शीतकालीन खेलो, 2021 में किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया?

(a) उत्तराखंड (b) हिमाचल प्रदेश (c) जम्मू-कश्मीर (d) दिल्ली

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 26 फरवरी, 2021 से 2 मार्च, 2021 तक दूसरे खेलो इंडिया राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों का आयोजन गुलमर्ग, जम्मू-कश्मीर में किया गया।
- इसमें 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 1000 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया।
- 26 फरवरी को दूसरे खेलो इंडिया राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया।
- इसका आयोजन केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल और जम्मू-कश्मीर के शीतकालीन खेल संगठन के सहयोग से किया।
- दूसरे संस्करण में केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर ने कुल 34 पदक (11 स्वर्ण, 18 रजत और 5 कांस्य) जीते और वह पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।
- पहले संस्करण में भी जम्मू-कश्मीर ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.olympicchannel.com/en/stories/news/detail/2nd-khelo-india-winter-games-at-gulmarg-what-is-it-all-about/

चर्चित खेल व्यक्तित्व

आईपीएल में 350 छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी

प्रश्न-12 अप्रैल, 2021 की क्रिस गेल आईपीएल में 350 छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने। वह आईपीएल, 2021 में किस टीम से खेल रहें हैं?

(a) रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (b) राजस्थान रॉयल्स (c) पंजाब किंग्स (d) दिल्ली कैपिटल्स

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 12 अप्रैल, 2021 को पंजाब किंग्स के बल्लेबाज क्रिस गेल आईपीएल में 350 छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।
- उन्होंने यह उपलब्धि राजस्थान रॉयल के विरुद्ध हासिल की।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/cricket/rr-vs-pbks-chris-gayle-becomes-only-player-to-hit-350-sixes-in-ipl-101618241374744.html

अमेरिकी पुरुष हॉकी टीम के नए मुख्य कोच

प्रश्न-अप्रैल, 2021 में किसे अमेरिकी पुरुष हॉकी टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है?

(a) प्रभजोत सिंह (b) संदीप लाकड़ा (c) परभट सिंह (d) हरेंद्र सिंह

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- अप्रैल, 2021 को भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कोच हरेंद्र सिंह को अमेरिकी पुरुष टीम का नया कोच नियुक्त किया गया है।
- हरेंद्र के मार्गदर्शन में भारतीय महिला टीम ने भी वर्ष 2017 में एशिया कप में स्वर्ण पदक जीता।
- हरेंद्र सिंह को वर्ष 2012 में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/sports/hockey/former-india-hockey-coach-harendra-singh-named-head-coach-of-us-men-s-team-101617866916471.html#:~:text=hockey-,Former%20India%20hockey%20coach%20Harendra%20Singh%20named%20head%20coach%20of,women's%20team%20for%20some%20time

स्पोर्ट्स एक्सेंज के ब्रांड एंबेसेडर

प्रश्न-अप्रैल, 2021 में फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म स्पोर्ट्स एक्सचेंज ने किस भारतीय क्रिकेटर को अपना ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त किया है?

(a) रोहित शर्मा (b) विराट कोहली (c) पृथ्वी शॉ (d) संजू सैमसन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- अप्रैल, 2021 में फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म स्पोर्ट्स एक्सचेंज ने भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ को अपना ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त किया है।
- स्पोर्ट्स एक्सचेंज अपने एकीकृत अभियान के हिस्से के रूप में 'यहां है कुछ एक्सट्रा' थीम के साथ बेहद दिलचस्प और मनोरंजक विज्ञापनों का निर्माण करेगा, जिसमें पृथ्वी शॉ नजर आएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.exchange4media.com/digital-news/sportzxchange-ropes-in-prithvi-shaw-as-brand-ambassador-112096.html#:~:text=Hari%20Narayan%2C%20founder%20%26%20CEO%20of,an%20exciting%20journey%20with%20SportzXchange.

एक ओवर में 6 छक्के लगाने वाले विश्व के तीसरे बल्लेबाज

प्रश्न-4 मार्च, 2021 को कौन बल्लेबाज किसी अंतरराष्ट्रीय मैच में 1 ओवर में 6 छक्के लगाने वाला विश्व का तीसरा बल्लेबाज बना?

(a) क्रिस गेल (b) कीरोन पोलार्ड (c) एरोन फिंच (d) ग्लेन मैक्सवेल

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 4 मार्च, 2021 को वेस्टइंडीज के बल्लेबाज कीरोन पोलार्ड किसी अंतरराष्ट्रीय मैच में एक ओवर में 6 छक्के लगाने वाले विश्व के तीसरे बल्लेबाज बने।
- यह उपलब्धि उन्होंने श्रीलंका के विरुद्ध खेली जा रही 3 टी-20 मैचों की शृंखला के पहले मैच में हासिल की।
- उन्होंने 6 गेंदों पर 6 छक्के श्रीलंकाई स्पिनर अकिला दानंजय की गेंदों पर लगाए।
- पोलार्ड से पूर्व किसी अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत के युवराज सिंह और दक्षिण अफ्रीका के हर्शेल गिब्स 1 ओवर में 6 छक्के लगा चुके हैं।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.espncricinfo.com/series/sri-lanka-tour-of-west-indies-2020-21-1252062/west-indies-vs-sri-lanka-1st-t20i-1252066/ball-by-ball-commentary

वनडे क्रिकेट में पर्दापण मैच में सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड

प्रश्न-मार्च, 2021 में वनडे क्रिकेट में अपने पदार्पण मैच में किस क्रिकेटर ने सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया है?

(a) सूर्य कुमार यादव (b) क्रुणाल पांड्या (c) राहुल तेवतिया (d) ईशान किशन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 23 मार्च, 2020 को महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, पुणे में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए पहले वनडे मैच में क्रुणाल पांड्या ने अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया।
- इस मैच में क्रुणाल पांड्या ने 26 गेंदों पर 50 रन बनाकर वनडे क्रिकेट में पदार्पण मैच में सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया।
- पांड्या ने न्यूजीलैंड के जॉन मारिस का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिन्होंने वर्ष 1990 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्दापण मैच में 35 गेंदों पर अर्धशतक बनाया था।
- क्रुणाल ने इस मैच में 31 गेंदों पर 7 चौकों और 2 छक्कों की मदद से नाबाद 58 रन बनाए।
- वह भारत की तरफ से वनडे क्रिकेट में पदार्पण मैच में अर्धशतक लगाने वाले 15वें बल्लेबाज हैं।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.dnaindia.com/cricket/report-krunal-pandya-and-prasidh-krishna-to-make-debut-for-india-against-england-in-1st-odi-2882650

एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 7000 रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर

प्रश्न-14 मार्च, 2021 को कौन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 7000 रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनी?

(a) सूजी बेट्स (b) बेथ मूनी (c) मिताली राज (d) सोफी डिवाइन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14 मार्च, 2021 को भारतीय महिला क्रिकेटर मिताली राज एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 7000 रन पूरे करने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गईं।
- मिताली ने दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध लखनऊ में खेली जा रही सीरीज के चौथे एकदिवसीय मैच (213वां मैच) में यह उपलब्धि हासिल की।
- वह 213 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 6000 रन पूरे करने वाली पहली महिला क्रिकेटर हैं।
- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुकी इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स 5992 एकदविसीय अंतरराष्ट्रीय रन के साथ सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं।
- 12 मार्च, 2021 को तीसरी एकदिवसीय के दौरान मिताली सभी प्रारूपों में 10,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने वाली पहली भारतीय और दूसरी महिला क्रिकेटर बनीं।
- मिताली ने वनडे में सर्वाधिक 1798 रन इंग्लैंड के विरुद्ध 55 मैचों में बनाए हैं।
- मिताली को लगातार 7 अर्धशतक लगाने के रिकॉर्ड के लिए वर्ष 2017 में वॉग स्पोर्ट्स ऑफ द ईयर पुरस्कार और वर्ष 2017 में विजडन लीडिंग वुमेन क्रिकेटर इन द वर्ल्ड से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sport/cricket/mithali-becomes-first-woman-cricketer-to-complete-7000-odi-runs/article34066061.ece#:~:text=%23TeamIndia%20ODI%20skipper%20becomes%20the,been!%22%20the%20BCCI%20tweeted.&text=The%2038%2Dyear%2Dold%2C,6%2C000%20runs%20in%20women's%20ODIs.

टी-20 इंटरनेशनल में 3000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर

प्रश्न-14 मार्च, 2021 को कौन क्रिकेटर टी-20 इंटरनेशनल में 3000 रन बनाने वाला विश्व का पहला क्रिकेटर बना?

(a) विराट कोहली (b) रोहित शर्मा (c) इयॉन मोर्गन (d) जोए रूट

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 14 मार्च, 2021 को भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली टी-20 इंटरनेशनल में 3000 रन बनाने वाले विश्व के पहले क्रिकेटर बन गए हैं।
- यह उपलब्धि उन्होंने इंग्लैंड के विरुद्ध 5 टी-20 मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में अहमदाबाद में हासिल की।
- टी-20 क्रिकेटर में सर्वाधिक रन के मामले में रोहित शर्मा (2,839 रन) दूसरे स्थान पर हैं।

- इस मैच में कोहली ने कप्तान के तौर पर 12000 अंतरराष्ट्रीय रन सबसे कम पारियों में पूरे किए।
- कोहली रिकी पोंटिंग (15440 रन) और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्री स्मिथ (14878 रन) के बाद इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं।
- इस मैच में कोहली ने 26 वां अर्धशतक लगाया और टी20 इंटरनेशनल में सबसे अधिक अर्धशतक लगाने वाले खिलाड़ी बने।
- इससे पूर्व यह रिकॉर्ड कोहली और रोहित शर्मा (25-25 अर्धशतक) के नाम संयुक्त रूप से था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/sports/cricket/story/virat-kohli-becomes-first-cricketer-to-score-3-000-t20-international-runs-1779282-2021-03-14#:~:text=India%20captain%20Virat%20Kohli%20became,the%20second%20T20I%20at%20Motera.

संक्षिप्तियां

चर्चित व्यक्ति

वीवो के ब्रांड एंबेसेडर

प्रश्न-7 अप्रैल, 2021 को चाईनीज स्मार्टफोन कंपनी वीवो (VIVO) ने किस भारतीय क्रिकेटर को अपना ब्रांड एंबेसेडर बनाया है?

(a) महेंद्र सिंह धौनी (b) विराट कोहली (c) ऋषभ पंत (d) शुभमन गिल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 7 अप्रैल, 2021 को चाइनीज स्मार्टफोन कंपनी वीवो (VIVO) ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली को कंपनी का ब्रांड एंबेसेडर बनाने की घोषणा की।
- कोहली वीवो के आने वाले प्रोडक्ट्स के लांच को प्रोमोट करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/companies/vivo-ropes-in-virat-kohli-as-brand-ambassador-ahead-of-ipl-2021-121040700616_1.html#:~:text=Chinese%20smartphone%20major%20Vivo%20on,with%20Kohli%2C%20a%20statement%20said.

फातमा जकारिया

प्रश्न-6 अप्रैल, 2021 को फातमा जकारिया का निधन हो गया। वह थीं-

(a) शिक्षाविद् एवं पत्रकार (b) कानूनविद् (c) इतिहासकार (d) पर्यावरणविद्

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 6 अप्रैल, 2021 को प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं पत्रकार फातमा जकारिया का निधन हो गया। वह 85 वर्ष की थी।
- वह 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' की संपादक थीं।
- वह मौलाना आजाद एजुकेशनल ट्रस्ट की अध्यक्ष भी थीं।
- इन्हें 1983 में पत्रकारिता के लिए सरोजिनी नायडू एकीकरण पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।
- उन्हें वर्ष 2006 में केंद्र सरकार द्वारा 'पद्म श्री' से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/national/general-news/renowned-journalist-padmashree-awardee-fatima-rafiq-zakaria-passes-away-in-aurangabad20210406225039/

अटल इनोवेशन मिशन के नए मिशन निदेशक

प्रश्न-5 अप्रैल, 2021 को कौन अटल इनोवेशन मिशन के नए मिशन निदेशक नियुक्त हुए?

(a) डॉ. रामनाथन रमनन (b) डॉ. चिंतन वैष्णव

(c) डॉ. डी. रामास्वामी (d) डॉ. सौम्या अग्रवाल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 अप्रैल, 2021 को प्रसिद्ध सामाजिक-तकनीकविद् डॉ.चिंतन वैष्णव अटल इनोवेशन मिशन के (AIM) नए मिशन निदेशक के रूप में नियुक्त हुए।
- वह मध्य अप्रैल, 2021 से पदभार ग्रहण करेंगे।
- एआईएम, (AIM) नीति आयोग के तत्वावधान में भारत सरकार की प्रमुख पहल है।
- इसका उद्देश्य देशभर में नवोन्मेषण तथा उद्यमशीलता के लिए एक गतिशील परितंत्र का निर्माण करना तथा बढ़ावा देना है।
- वर्तमान में वह अमेरिका के मैसाच्यूट्स इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) में कार्यरत हैं।

- इस पद पर वह डॉ. रामनाथन रमनन का स्थान ग्रहण करेंगे।
- अभी तक एआईएम ने 650 जिलों में 7259 अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाओं की स्थापना की है।
- इसके जरिए 3.5 मिलियन छात्रों को उभरती प्रौद्योगिकियों की सुविधा प्रदान की है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1709564

दिग्विजय सिंह झाला

प्रश्न-3 अप्रैल, 2021 को दिग्विजय सिंह झाला का निधन हो गया। वह थे?

(a) राजनेता (b) चित्रकार (c) साहित्यकार (d) इतिहासकार

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 3 अप्रैल, 2021 को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता दिग्विजय सिंह झाला का निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे।
- इन्होंने 1982-84 तक तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की कैबिनेट में देश के प्रथम पर्यवरण मंत्री के रूप में कार्य किया था।
- वह वर्ष 1979-1989 के मध्य सुरेंद्र नगर (गुजरात) से कांग्रेस पार्टी से लोकसभा सदस्य रहे।
- साथ ही वह 1962-1967, 1967-1972 के मध्य गुजरात के वांकानेर विधानसभा के सदस्य रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/national/general-news/former-union-minister-digvijaysinh-zala-passes-away-at-88202104041010 22/

इसामु अकासाकी

प्रश्न-1 अप्रैल, 2021 को प्रसिद्ध जापानी भौतिक विज्ञानी इसामु अकासाकी का निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

(a) वर्ष 2009 (b) वर्ष 2014 (c) वर्ष 2016 (d) वर्ष 2018

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1 अप्रैल, 2021 को जापान के प्रसिद्ध भौतिकी विज्ञानी इसामु अकासाकी (Isamu Akasaki) का निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।

- इन्होंने 1989 में दुनिया के पहले चमकीले गैलियम नाइट्राइड (GaN) ब्लू एलईडी का आविष्कार किया था।
- उन्हें ब्लू एलईडी (LED: Light Emitting Diodes) की खोज के लिए हिरोशी अमानो और शुजी नाकामूरा के साथ वर्ष 2014 के भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nobelprize.org/prizes/physics/2014/akasaki/facts/

पीईएसबी की नई अध्यक्ष

प्रश्न-1 अप्रैल, 2021 को केंद्र सरकार ने किसे सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (PESB) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया?

(a) मल्लिका श्रीनिवासन (b) सौरभ गर्ग (c) अरुधंति भट्टाचार्या (d) राहुल गर्ग

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 अप्रैल, 2021 को केंद्र सरकार ने निजी क्षेत्र की कंपनी ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट (TAFE) लि. की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मल्लिका श्रीनिवासन को सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (PESB) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया।
- यह पहला अवसर है, जब किसी निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ को पीईएसबी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण के दिन से 3 वर्ष तक के लिए अथवा 65 वर्ष की आयु होने तक के लिए की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/blink/know/breaking-the-mould/article34271019.ece

ईएसआईसी के नए महानिदेशक

प्रश्न-1 अप्रैल, 2021 को किसने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) के नए महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया?

(a) गुरप्रीत सिंह (b) सौरभ गर्ग (c) मुखमीत एस.भाटिया (d) अरविंद सिंह

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 अप्रैल, 2021 को वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मुखमीत एस.भाटिया ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) के नए महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- वह वर्ष 1990 बैच के झारखंड कैडर के आईएएस अधिकारी हैं।
- इससे पूर्व उन्होंने वि Aत्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग में अतिरिक्त सचिव के रूप में काम किया था।
- ईएसआईसी, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत एक विधायी एवं स्वायत्त निकाय है।
- इसकी स्थापना कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत की गई है।
- इस योजना का उद्घाटन 24 फरवरी, 1952 को कानपुर में पं. जवाहरलाल नेहरू द्वारा किया गया था।
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1708976

शंख घोष

प्रश्न-21 अप्रैल, 2021 को प्रसिद्ध बांग्ला कवि, आलोचक एवं शिक्षाविद् शंख घोष का निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष के प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

(a) वर्ष 2014 (b) वर्ष 2016 (c) वर्ष 2019 (d) वर्ष 2012

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 21 अप्रैल, 2021 को प्रसिद्ध बांग्ला कवि, आलोचक एवं शिक्षाविद् शंख घोष का निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे।
- उन्हें वर्ष 2016 के प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2011 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।
- 'बाबरेर प्रार्थना' के लिए वर्ष 1977 में उन्हें साहित्य अकादमी अवॉर्ड मिला था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/cities/kolkata/poet-sankha-ghosh-passes-away-at-89/article34375749.ece

नाडा के नए महानिदेशक

प्रश्न-अप्रैल, 2021 में कौन नाडा (NADA) के नए महानिदेशक नियुक्त हुए?

(a) सिद्धार्थ सिंह लोंग्जाम (b) नवीन अग्रवाल (c) राहुल भटनागर (d) के.डी. सिंह

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- अप्रैल, 2021 में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सिद्धार्थ सिंह लोंग्जाम नाडा (NADA: National Anti Doping Agency) के नए महानिदेशक के रूप में नियुक्त हुए।वर्तमान में वह युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं।इस पद पर वह नवीन अग्रवाल का स्थान लेंगे।नाडा के बारे मेंयह देश में अपने सभी रूपों में डोपिंग नियंत्रण कार्यक्रम को बढ़ावा देने समन्वय और निगरानी के लिए राष्ट्रीय संगठन है।इसकी स्थापना वर्ष 2005 में हुई थी।इसका मुख्यालय नई दिल्ली में हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://government.economictimes.indiatimes.com/news/governance/senior-ias-officer-siddharth-singh-longjam-to-assume-nada-chief-charge/82048750

न्यायमूर्ति अंशुमान सिंह

प्रश्न-8 मार्च, 2021 को न्यायमूर्ति अंशुमान सिंह का निधन हो गया। वह किन राज्यों के राज्यपाल रहे?

(a) गुजरात एवं राजस्थान (b) बिहार एवं उत्तर प्रदेश

(c) उत्तराखंड एवं राजस्थान (d) उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 8 मार्च, 2021 को गुजरात एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल न्यायमूर्ति अंशुमान सिंह का निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे।
- वह वर्ष 1998 से वर्ष 1999 तक गुजरात के राज्यपाल रहे।
- वर्ष 1999 से 2003 तक वह राजस्थान के गवर्नर रहे।
- वह राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश भी थे।

निकोलाई सनेसारेव

प्रश्न-5 मार्च, 2021 को भारत के मध्यम और लंबी दूरी के एथलेटिक्स कोच निकोलाई सनेसारेव का एनआईएस, पटियाला में निधन हो गया। वह किस देश से संबंधित थे?

(a) यूक्रेन (b) केन्या (c) बेलारूस (d) इथियोपिया

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 5 मार्च, 2021 को भारत के मध्यम और लंबी दूरी के एथलेटिक्स कोच निकोलाई सेनसारेव का निधन हो गया।
- एथलेटिक्स कोच नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (NIS), पटियाला में अपने हॉस्टल के कमरे में मृत पाए गए।
- ऐ मूलत: बेलारूस के थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.olympicchannel.com/en/stories/features/detail/nikolai-snesarev-the-late-belarusian-coach-s-contribution-to-indian-athletics/

अनुसूचित जाति के लिए राष्ट्रीय आयोग के नए अध्यक्ष

प्रश्न-24 फरवरी, 2021 को किसने अनुसूचित जाति के लिए राष्ट्रीय आयोग के नए अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया?

(a) विजय सांपला (b) डॉ. रामशंकर कठेरिया (c) एल.मुरूगन (d) डॉ. योगेंद्र पासवान

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 24 फरवरी, 2021 को पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री विजय सांपला ने अनुसूचित जाति के लिए राष्ट्रीय आयोग (NCSC: National Commission for Scheduled Castes) के नए अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- वह वर्ष 2014-19 के बीच सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के राज्यमंत्री के रूप में काम कर चुके हैं।
- वह पंजाब के होशियारपुर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सदस्य भी रहे।
- इस पद पर वह डॉ. रामशंकर कठेरिया का स्थान लिया।
- NCSC भारतीय संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत एक संवैधानिक संस्थान है।

- जिसमें एक अध्यक्ष एक उपाध्यक्ष तथा 3 सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
- इनका कार्यकाल पदभार ग्रहण की तिथि से 3 वर्षों का होता है।
- आयोग के अध्यक्ष को संघ के कैबिनेट मंत्री तथा उपाध्यक्ष को राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1700445

(FIEO) के नए अध्यक्ष 2020-21

प्रश्न-23 फरवरी, 2021 को को किसे भारतीय निर्यात संगठनों के संघ (FIEO) के नए अध्यक्ष चुने गए?

(a) उदय कोटक (b) डॉ.ए. शक्तिवेल (c) राहुल खुल्लर (d) शरद कुमार सर्राफा

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 23 फरवरी, 2021 को पॉपीज ग्रुप ऑफ कंपनीज के संस्थापक डॉ. ए. शक्तिवेल को भारतीय निर्यात संगठनों के संघ (FIEO: Federation of indian Export Organisation) के नए अध्यक्ष चुने गए।
- वह वर्तमान में अपैरेल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (AEPC) के अध्यक्ष भी हैं।
- इस पद पर वह शरद कुमार सर्राफ का स्थान लेंगे।
- FIEO के बारे में।
- केंद्रीय वाणिज्यि एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा वर्ष 1965 में स्थापित।
- मुख्यालय। नई दिल्ली।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.fieo.org/view_section.php?lang=0&id=0,5,11

फातमा जकारिया

प्रश्न-6 अप्रैल, 2021 को फातमा जकारिया का निधन हो गया। वह थीं-

(a) शिक्षाविद् एवं पत्रकार (b) कानूनविद् (c) इतिहासकार (d) पर्यावरणविद्

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 6 अप्रैल, 2021 को प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं पत्रकार फातमा जकारिया का निधन हो गया। वह 85 वर्ष की थी।
- वह 'मुंबई टाइम्स' और 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' (Sunday editor) की संपादक थीं।
- इसके अलावा वह ताज होटल्स की 'ताज मैगजीन' की भी संपादक थीं।
- वह मौलाना आजाद न्यास की अध्यक्ष भी थीं।
- उन्हें वर्ष 2006 में केंद्र सरकार द्वारा 'पद्म श्री' से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/cities/mumbai/former-editor-fatma-zakaria-dies-at-85-7261816/

अटल इनावेशन मिशन के नए मिशन निदेशक

प्रश्न-5 अप्रैल, 2021 को कौन अटल इनोवेशन मिशन के नए मिशन निदेशक नियुक्त हुए?

(a) डॉ. रामनाथन रमनन (b) डॉ. चिंतन वैष्णव (c) डॉ. डी. रामास्वामी

(d) डॉ. सौम्या अग्रवाल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 अप्रैल, 2021 को प्रसिद्ध सामाजिक-तकनीकविद् डॉ.चिंतन वैष्णव अटल इनोवेशन मिशन के (AIM) नए मिशन निदेशक के रूप में नियुक्त हुए।
- वह मध्य अप्रैल में पदभार ग्रहण करेंगे।
- एआईएम (AIM), नीति आयोग के तत्वावधान में भारत सरकार की प्रमुख पहल है।
- इसका उद्देश्य देशभर में नवोन्मेषण तथा उद्यमशीलता के लिए एक गतिशील परितंत्र का निर्माण करना तथा बढ़ावा देना है।
- वर्तमान में वह अमेरिका के मैसाच्यूट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) में कार्यरत हैं।
- इस पद पर वह डॉ. रामनाथन रमनन का स्थान ग्रहण करेंगे।
- अभी तक एआईएम ने 650 जिलों में 7259 अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाओं की स्थापना की है।
- इसके जरिए 3.5 मिलियन छात्रों को उभरती प्रौद्योगिकियों की सुविधा प्रदान की है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/economy/policy/chintan-vaishnav-appointed-as-new-mission-director-for-atal-innovation-mission/article34244014.ece

दिग्विजय सिंह झाला



प्रश्न-4 अप्रैल, 2021 को दिग्विजय सिंह झाला का निधन हो गया। वह थे?

(a) राजनेता (b) चित्रकार (c) साहित्यकार (d) इतिहासकार

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 4 अप्रैल, 2021 को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता दिग्विजय सिंह झाला का निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे।
- वह वर्ष 1982-1984 के मध्य देश के पहले पर्यावरण मंत्री।
- वह वर्ष 1979-1989 के मध्य सुरेंद्र नगर (गुजरात) से कांग्रेस पार्टी से लोकसभा सदस्य रहे।
- साथ ही वह 1962-1967, 1967-1972 के मध्य गुजरात विधानसभा के सदस्य रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/india/indias-first-environment-minister-digvijaysinh-jhala-dies-at-89-7258530/

इसामु अकासाकी

प्रश्न-1 अप्रैल, 2021 को प्रसिद्ध जापानी भौतिक विज्ञानी इसामु अकासाकी का निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

(a) वर्ष 2009 (b) वर्ष 2014 (c) वर्ष 2014 (d) वर्ष 2018

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1 अप्रैल, 2021 को जापान के प्रसिद्ध भौतिकी विज्ञानी इसामु अकासाकी (Isamu Akasaki) का निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।
- वह वर्ष 1989 में चमकीले गैलियम नाइट्राइड (GaN) ब्लू एलईडी का आविष्कार करने हेतु प्रसिद्ध थे।उन्हें ब्लू एलईडी (LED: Light Emitting Diodes) की खोज के लिए हिरोशी अमानो और शुजी नाकामूरा के साथ वर्ष 2014 के भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nytimes.com/2021/04/06/science/isamu-akasaki-dead.html

पीईएसबी की नई अध्यक्ष

प्रश्न-1 अप्रैल, 2021 को केंद्र सरकार ने किसे सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (PESB) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया?

(a) मल्लिका श्रीनिवासन (b) सौरभ गर्ग (c) अरुधंति भट्टाचार्या (d) राहुल गर्ग

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 अप्रैल, 2021 को केंद्र सरकार ने निजी क्षेत्र की कंपनी ट्रेक्टर्स एंड फॉर्म इक्विपमेंट (TAFE) लि. की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेश मल्लिका श्रीनिवासन को सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (PESB) का अध्यक्ष नियुक्त किया।
- यह पहला अवसर है जब किसी निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ को पीईएसबी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण के दिन से 3 वर्ष तक के लिए अथवा 65 वर्ष की आयु होने तक के लिए की गई है।
- गौरतलब है कि पीईएसबी प्रमुख केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSE) में प्रबंधन के शीर्ष पदों पर नियुक्ति की जिम्मेदारी होती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/companies/tafe-chief-mallika-srinivasan-named-head-of-pesb/article34217164.ece

विदेश मंत्रालय के नए प्रवक्ता

प्रश्न-20 मार्च, 2021 को किसने विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के नए प्रवक्ता के रूप में पदभार ग्रहण किया?

(a) अनुज सिंह (b) अनुराग श्रीवास्तव (c) अरिंदम बागची (d) नीना श्रीवास्तव

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 20 मार्च, 2021 को भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अरिंदम बागची ने विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के नए प्रवक्ता के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- वह वर्ष 1995 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं।
- इससे पूर्व वह विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (उत्तर) के रूप में कार्यरत थे।

- इस पद पर इन्होंने अनुराग श्रीवास्तव का स्थान लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/india/arindam-bagchi-to-be-new-spokesperson-of-ministry-of-external-affairs/articleshow/81575859.cms

माई 11 सर्कल के ब्रांड एंबेसडर

प्रश्न-मार्च, 2021 में किस भारतीय क्रिकेटर को फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माई 11 सर्कल का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है?

(a) विराट कोहली (b) ऋषभ पंत (c) अजिंक्य रहाणे (d) ईशान किशन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में भारत की सर्वश्रेष्ठ ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्स 24 × 7 ने भारतीय क्रिकेट और मौजूदा समय में भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान अजिंक्य रहाणे को अपने फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माई 11 सर्कल का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।
- रहाणे से पहले पूर्व भारतीय कप्तान और बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरभ गांगुली, शेन वॉटसन (ऑस्ट्रेलिया), राशिद खान (अफगानिस्तान) और वीवीएस लक्ष्मण (भारत) भी माई 11 सर्कल के साथ ब्रांड एंबेसडर के रूप में जुड़े हुए हैं।
- मार्च में ही छोटे व्यवसायों को ऋण प्रदान करने वाली कंपनी नियोग्रोथ क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड ने भी क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।
- इस समझौते की अवधि 1वर्ष है, जिसे आगे बढ़ाया जा सकता है।
- रहाणे अप्रैल के पहले सप्ताह में शुरू होने वाले अभियान में शामिल होंगे, जिसमें छोटे व्यवसायों के लिए नियोग्रोथ के माध्यम से ऋण की खरीद में सरलता के बारे में बात की जाएगी।
- इस अभियान का नाम 'कीपिंग इट सिंपल' (Keeping it Simple) है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://brandequity.economictimes.indiatimes.com/news/marketing/games24x7-appoints-ajinkya-rahane-as-brand-ambassador/81653160

पुरस्कार/सम्मान

26वां देवीशंकर अवस्थी स्मृति सम्मान, 2020

प्रश्न-अप्रैल, 2021 में किसे 26 वां 'देवीशंकर अवस्थी स्मृति सम्मान' प्रदान किया गया?

(a) आशुतोष भारद्वाज (b) आलोक कुमार (c) रश्मि सिंह (d) चित्रा मुदगल



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- अप्रैल, 2021 में प्रसिद्ध आलोचक एवं पत्रकार आशुतोष भारद्वाज को 26वां देवीशंकर अवस्थी स्मृति सम्मान प्रदान किया गया।
- उन्हें यह सम्मान उनकी पुस्तक 'पितृ-वध' के लिए दिया गया।
- प्रतिवर्ष आलोचना साहित्य के लिए दिए जाने वाले इस प्रतिष्ठित सम्मान की शुरुआत वर्ष 1995 में की गई थी।
- यह सम्मान 45 वर्ष तक के युवा आलोचक लेखकों को दिया जाता है।
- ज्ञातव्य है कि 25वां देवीशंकर अवस्थी स्मृति सम्मान झारखंड के युवा लेखक राहुल सिंह को उनकी पुस्तक 'विचार और आलोचना' के लिए प्रदान किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://hindisarang.com/devishanker-awasthi-award-list/

महाराष्ट्र भूषण अवॉर्ड, 2020

प्रश्न-मार्च, 2021 में महाराष्ट्र सरकार ने किसे वर्ष 2020 के महाराष्ट्र भूषण अवॉर्ड से सम्मानित करने का निर्णय लिया?

(a) शबाना आजमी (b) अनुपम खेर (c) आशा भोंसले (d) अजय देवगन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में महाराष्ट्र सरकार ने प्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले को वर्ष 2020 के लिए महाराष्ट्र भूषण अवॉर्ड से सम्मानित करने का निर्णय लिया।
- महाराष्ट्र सरकार द्वारा दिया जाने वाला यह पुरस्कार राज्य का सर्वोच्च पुरस्कार है, जिसकी स्थापना वर्ष 1996 में हुई थी।

- यह पुरस्कार राज्य के किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति को उसके उत्कृष्ट कार्यों और उपलब्धियों के लिए दिया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/News?title=Legendary-singer-Asha-Bhosle-conferred-with-Maharashtra-Bhushan-Award&id=412827

30वां व्यास सम्मान, 2020

प्रश्न-24 मार्च, 2021 को के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा किसे 30 वां व्यास सम्मान प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?

(a) गोविंद मिश्र (b) नासिरा शर्मा (c) प्रो. शरद पगारे (d) सुरेंद्र शर्मा

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 24 मार्च, 2021 को के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा हिंदी के प्रसिद्ध लेखक प्रो. शरद पगारे को वर्ष 2020 के लिए प्रतिष्ठित 30वां व्यास सम्मान प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।
- इन्हें यह पुरस्कार उनके उपन्यास 'पाटलिपुत्र की साम्राज्ञी' के लिए प्रदान किया जाएगा।
- इस पुरस्कार के तहत उन्हें 4 लाख रुपये की राशि, प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिह्न प्रदान किया जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि 29वां व्यास सम्मान हिंदी की प्रसिद्ध लेखिका नासिरा शर्मा उनके उपन्यास 'कागज की नाव' के लिए प्रदान किया गया था।
- व्यास सम्मान वर्ष 1991 में के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया था।
- यह सम्मान 10 वर्ष की अवधि के दौरान प्रकाशित हिंदी भाषा की साहित्यिक कृतियों के लिए प्रदान किया जाता है।
- पहला व्यास सम्मान डॉ. रामविलास शर्मा को उनके उपन्यास 'भारत की प्राचीन परिवार और हिंदी' (तीन खंड में प्रकाशित) के लिए दिया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/News?title=Hindi-Writer-Prof.-Sharad-Pagare-to-be-conferred-with-Vyas-Samman—2020&id=412704

साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार, 2020

प्रश्न-12 मार्च, 2021 को साहित्य अकादमी की घोषणा की। इसमें हिंदी भाषा के लिए किसे इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा?

(a) अंकित नरवाल (b) यशिका दत्त (c) सोनू कुमार झा (d) गंगा शर्मा

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 12 मार्च, 2021 को साहित्य अकादमी ने 18 भारतीय भाषाओं में वार्षिक साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार, 2020 की घोषणा की।
- कविता की 10 पुस्तकों, कहानी की तीन पुस्तको, निबंधों की 2 पुस्तकों संस्मरण की 1 पुस्तक, आलोचना की 1 पुस्तक और यात्रा-वृत्तांत की 1 पुस्तक की कृति को इस पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।
- 18 भाषाओं के प्रतिनिधि लब्धप्रतिष्ठ सदस्यों की चयन समिति द्वारा अनुशंसित इन पुरस्कारों के लिए साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर कंबार की अध्यक्षता में साहित्य अकादमी के कार्यकारी मंडल ने स्वीकृति प्रदान की।
- कविता विधा में जिन रचनाकारों को उनकी कृतियों के लिए पुरस्कार हेतु चुना गया, वे इस प्रकार हैं- द्विजेन दास (असमिया), न्यूटन के.बसुमतारी (बोडो), गंगा शर्मा (डोगरी), मसरूर मुजफ्फर (कश्मीरी), रामेश्वर शरुंगबम (मणिपुरी), दीपक धालेवान (पंजाबी), अंजलि (संताली) ऋषिराज पाठक (संस्कृत), शक्ति (तमिल) और साकिब फरीदी (उर्दू)।
- कहानी विधा में जिन कहानीकारों का पुरस्कार हेतु चयन किया गया, उनमें शामिल हैं-के.एस. महादेवस्वामी (कन्नड़), सोनू कुमार झा (मैथिली) और मानसा येन्दुलरी (तेलुगु)।
- निबंध विधा में पुरस्कृत कथाकार हैं-अंजन बासकोटा (नेपाली) और चंद्रशेखर होता (ओड़िआ)।
- संस्मरण के लिए यशिका दत्त (अंग्रेजी) का पुरस्कार हेतु चयन किया गया।
- आलोचना के लिए अंकित नरवाल (हिंदी) का पुरस्कार हेतु चयन किया गया।
- यात्रा-वृत्तांत के लिए संपदा कुंकलकार (कोंकणी) का पुरस्कार हेतु चयन किया गया।
- बंगाली, राजस्थानी, मलयालम, गुजराती, मराठी और सिंधी भाषाओं के लिए पुरस्कार शीघ्र की तिथियों में घोषित किए जाएंगे।
- अंकित नरवाल के साहित्यिक आलोचना कृति 'यू.आर. अनन्तमूर्ति 'प्रतिरोध का विकल्प' को हिंदी भाषा के लिए इस पुरसकार से सम्मानित किया जाएगा।
- यशिका दत्त के संस्मरण कृति 'कमिंग आउट एज दलित' को अंग्रेजी भाषा के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

- उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार किसी लेखक, जिसकी उम्र पुरस्कार वर्ष में 1 जनवरी को 35 वर्ष से कम हो, उसकी प्रकाशित पुस्तक पर दिए जाते हैं।
- पुरस्कार विजेता को पुरस्कार-स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्र फलक तथा 50000 रुपये की राशि का चेक प्रदान किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/sahitya-akademi-announces-bal-sahitya-puraskar-yuva-puraskar-2020/2045678

51वां दादा साहेब फाल्के पुरस्कार, 2019

प्रश्न- 1 अप्रैल, 2021 को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा किसे वर्ष 2019 के प्रतिष्ठित 51वें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई है?

(a) अमिताभ बच्चन (b) रजनीकांत

(c) नसिरूद्दीन शाह (d) अनुपम खेर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1 अप्रैल, 2021 को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता रजनीकांत को वर्ष 2019 के 51वें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई।
- यह पुरस्कार भारत सरकार की ओर से दिया जाने वाला फिल्म इंडस्ट्री का सबसे बड़ा सम्मान है।
- यह पुरस्कार भारतीय सिनेमा की प्रगति और विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है।
- इस पुरस्कार का प्रारंभ दादा साहेब फाल्के के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 से हुआ था।
- पहला पुरस्कार देविका रानी को प्राप्त हुआ था।
- इस पुरस्कार के तहत एक स्वर्ण कमल, 10 लाख रुपये और एक शॉल प्रदान किया जाता है।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2018 का 50वां दादा साहेब फाल्के पुरस्कार प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन को प्रदान किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1708897

योजना/परियोजना

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 6 वर्ष

प्रश्न-8 अप्रैल, 2021 को प्रधामनंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) ने अपने 6 वर्ष पूर्व किए। 19 मार्च, 2021 तक की स्थिति के अनुसार, इस योजना की उपलब्धियों के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस योजना के शुभारंभ के बाद से 19 मार्च, 2021 तक 14.96 लाख करोड़ रुपये की धनराशि के 28.68 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं।

(b) लगभग 35 प्रतिशत ऋण नए उद्यमियों को दिए गए हैं।

(c) लगभग 68 प्रतिशत ऋण महिला उद्यमियों को प्रदान किया गया है।

(d) लगभग 51 प्रतिशत ऋण अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों को प्रदान किए गए हैं।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 अप्रैल, 2021 को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के 6 वर्ष पूरे हुए।
- 8 अप्रैल, 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि लघु/सूक्ष्म उद्यमों को 10 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान करने हेतु इस योजना का शुभारंभ किया था।
- इस योजना के तहत 10 लाख रुपये की धनराशि के ऋण को मेंबर लैंडिंग इंस्टीट्यूशन (एमएलआई) अर्थात अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, लघु वित्त बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी), सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) आदि द्वारा प्रदान किया जाता है।
- इन ऋणों को विनिर्माण, व्यापार और सेवा क्षेत्रों में आय सृजन करने वाली गतिविधियों और कृषि से संबंधित गतिविधियों के लिए प्रदान किया जाता है।
- मुद्रा ऋण तीन श्रेणियों-शिशु लोन (50,000 रुपये तक के ऋण शामिल), किशोर लोन (50,000 रुपये से 5 लाख रुपये तक के ऋण शामिल), तरुण लोन (5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक के ऋण शामिल) में ऋण प्रदान किया जाता है।
- 19 मार्च, 2021 तक की स्थिति के अनुसार इस योजना की उपलब्धियां-
    1. 1.इस योजना के शुभारंभ के बाद से इस अवधि तक (19 मार्च, 2021 तक) 14.96 लाख करोड़ रुपये की धनराशि के 28.68 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं।

2. वित्त वर्ष 2020-21 में 4.20 करोड़ पीएमएमवाई ऋण स्वीकृत किए गए 2.66 लाख करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की गई है।
   3.88 प्रतिशत ऋण शिशु श्रेणी के हैं।
3. लगभग 24 प्रतिशत ऋण नए उद्यमियों को दिए गए हैं।
   5.लगभग 68 प्रतिशत ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए हैं।
4. लगभग 51 प्रतिशत ऋण अनुसूचित जाति/अनसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों को प्रदान किए गए हैं।
5. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति में उधारकर्ताओं का भाग 22.53 प्रतिशत है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mudra.org.in/

जनजातीय स्वास्थ्य सहयोग 'अनामाया'

प्रश्न-7 अप्रैल, 2021 को केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने किसके साथ संयुक्त रूप से आदिवासी स्वास्थ्य सहयोग 'अनामाया' का शुभारंभ किया?

(a) बी.अदाम मोहनदास (b) अश्विनी कुमार चौबे (c) अर्जुन मुंडा (d) रेणुका सिंह

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7 अप्रैल, 2021 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन और जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने संयुक्त रूप से आदिवासी स्वास्थ्य सहयोग 'अनामाया' (Anamaya) का शुभारंभ किया।यह पहल पीरामल फाउंडेशन और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा समर्थित है।अनामाया विभिन्न सरकारी एजेंसियों और संगठनों के प्रयासों को परिवर्तित करके भारत के आदिवासी समुदायों के स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति को बढ़ाने के लिए एक बहु-हितधारक पहल है।
- इस सहयोग के हिस्से के रूप में मंत्रालय जनजातीय स्वास्थ्य में नीतिगत पहल शुरू करने के लिए जनजातीय स्वास्थ पर राष्ट्रीय परिषद की स्थापना, जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा वितरण की बारीकी से निगरानी करने और जनजातीय स्वास्थ्य कार्य योजना लागू करने के लिए तंत्र तैयार करने हेतु कई गतिविधियां शुरू करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1710256

श्वेत वस्तुओं (एयर कंडीशनर तथा एलईडी लाइट) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना

प्रश्न-7 अप्रैल, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कितनी राशि के बजटीय आवंटन के साथ श्वेत वस्तुओं (एयर कंडीशनर तथा एलईडी लाइट) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) को मंजूरी प्रदान की है?

(a) 5,423 करोड़ रुपये (b) 5,670 करोड़ रुपये (c) 6,238 करोड़ रुपये (d) 6,385 करोड़ रुपये

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7 अप्रैल, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 6,238 करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन के साथ श्वेत वस्तुओं (एयर कंडीशनर तथा एलईडी लाइट) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) को मंजूरी प्रदान की।
- पीएलआई योजना के तहत एयर कंडीशनर तथा एलईडी लाइट के निर्माण से जुड़ी कंपनियों को अगले 5 वर्षों के दौरान भारत में निर्मित वस्तुओं की वृद्धिमान बिक्री पर 4 प्रतिशत से 6 प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।
- योजना के लिए कंपनियों का चयन कल-पुर्जों के निर्माण या उपकरण के हिस्से का निर्माण (सब असेम्बलिंग) को प्रोत्साहन देने के आधार पर किया जाएगा, जिन उपकरणों का वर्तमान में भारत में पूरी क्षमता के साथ निर्माण किया जा रहा है।
- तैयार वस्तुओं को सिर्फ जोड़ने (असेम्बल) के लिए प्रोत्साहन नहीं दिया जाएगा।
- ब्राउन फील्ड और ग्रीन फील्ड में निवेश करने वाली कंपनियां भी प्रोत्साहन योजना के योग्य मानी जाएंगी।
- प्रोत्साहन का दावा करने के लिए आधार वर्ष पर निर्मित वस्तुओं के संदर्भ में वृद्धिमान निवेश और वृद्धिमान बिक्री की शर्त को पूरा करना होगा।
- अनुमान है कि पीएलआई योजना से अगले 5 वर्षों के दौरान 7920 करोड़ रुपये का वृद्धिमान निवेश होगा, 168000 करोड़ रुपये का वृद्धिशील उत्पादन होगा।
- इसके अलावा 64,400 करोड़ रुपये मूल्य की वस्तुओं का निर्यात होगा तथा 49300 करोड़ रुपये की प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष राजस्व की प्राप्ति होगी एवं रोजगार के 4 लाख प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष अवसर सृजित होंगे।

- पीएलआई योजना का प्रमुख उद्देश्य क्षेत्र आधारित अक्षमताओं को दूर करके, बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्था का निर्माण और दक्षता को सुनिश्चित करते हुए भारत में विनिर्माण को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है।
- इसकी रुपरेखा भारत में उपकरणों एवं कल-पुर्जों के संपूर्ण इको-सिस्टम को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, जिससे भारत को वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया जा सके।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1710116

री-हैब परियोजना

प्रश्न-15 मार्च, 2021 को खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) द्वारा शुरू की गई री-हैब परियोजना (मधुमक्खियों के माध्यम से मानव-हाथी हमलों को कम करने की योजना)के संबंध में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 15 मार्च, 2021 को खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने कर्नाटक के कोडागु जिले के चेलूर गांव के आसपास 4 स्थानों पर री-हैब परियोजना को पायलट परियोजना के रूप में शुरू किया है।

(b) यह चारों स्थान बांदीपुर नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व के बाहर इलाके में स्थित हैं।

(c) री-हैब परियोजना की कुल लागत राशि मात्र 15 लाख रुपये है।

(d) री-हैब परियोजना केवीआईसी के राष्ट्रीय शहद मिशन के तहत एक उप-मिशन है।

उत्तर–(*)

संबंधित तथ्य

- 15 मार्च, 2021 को खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने देश में मानव-हाथी टकराव को कम करने हेतु 'मधुमक्खी-बाड़' बनाने की एक अनूठी परियोजना की शुरुआत की।
- इस परियोजना का नाम री-हैब (मधुमक्खियों के माध्यम से हाथी-मानव हमलों को कम करने की योजना) है।
- इस परियोजना का उद्देश्य शहद वाली मधुमक्खियों का उपयोग करके मानव बस्तियों में हाथियों के हमलों को विफल करना है, जिससे मनुष्य व हाथी दोनों के जीवन हानि को कम किया जा सके।
- 15 मार्च, 2021 को खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना द्वारा कर्नाटक के कोडागु जिले के चेलूर गांव के आस पास 4 स्थानों पर यह परियोजना पायलट परियोजना के रूप में शुरू की गई है।

- यह चारों स्थान नागरहोल नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व के बाहरी इलाके में स्थित हैं और मानव-हाथी टकराव को रोकने के लिए कार्यरत हैं।
- री-हैब परियोजना की कुल लागत राशि मात्र 15 लाख रुपये है।
- री-हैब परियोजना केवीआईसी के राष्ट्रीय शहद मिशन के तहत एक उप-मिशन है।
- केवीआईसी ने हाथियों के प्रवेश मार्ग को मानवीय आवासों के लिए अवरुद्ध करने में हाथी-मानव संघर्ष क्षेत्रों के मार्ग के सभी 4 स्थानों में से प्रत्येक जगह पर मधुमक्खियों के 15-20 बॉक्स स्थापित किए हैं।
- भारत में हाथी के हमलों के कारण प्रतिवर्ष लगभग 500 लोगों की मृत्यु हो जाती है।
- यह देश भर में बड़ी बिल्लियों की वजह से हुए घातक हमलों से लगभग 10 गुना अधिक है।
- वर्ष 2014-15 से वर्ष 2018-19 के बीच हाथियों के कारण 2361 मानव मौतें हुई हैं।
- वर्ष 2014-15 से 2018-19 के बीच हाथियों के हमलों से सबसे अधिक मानव मौतें 403 पश्चिम बंगाल में हुई।
- इस अवधि में कर्नाटक में 170 मौतें हुई हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1704902#:~:text=The%20pilot%20project%20was%20launched,prone%20to%20human%2Delephant%20conflicts.

महासमृद्धि महिला सशक्तिकरण योजना

प्रश्न-मार्च, 2021 में महाराष्ट्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु महासमृद्धि महिला सशक्तिकरण योजना शुरू की है। इस योजना के संदर्भ में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 8 मार्च, 2021 को महाराष्ट्र सरकार ने इस योजना की शुरुआत की।

(b) महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार 7/12 अर्क पर उनके पति के साथ पत्नियों के नामों को सूचीबद्ध करने को बढ़ावा देगी।

(c) महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण विकास विभाग योजना को लागू करने के लिए नोडल निकाय होगा।

(d) इस योजना के तहत स्वयं सहायता समूह (SHG) ग्रामीण महिलाओं को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करेंगे।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 8 मार्च, 2021 को महाराष्ट्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु 'महासमृद्धि महिला सशक्तीकरण योजना' की शुरुआत की।
- महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार 7/12 अर्क पर उनके पति के साथ पत्नियों के नामों को सूचीबद्ध करने को बढ़ावा देगी।
- महाराष्ट्र में सात बार उतारा (7/12) अर्क राज्य सरकार के राजस्व विभाग के साथ पंजीकृत एक व्यक्ति या परिवार का आधिकारिक कृषि भूमि का रिकॉर्ड है।
- महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण विकास विभाग योजना को लागू करने के लिए नोडल निकाय होगा, अन्य सभी सरकारी विभाग भी इसमें शामिल होंगे।
- इसके तहत घर की संपत्ति के दस्तावेजों पर पत्नियों के नाम को शामिल किया जाएगा।
- इस योजना के तहत स्वयं सहायता समूह (SHG) ग्रामीण महिलाओं के काम को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनियों का आयोजन करेंगे और पूरे क्षेत्र में अधिक से अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करेंगे।
- ग्रामीण स्तर पर महिला प्रकोष्ठ (Cells) और ग्रामीण आजीविका मिशन के ग्रामीण स्तर के सदस्य भी इसमें शामिल होंगे।
- राज्य सरकार अपने उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को स्थायी बाजार और प्रभावी ब्रांडिंग उपकरण प्रदान करेगी।
- स्वयं सहायता समूह द्वारा खाद्य उत्पादों को एक मजबूत बाजार शृंखला से जोड़ा जाएगा, जिसमें सरकारी कार्यालय और कैंटीन, मॉल और निजी आउटलेट शामिल हैं, जिससे महिलाओं को उच्च पारिश्रमिक अर्जित करने में सक्षम बनाया जा सके।
- इस योजनांतर्गत कौशल विकास कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी।
- विशेष महिला माट्स (Marts) की स्थापना की जाएगी और लाभार्थियों को कम ब्याज ऋण सहित वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- ग्रामीण महिला उद्यमियों को मुफ्त कानूनी सलाह भी प्रदान की जाएगी।
- इसके अलावा राज्य सरकार ने अस्मिता योजना के तहत सब्सिडी वाले सैनिटरी नैपकीन वितरित करने की घोषणा की।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/cities/mumbai/maharashtra-govt-to-launch-women-empowerment-scheme-on-march-8-7203502/

'महाबाहु-ब्रह्मपुत्र' का शुभारंभ

प्रश्न-18 फरवरी, 2021 को प्रधानमंत्री द्वारा असम में उद्घाटित, शिलान्यास और शुभारंभ की गई परियोजनाओं के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाबाहु-ब्रह्मपुत्र का शुभारंभ किया और 2 पुलों की आधारशिला रखी।

(b) उन्होंने नीमाटी-माजुली द्वीप, उत्तरी गुवाहाटी-दक्षिणी गुवाहाटी और धुबरी-हाटसिंगिमारी के बीच रो-पैक्स सेवा का उद्घाटन किया।

(c) प्रधानमंत्री ने जोगीघोपा में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क की आधारशिला रखी।

(d) उन्होंने ईज ऑफ डूइंग-बिजनेस के लिए डिजिटल समाधान की शुरुआत की।

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम में 'महाबाहु-ब्रह्मपुत्र' का शुभारंभ किया और दो पुलों की आधारशिला रखी।
- इस अवसर पर उन्होंने नीमाटी-माजुली द्वीप, उत्तरी गुवाहाटी-दक्षिणी गुवाहाटी और धुबरी-हाटसिंगिमारी के बीच रो-पैक्स सेवा का उद्घाटन किया।
- प्रधानमंत्री ने जोगीघोपा में अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) टर्मिनल का शिलान्यास और ब्रह्मपुत्र नदी पर विभिन्न पर्यटक जेटियो का शुभारंभ किया।
- उन्होंने ईज ऑफ डूइंग-बिजनेस के लिए डिजिटल समाधान की शुरुआत की।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के पूर्वी हिस्सों में निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करना है और इसमें ब्रह्मपुत्र और बराक नदी के आसपास रहने वाले लोगों हेतु विभिन्न विकास गतिविधियां शामिल हैं।
- नीमाटी और माजुली द्वीप के बीच रो-पैक्स परिचालन वर्तमान में वाहनों द्वारा तय की जा रही 420 किमी. की कुल दूरी कम होकर केवल 12 किमी. रह जाएगी।
- प्रधानमंत्री ने दो स्वदेशी रो-पैक्स जहाज एम.वी.रानी गाइदिन्ल्यू एवं एम.बी. सचिन देव बर्मन की शुरुआत की।
- रो-पैक्स जहाज एम.वी.जे.एफ.आर. जैकब के शुरू होने से उत्तर और दक्षिण गुवाहाटी के बीच लगभग 40 किमी. की दूरी कम होकर 3 किमी. रह जाएगी।
- धुबरी और हाटसिंगिमारी के बीच एम.वी.बॉब खातिंग 220 किमी. की यात्रा दूरी को कम करके 28 किमी. कर देगा।
- जोगीघोपा में स्थायी अंतर्देशीय जल परिवहन टर्मिनल जोगीघोपा में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक पार्क से जुड़ेगा।

- यह टर्मिनल कोलकाता औ हल्दिया की ओर सिलीगुड़ी कॉरिडोर पर यातायात को कम करने में मदद करेगा।
- यह विभिन्न पूर्वोत्तर राज्यों जैसे मेघालय और त्रिपुरा तथा भूटान और बांग्लादेश के लिए बाढ़ के मौसम के दौरान भी कार्गो के निर्बाध आवागमन की सुविधा प्रदान करेगा।
- प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुत्र नदी पर चार स्थानों नीमाटी, विश्वनाथ घाट, पांडु और जोगीघोपा में चार पर्यटक जेटियों की आधारशिला रखी।
- यह पर्यटक जेटिया पर्यटन मंत्रालय द्वारा प्रदत्त 9.41 करोड़ रुपये की राशि से निर्मित की जा रही है।
- प्रधानमंत्री में धुबरी (उत्तर तट) और फल बाड़ी (दक्षिण तट) के बीच ब्रह्मपुत्र पर 4 लेन के पुल की आधारशिला रखी।
- यह पुल असम में धुबरी को मेघालय में फूलबाड़ी, तूरा, रोग्राम और रोंगजेंग से जोड़ेगा, जिसकी निर्माण लागत राशि लगभग 4997 करोड़ रुपये होगी।
- प्रधानमंत्री द्वारा मंजुली (उत्तरी तट) और जोरहट (दक्षिणी तट) के बीच ब्रह्मपुत्र नदी पर 2 लेन पुल का भूमिपूजन किया।
- यह पुल 'एनएच-715 के' पर स्थित होगा जो नीमाटीघाट (जोरहट की तरफ) और कमलाबारी (मंजुली की तरफ) को जोड़ेगा।
- प्रधानमंत्री ने दो ई-पोर्टल 'कार-डी-पोर्टल' और पानी (पोर्टल फॉर एसेट एंड नेविगेशन इन्फॉरमेशन) का भी शुभारंभ किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pmindia.gov.in/en/news_updates/pm-launches-mahabahu-brahmaputra-and-lays-foundation-stone-of-two-bridges-in-assam/

बिहार में ग्राम उजाला कार्यक्रम की शुरुआत

प्रश्न-19 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्री आर.के.सिंह ने बिहार में कहां आयोजित एक वर्चुअल समारोह में ग्राम उजाला कार्यक्रम का शुभारंभ किया?

(a) अररिया (b) आरा (c) पटना (d) बांका

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्री आर.के.सिंह ने बिहार के आरा में आयोजित एक वर्चुअल समारोह में ग्राम उजाला कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

- कार्यशील पुराने तापदीप्त बल्बों के बदले प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए मात्र 10 रुपये में एलईडी उपलब्ध होंगे।
- प्रत्येक परिवार को अधिकतम 5 एलईडी बल्ब प्राप्त होंगे।
- इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीण उपभोक्ताओं को तापदीप्त बल्ब जमा करने के बदले 3 वर्ष वारंटी के साथ 7 वॉट और 12 वॉट के एलईडी बल्ब प्रदान किए जाएंगे।
- इस कार्यक्रम के पहले चरण में आरा (बिहार), वाराणसी (उत्तर प्रदेश), विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश), नागपुर (महाराष्ट्र) और पश्चिमी गुजरात के गांवों में 1.5 करोड़ एलईडी वितरित किए जाएंगे।
- ग्राम उजाला कार्यक्रम के तहत कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) ग्रामीण क्षेत्रों में 10 रुपये प्रति बल्ब की सस्ती कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाले एलईडी बल्बों को वितरित करेगी।
- यह कार्यक्रम पूर्णत: कार्बन क्रेडिट के माध्यम से वित्त पोषित किया जाएगा और भारत में इस तरह का पहला कार्यक्रम होगा।
- इससे प्रतिवर्ष 2025 मिलियन किलोवाट घंटा ऊर्जा की बचत होगी और प्रतिवर्ष 1.65 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आएगी।
- इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को अपने उपयोग का हिसाब रखने हेतु घरों में मीटर लगवाना होगा।
- इसके अलावा कार्बन क्रेडिट प्रलेखन को शाइन कार्यक्रम की गतिविधियों में शामिल करने हेतु संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के मान्यता प्राप्त सत्यापन कर्ताओं को भेजा जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1706010

मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना

प्रश्न-मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 18 मार्च, 2021 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यूनिवर्सल हेल्थ स्कीम का नाम बदलकर मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना रखे जाने की घोषणा की।

(b) यह योजना प्रदेश में 1 अप्रैल, 2021 से लागू होगी।

(c) इस योजना के तहत प्रदेश के समस्त परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

(d) प्रदेश के दूरस्थ इलाकों तक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार हेतु स्थानीय उद्यमियों को जोड़ते हुए, उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टेली कंसल्टेशन ओपीडी सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18 मार्च, 2021 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यूनिवर्सल हेल्थ स्कीम का नाम बदलकर मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना रखे जाने की घोषणा की।
- यह घोषणा मुख्यमंत्री ने बजट 2021-22 वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान की।
- यूनिवर्सल हेल्थ स्कीम को लागू करने की घोषणा मुख्यमंत्री 24 फरवरी, 2021 को आगामी वर्ष का बजट प्रस्तुत करते हुए की थी।
- मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना प्रदेश में मजदूर दिवस 1 मई, 2021 से लागू होगी।
- इस योजनांतर्गत प्रदेश के समस्त परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
- इस योजना के अंतर्गत अप्रैल, 2021 से वर्तमान में पात्र (NFSA/SECC) लाभार्थियों के अतिरिक्त शेष परिवारों का पंजीकरण प्रारंभ किया जाएगा।
- प्रदेश के दूरस्थ इलाकों तक चिकित्सा सुविधाओं के स्थानीय उद्यमियों को जोड़ते हुए उपस्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टेली-कंसल्टेशन ओपीडी सेवाएं प्रदान की जाएंगी।
- प्रदेश के जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, झालवाड़, बारां व भरतपुर के दूरस्थ क्षेत्रों में चयनित खंडों पर मातृत्व संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु 100 ममता एक्सप्रेस वाहनों का संचालन किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/rajasthan-assembly-passes-state-budget-announces-implementation-of-insurance-scheme-for-families/articleshow/81574931.cms?from=mdr

नाग नदी प्रदूषण नियंत्रण परियोजना

प्रश्न-2 मार्च, 2021 को नाग नदी प्रदूषण नियंत्रण परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई। नाग नदी किस शहर में प्रवाहित होती है?

(a) नन्द प्रयाग (b) नलगोंडा (c) नागपुर (d) नाग्ला

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 2 मार्च, 2021 को नाग नदी प्रदूषण नियंत्रण परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस परियोजना की कुल लागत राशि 2117.54 करोड़ रुपये है।

- प्रदूषण नियंत्रण की इस परियोजना की घोषणा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विश्व बैंक के अधिकारियों, डीजी एनएमसीजी और नागपुर नगर निगम आयुक्त के साथ हुई बैठक की अध्यक्षता करने के बाद की।
- नागपुर शहर से होकर प्रवाहित होने वाली और इस शहर को अपना नाम देने वाली यह नदी मैले और औद्योगिक कचरे से अत्यधिक प्रदूषित हो गई है।
- राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के तहत अनुमोदित इस परियोजना को राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय, एनआरसीडी द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा।
- यह परियोजना अशोधित मैले पानी, बहते ठोस अपशिष्ट और नाग नदी एवं उसकी सहायक-नदियों में बहने वाली अन्य अशुद्धियों के संदर्भ में प्रदूषण के स्तर को कम करेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/nag-river-pollution-abatement-project-approved-to-treat-waste-flowing-in-nag-river-govt/2039335

आयोग/समिति

व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य की स्थिति (OSH & WUC) कोड 2020 के मानक बनाने हेतु विशेषज्ञ समिति

प्रश्न-1 अप्रैल, 2021 को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने ओएसएच एवं डब्ल्यूसी कोड 2020 के मानक की समीक्षा हेतु एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया। इसके तहत फ्रैक्ट्रीज और डॉक वर्क्स के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किसकी अध्यक्षता में किया गया है?

(a) पी.के. मूर्ति (b) डॉ.आर. के. इलांगोवन (c) संजीव कुमार (d) डी.के.शमी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1 अप्रैल, 2021 को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य की स्थिति (ओएसएच एवं डब्ल्यूसी) कोड, 2020 के मानकों की समीक्षा हेतु एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया।
- यह समिति सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के कारखानों, बंदरगाहों के डाक, अन्य निर्माण स्थल पर सुरक्षा, स्वास्थ्य और काम करने की स्थिति के मौजूदा नियमों और विनियमों की समीक्षा करेगी।

- इसके तहत फैक्ट्रीज और डाक वर्क्स (कारखाना और गोदी श्रमिक) के विशेषज्ञ समिति का गठन मुंबई स्थित डीजीएफएएसएलआई के महानिदेशक डॉ. आर.के. इलांगोवन की अध्यक्षता में किया गया है।
- इसके अलावा दो विशेषज्ञ समितियों का भी गठन किया गया है।
- इमारत और अन्य निर्माण कार्य समिति का गठन चेन्नई स्थित लार्सन एंड टुब्रो हाइड्रोकार्बन के उपाध्यक्ष और प्रमुख घरेलू परिचालन पी.एल.एन.मूर्ति की अध्यक्षता में किया गया है।
- जबकि, अग्नि सुरक्षा समिति का गठन गृह मंत्रालय के अग्नि सलाहकार डॉ.डी.के. शमी की अध्यक्षता में किया गया है।
- गौरतलब है कि ओएसएच एवं डब्ल्यूसी कोड-2020 को 13 अलग-अलग श्रम कानूनों को समाहित कर और प्रतिष्ठानों में व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थितियों को नियमित करने वाले कानूनों को सरल बनाने के बाद लागू किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1708924

वृत्तीय अर्थव्यवस्था के लिए 11 समितियों का गठन

प्रश्न-भारत सरकार ने रेखीय अर्थव्यवस्था को वृत्तीय अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए कितनी समितियों का गठन किया है?

(a) 18 (b) 16 (c) 11 (d) 10

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में भारत सरकार ने रेखीय अर्थव्यवस्था को वृत्तीय अर्थव्यवस्था में तेजी लाने के लिए 11 समितियों का गठन किया है।
- इन समितियों का नेतृत्व संबंधित मंत्रालय करेंगे और इसमें 11 फोकस क्षेत्रों के लिए ईएफसीसी मंत्रालय तथा नीति आयोग के अधिकारी, क्षेत्रों के विशेषज्ञ, शिक्षाविद तथा उदयोग प्रतिनिधि होंगे।
- समय के आवश्यकतानुसार ऐसे विकास मॉडल का विकास करना है, जो संसाधनों के अधिकतम उपयोग की ओर ले जाए। बढ़ती आबादी तीव्रशहरीकरण, जलवायु परिवर्तन तथा पर्यावरण प्रदूषण में वृद्धि के साथ भारत को वृत्तीय अर्थव्यवस्था की दिशा में बढ़ना होगा।
- अपशिष्ट तथा संसाधनों के निरन्तर उपयोग को समाप्त करने वाले आर्थिक दृष्टिकोण के रूप में वृत्तीय अर्थव्यवस्था एक नया प्रतिमान पेश करती है।

- भारत द्वारा अपनाई गई वृत्तीय अर्थव्यवस्था से भीड़-भाड़ तथा प्रदूषण में महत्वपूर्ण कमी के साथ भारत को वार्षिक लाभ मिल सकता है।
- सरकार देश को वृत्तीय अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने के लिए सक्रिय रूप से नीतियां बना रही है और परियोजनाओं को प्रोत्साहित कर रही है।
- सरकार ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, ई अपशिष्ट प्रबंधन नियम, निर्माण तथा गिरावट अपशिष्ट प्रबंधन नियमों जैसे विभिन्न नियमों को अधिसूचित किया है।
- "राष्ट्रीय रिसाइक्लिंग के माध्यम से सतत विकास विषय" पर नीति आयोग ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया तथा भारत यूरोपीय संघ के शिष्टमंडल के साथ संसाधन सक्षमता पर रणनीति पत्र तैयार किया।
- 11 फोकस क्षेत्र निम्नलिखित हैं-
- फोकस क्षेत्र संबंधित मंत्रालय

1. ठोस अपशिष्ट तथा तरल अपशिष्ट – आवास तथा शहरी कार्य मंत्रालय
2. लौह तथा गैर-लौह – इस्पात मंत्रालय
3. इलेक्ट्रानिक अपशिष्ट – इलेक्ट्रानिक तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
4. ईथीयम आयनलीआयन बैटरी) – नीति आयोग
5. सोलर पैनल – नवीन एवं नवीरकणीय ऊर्जा मंत्रालय
6. जिप्सम – उद्योग तथा आंतरिक संवर्धन विभाग
7. विषैले तथा खतरनाक अपशिष्ट – रसायन तथा पेट्रोरसायन विभाग
8. प्रयुक्त तेल अपशिष्ट – पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस मंत्रालय
9. कृषि अपशिष्ट – कृषि तथा किसान कल्याण मंत्रालय
10. टायर तथा रबर रिसाइकिलंग – उद्योग तथा आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग
11. जीवन समाप्त वाहन (ईएलवी) – सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्रालय

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1705772#:~:text=To%20expedite%20the%20transition%20of,focus%20areas%20(Annexure%201).

व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य की स्थिति (OSH & WUC) कोड 2020 के मानक बनाने हेतु विशेषज्ञ समिति

प्रश्न-1 अप्रैल, 2021 को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने ओएसएच एवं डब्ल्यूसी को की समीक्षा 2020 के तहत मानको की समीक्षा हेतु एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया। इसके तहत फ़ैक्ट्रीज और डॉक वर्क्स के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किसकी अध्यक्षता में किया गया है?

(a) पी.के. मूर्ति (b) डॉ.आर. के. इलांगोवन (c) संजीव कुमार (d) डी.के.शमी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1 अप्रैल, 2021 को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य की स्थिति (ओएसएच एवं डब्ल्यूसी) कोड, 2020 के तहत मानकों की समीक्षा हेतु एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया।
- यह समिति सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के कारखानों, बंदरगाहों के डॉक अन्य निर्माण स्थल पर सुरक्षा, स्वास्थ्य और काम करने की स्थिति के मौजूदा नियमों और विनियमों की समीक्षा करेगी।
- इसके तहत फैक्ट्रीज और डॉक वर्क्स (कारखाना और गोदी श्रमिक) के विशेषज्ञ समिति का गठन मुंबई स्थिति डीजीएफएएसएलआई के महानिदेशक डॉ. आर.के. इलांगोवन की अध्यक्षता में किया गया है।
- इसके अलावा दो विशेषज्ञ समितियों का भी गठन किया गया है।
- इमारत और अन्य निर्माण कार्य समिति का गठन चेन्नई स्थित एल एंड टी हाइड्रोकार्बन के उपाध्यक्ष और प्रमुख घरेलू परिचालन पी.एल.एन.मूर्ति की अध्यक्षता में किया गया है।
- जबकि, अग्नि सुरक्षा समिति का गठन गृह मंत्रालय के अग्नि सलाहकार डी.के. शमी की अध्यक्षता में किया गया है।
- गौरतलब है कि ओएसएच एवं डब्ल्यूसी कोड-2020 को-13 अलग-अलग श्रम कानूनों को समाहित कर और प्रतिष्ठानों में व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और नियमित करने वाले कानूनों को सरल बनाने के बाद लागू किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indiaeducationdiary.in/ministry-of-labour-employment-set-up-expert-committees-for-suggesting-standards-under-the-oshwc-code-2020/

ऑपरेशन/अभियान

जलशक्ति अभियान : कैच द रेन

प्रश्न–'जल शक्ति अभियान : कैच द रेन' के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 24 मार्च, 2021 को जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने विश्व जल दिवस के अवसर पर 'जलशक्ति अभियान : कैच द रेन' का शुभारंभ किया।

(b) इस अभियान का मुख्य विषय (Theme) "कैच द रेन : जहां भी जब भी संभव हो वर्षा जल का संग्रह करें" है।

(c) यह अभियान देश में मानसून पूर्व और मानसून अवधि के दौरान 22 मार्च, 2021 से 30 नवंबर, 2021 तक क्रियान्वित किया जाएगा।

(d) इस अभियान को जमीनी स्तर पर लोगों की सहभागिता से देश में जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु एक जल आंदोलन के रूप में शुरू किया गया है।

उत्तर-(a)

- 24 मार्च, 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व जल दिवस के अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'जलशक्ति अभियान : कैच द रेन' का शुभारंभ किया।
- इस अभियान का मुख्य विषय (Theme) "कैच द रेन : जहां भी, जब भी संभव हो वर्षा जल का संग्रह करें" (Catch the rain: where it falls, when it fally) है।
- यह अभियान देश भर के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एक साथ इस थीम के साथ शुरू होगा।
- यह अभियान देश में मानसून पूर्व और मानसून अवधि के दौरान 22 मार्च, 2021 से 30 नवंबर, 2021 तक क्रियान्वित किया जाएगा।
- इस अभियान को जमीनी स्तर पर लोगों की सहभागिता से देश में जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु एक जन आंदोलन के रूप में शुरू किया गया है।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के मध्य केन-बेतवा लिंक परियोजना (केबीएलपी) को लागू करने हेतु एक ऐतिहासिक समझौता हस्ताक्षरित हुआ।
- यह नदियों को आपस में जोड़ने की राष्ट्रीय स्तर की अपनी तरह की पहली परियोजना है।
- इस परियोजना में दाऊधन बांध बनाकर केन और बेतवा नदी को नहर के माध्यम से जोड़ना, लोअर ओर्र परियोजना (Lower orr Project), कोठा बैराज और बीना संकुल बहुउद्देश्य परियोजना के माध्यम से केन नदी के पानी को बेतवा नदी में पहुंचाना है।

- इस परियोजना से प्रति वर्ष 10.62 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में सिंचाई सुविधा, लगभग 62 लाख लोगों को पेयजल की आपूर्ति और 103 मेगावॉट जल विद्युत उत्पादित होगी।
- यह परियोजना बुंदेलखंड क्षेत्र में पानी की अत्यधिक कमी से प्रभावित क्षेत्रों के लिए अत्यधिक लाभकारी होगी जिसमें मध्य प्रदेश के पन्ना, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, दतिया, विदिशा, शिवपुरी और रायसेन जिला तथा उत्तर प्रदेश के बांदा, महोबा, झांसी और ललितपुर जिले शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=412489

समग्र मिशन इंद्रधनुष 3.0 अभियान

प्रश्न-समग्र मिशन इंद्रधनुष 3.0 अभियान के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 19 फरवरी, 2021 को केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने समग्र मिशन इंद्रधनुष 3.0 अभियान का शुभारंभ किया।

(b) इंद्रधनुष अभियान के पहले चरण में 530 जिले शामिल किए गए हैं।

(c) इस चरण में 3.764 करोड़ से अधिक बच्चों और 94.6 लाख गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाएगा।

(d) आईएमआई (समग्र इंद्रधनुष अभियान) 3.0 द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार 313 जिले कम जोखिम, 152 जिले मध्यम जोखिम और 250 जिले सबसे ज्यादा जोखिम वाले वर्ग में रखे गए हैं।

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2021 को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने समग्र मिशन इंद्रधनुष 3.0 अभियान का शुभारंभ किया।
- इसके अलावा उन्होंने आईएमआई 3.0 पोर्टल लांच किया और आईएमआई 3.0 के लिए परिचालन दिशा-निर्देश भी जारी किए।
- इसके तहत अभियान के प्रति जागरूकता हेतु सामग्री और पैकेज भी विकसित किया गया है।
- टीकाकरण अभियान के तहत इंद्रधनुष अभियान के पहले चरण में 690 जिले शामिल किए गए हैं।
- इस चरण में 3.764 करोड़ से अधिक बच्चों और 94.6 लाख गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाएगा।

- वर्तमान आठवें अभियान के तहत देश के सभी जिलों में 90 प्रतिशत तक टीकाकरण करने (एफआईसी) का लक्ष्य रखा गया है।
- आईएमआई (समग्र इंद्रधनुष अभियान) 3.0 द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार 313 जिलें कम जोखिम,152 जिले मध्यम जोखिम और 250 जिले सबसे ज्यादा जोखिम वाले वर्ग में रखे गए हैं।
- समग्र इंद्रधनुष अभियान 3.0 का उद्देश्य सर्व टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के तहत टीकों की पहुंच उन लोगों तक पहुंचाना है, जिन्हें अभी तक इसका लाभ प्राप्त नहीं हो सका है।
- इस अभियान का पहला चरण 22 फरवरी से और दूसरा चरण 22 मार्च से 29 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 250 जिलों में शुरू होगा।
- इंद्रधनुष अभियान वर्ष 2014 में लांच किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1700145#:~:text=for%20fifteen%20days.-,The%20Union%20Minister%20for%20Health%20and%20Family%20Welfare%2C%20Dr%20Harsh,attain%20maximum%20Full%20Immunization%20Coverage.

भारत एवं फ्रांस का तीसरा संयुक्त अंतरिक्ष मिशन

प्रश्न-भारत एवं फ्रांस के संयुक्त अंतरिक्ष मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

(1) वर्तमान में भारत एवं फ्रांस अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपने पांचवें संयुक्त मिशन पर कार्य कर रहे हैं।

(2) इसरो तथा CNES द्वारा संयुक्त रूप से 2011 में 'सरल-अल्टिका' तथा 2013 में 'मेधा-ट्रापिक्स' को लांच किया गया था।

(3) फ्रांस अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा साझीदार देश है।

(4) इसरो तथा CNES ने थर्मल इंफ्रारेड सैटेलाइट TRISHNA की मदद से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह मिशन के लिए व्यवहार्यता अध्ययन पूरा किया है।

उपर्युक्त दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3 (c) 3 एवं 4 (d) 1 एवं 4

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 मार्च, 2021 को 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन' (इसरो के प्रमुख के सिवन ने भारत तथा फ्रांस के तीसरे संयुक्त उपग्रह मिशन के बारे में अवगत कराया।
- गौरतलब है कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में फ्रांस, भारत का सबसे बड़ा साझीदार देश है।

- इसरो तथा फ्रांसीसी अंतरिक्ष एजेंसी (CNES) ने दो संयुक्त मिशनों 'मेघा-ट्रॉपिक्स' तथा सरल-अल्टिका (SARAL Altika) पर संयुक्त रूप से कार्य किया है।
- इसरो तथा CNES द्वारा 'मेघा ट्रॉपिक्स' को वर्ष 2011 में तथा 'सरल-अल्टिका' को वर्ष 2013 में लांच किया गया था।
- इसरो तथा CNES ने थर्मल इंफ्राटेड सैटेलाइट TRISHNA (Thermal Infrared Imaging Satellite for high resolution Natural Resource Assessment) की मदद से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह मिशन के लिए व्यवहार्यता अध्ययन पूरा किया है।
- ध्यातव्य है कि भारत अंतरिक्ष अभियानों के संबंध में वैज्ञानिक उपकरणों के संयुक्त प्रयोगों पर फ्रांस के साथ काम कर रहा है।
- इसरो के 'OCEANSAT-3' उपग्रह में CNES के ARGOS उपकरण को समायोजित करने के लिए दोनों एजेंसियों ने सभी इंटरफेस नियंत्रण दस्तावेजों को भी अंतिम रूप प्रदान किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/current-affairs/india-france-working-on-third-joint-space-mission-isro-chairman-k-sivan-121032000308_1.html

'सही दिशा' अभियान

प्रश्न-मार्च, 2021 में किस संस्था ने ग्रामीण भारत में महिलाओं की आजीविका और उद्यमिता से संबंधित मुद्दों की सराहना करने हेतु 'सही दिशा' नामक एक अभियान शुरू किया है।

(a) भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान

(b) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम

(c) राष्ट्रीय उद्यमशीलता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान

(d) उपरोक्त में कोई नहीं

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में संयुक्त राष्ट्रीय विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने ग्रामीण भारत में महिलाओं की आजीविका और उद्यमिता से संबंधित मुद्दों की सराहना करने के लिए 'सही दिशा' नामक एक अभियान शुरू किया है।
- यह अभियान उन मद्दों और बाधाओं को रेखांकित करता है जो ग्रामीण भारत में महिलाओं के लिए नौकरियों और आजीविका तक पहुंचने के अवसरों को प्रभावित करते हैं।

- इसके तहत ऐसे उद्यम स्थापित करने पर जोर दिया जाएगा, जो महिलाओं को अधिक आत्मनिर्भर बनाने में मदद कर सकते हैं।
- यूएनडीपी और आईकेईए (IKEA) फाउंडेशन के बीच दिशा पहल के लिए सहयोग की अवधि 5 वर्ष है।
- इस पहल के तहत देश के 5 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों दिल्लीNCR, हरियाणा, कर्नाटक,महाराष्ट्र और तेलंगाना में कौशल एवं परामर्श सेवाओं के माध्यम से लगभग 10 लाख महिलाओं को रोजगार एवं आजीविका के अवसरों तक पहुंच प्राप्त करने में सक्षम बनाया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...'

https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/undp-launches-sahi-disha-campaign-to-celebrate-womens-livelihoods-in-rural-india/articleshow/81566807.cms?from=mdr

सम्मेलन/समारोह

मल्टीफंक्शनल इलेक्ट्रॉनिक मैटेरियल्स एवं प्रोसेसिंग पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 2021

प्रश्न-8-10 मार्च, 2021 के मध्य मल्टीफंक्शनल इलेक्ट्रॉनिक मैटेरियल्स एवं प्रोसेसिंग पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कहां आयोजित हुआ?

(a) लखनऊ (b) बंगलुरू (c) पुणे (d) जयपुर

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 8-10 मार्च, 2021 के मध्य मल्टीफंक्शनल इलेक्ट्रॉनिक मैटेरियल्स एंड प्रोसेसिंग पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (International Conference Multifunctional Electronic Materials & Processing), 2021 पुणे में आयोजित हुआ है।
- इसका आयोजन सेंटर फॉर मैटेरियल्स फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी (सीमेट) पुणे द्वारा किया गया।
- केंद्रीय शिक्षा संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री संजय धोत्रे ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया।

- यह सम्मेलन वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और युवा छात्रों को विभिन्न अनुप्रयोगों और उपकरणों के निर्माण के उद्देश्य से उन अनुप्रयोगों के प्रसंस्करण के लिए मल्टीफक्शनल इलेक्ट्रॉनिक मैटेरियल्स के क्षेत्र में काम करने वाले प्रख्यात वैज्ञानिक/प्रौद्योगिकीविदों के साथ बातचीत करने का एक अवसर प्रदान किया।
- वैश्विक स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन के क्षेत्र में भारत की हिस्सेदारी वर्ष 2012 में 1.3 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2019 में 3.6 प्रतिशत हो गई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1703180

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला, 2021

प्रश्न-6-9 मार्च, 2021 के मध्य नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला, 2021 वर्चुअल प्रारूप में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष इस मेले का मुख्य विषय (Theme) क्या है?

(a) गांधी: राइटर्स राइटर (b) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020

(c) गांधी: एक जीवन का दर्शन (d) स्वच्छता एवं जलवायु परिवर्तन

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 6-9 मार्च, 2021 के मध्य नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला (New Delhi World Book Fair), 2021 का वर्चुअल प्रारूप में आयोजन किया गया।
- वर्ष 2021 में इस मेले की थीम-''राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020' है।
- इसका आयोजन राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (NBT) द्वारा किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://nbtindia.gov.in/newdelhiworldbookfair/

संधि/समझौता

श्रीलंका के साथ एयर बबल समझौता

प्रश्न-11 अप्रैल, 2021 को नागर विमानन मंत्रालय के साथ श्रीलंका एयर बबल समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) का देश है-

(a) तीसरा (b) चौथा (c) पांचवां (d) छठा

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 11 अप्रैल, 2021 को नागर विमानन मंत्रालय ने श्रीलंका के साथ एयर बबल समझौते को अंतिम रूप प्रदान किया।
- इससे शीघ्र ही सभी पात्र यात्री दोनों देशों की यात्रा कर सकेंगे।
- इसके साथ ही श्रीलंका दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) का ऐसा छठा देश बन गया है, जिसने भारत के साथ यह समझौता किया है।
- भारत ने अब तक 28 देशों के साथ ऐसे समझौते किए हैं।
- इन देशों में अफगानिस्तान, बहरीन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इराक, जापान, मालदीव, नाइजीरिया, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और अमेरिका आदि शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/india-has-finalised-air-bubble-pact-with-sri-lanka-aviation-ministry/article34289423.ece

पशुपालन विभाग तथा राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के मध्य समझौता

प्रश्न-7 अप्रैल, 2021 को पशुपालन विभाग तथा राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के मध्य किस संबंध में एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ है?

(a) पशुपालन तथा डेयरी विभाग के वित्तपोषण हेतु

(b) पशु चिकित्सा विज्ञान में आयुर्वेद और इससे संबंधित विषयों को लागू करने हेतु

(c) पशुपालन तथा डेयरी विभाग को सब्सिडी पर आयुर्वेदिक दवाइयां मुहैया कराने हेतु

(d) पशुपालन तथा डेयरी विभाग की खाली पड़ी जमीनों पर ओषधीय पौधों की खेती करने हेतु

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

आयुष मंत्रालय
Ministry of AYUSH

- 7 अप्रैल, 2021 को पशु चिकित्सा विज्ञान में आयुर्वेद और इससे संबंधित विषयों को लागू करने हेतु पशुपालन विभाग और आयुष मंत्रालय के मध्य एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौते के तहत पशु चिकित्सा विज्ञान में औषधीय पौधों के माध्यम से गुणवत्ता संपन्न दवा के नए फॉर्मूलेशनों पर शोध सहित अनुसंधान तथा विकास को बढ़ावा मिलेगा।
- इस सहयोग से पशु स्वास्थ्य लाभ, पशुपालन समुदाय तथा समाज के लाभ के लिए पशु चिकित्सा क्षेत्र में आयुर्वेद के उपयोग के इस्तेमाल हेतु नियामक व्यवस्था विकसित करने में मदद मिलेगी।

- इस सहयोग से हर्बल पशु चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम विकसित करने में मदद मिलेगी और डेयरी किसानों तथा अनाज उत्पादक किसानों में हर्बल ओषधि के उपयोग तथा जड़ी-बूटी कृषि के बारे में जागरूकता आएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1710205

भारती एंटरप्राइजेज-डिक्सन में समझौता

प्रश्न-अप्रैल, 2021 में भारती एंटरप्राइजेज और डिक्सन ने एक संयुक्त उद्यम बनाने हेतु समझौता किया है। इस समझौते के तहत इस संयुक्त डद्यम में डिक्सन की कितनी हिस्सेदारी होगी?

(a) 26 प्रतिशत (b) 49 प्रतिशत (c) 50 प्रतिशत (d) 74 प्रतिशत

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- अप्रैल, 2021 में भारती एंटरप्राइजेज और डिक्सन ने एक संयुक्त उद्यम बनाने के लिए समझौता किया है, जो सरकार के उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के विनिर्माण के लिए आवेदन करेगी।
- इस समझौते के तहत संयुक्त उद्यम में डिक्सन की 74 प्रतिशत और भारती एंटरप्राइजेज की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।
- संयुक्त उद्यम दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों, जैसे मॉडेम, राउटर, सेट टॉफ बॉक्स, आईओटी डिवाइस और एयरटेल सहित दूरसंचार उद्योग के लिए अन्य उत्पादों का विनिर्माण करेंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/business/Industry/dixon-bharti-to-form-jv-eye-pli-scheme-for-making-telecom-products/article34263001.ece

अटल इनोवेशन मिशन और एडब्ल्यूएस के मध्य साझेदारी

प्रश्न-18 मार्च, 2021 को भारत में क्लाउड स्किलिंग और शिक्षा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप्स में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु अटल इनोवेशन मिशन और अमेजॉन वेबसर्विसेज (एडब्ल्यूएस) के मध्य हुई साझेदारी के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस समझौते के अंतर्गत अटल इनोवेशन मिशन शिक्षा के क्षेत्र में एडब्ल्यूएस सेवाओं को बढ़ावा देगी, जो अमेजन के उस वैश्विक कार्यक्रम का हिस्सा है, जिससे

छात्रों और शिक्षकों को क्लाउड संबंधी शिक्षण से जुड़े संसाधन उपलब्ध कराया जाता है।
(b) इस कार्यक्रम के अंतर्गत क्लाउड कंप्यूटिंग से संबंधित विभिन्न सुविधाएं शुरू की जाएंगी, जिसमें क्लाउड स्टोरेज, से लेकर वर्चुअल कंप्यूटर पावर, वेब होस्टिंग, एआई, मशीन लर्निंग और वर्चुअल रियलिटी शामिल हैं।
(c) यह सुविधा भारत में 1500 अटल टिकरिंग लैब्स के माध्यम से छात्रों को उपलब्ध कराई जाएंगी।
(d) एडब्ल्यूएस अटल टिकरिंग लैब के प्रभारी शिक्षकों के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (शिक्षक विकास कार्यक्रम) संचालित करेगा।

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 18 मार्च, 2021 को अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), नीति आयोग और अमेजॉन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) द्वारा नवाचार और उद्यमिता को सशक्त बनाने हेतु एक नई पहल की घोषणा की गई।
- इस नई पहल के अंतर्गत स्कूली छात्रों को क्लाउड कंप्यूटिंग में कुशल बनाया जाएगा और क्लाउड पर नई शिक्षा प्रौद्योगिकी विकसित करने हेतु उद्यमियों को योग्य बनाया जाएगा।
- भारत में एडब्ल्यूएस क्लाउड सेवाओं की बिक्री और विपणन का काम देखने वाली अमेजन इंटरनेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एआईएसपीएल) और नीति आयोग के मध्य इस संबंध में आज एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित है।
- इस समझौते के अंतर्गत अटल इनोवेशन मिशन शिक्षा क्षेत्र में एडब्ल्यूएस सेवाओं को बढ़ावा देगी, जो अमेजन के उस वैश्विक कार्यक्रम का हिस्सा है जिससे छात्रों और शिक्षकों को क्लाउड संबंधी शिक्षण से जुड़े संसाधन उपलब्ध कराया जाता है।
- इस कार्यक्रम के अंतर्गत क्लाउड कंप्यूटिंग से संबंधित विभिन्न सुविधाएं शुरू की जाएंगी, जिसमें क्लाउड स्टोरेज से लेकर वर्चुअल कंप्यूटर पावर, वेब होस्टिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग और वर्चुअल रियलिटी से जुड़ा प्रशिक्षण शामिल है।
- यह सुविधा भारत में 7000 अटल टिकरिंग लैब्स के माध्यम से छात्रों को उपलब्ध कराई जाएगी।
- एडब्ल्यूएस द्वारा अटल टिकरिंग लैब के प्रभारी शिक्षकों के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (शिक्षक विकास कार्यक्रम) संचालित किया जाएगा।
- एडब्ल्यूएस ऐसे संसाधन व टूल भी उपलब्ध कराएगी जिससे छात्रों की सीखने की प्रक्रिया तेज हो और उन्हें क्लाउड पर सॉल्यूशन विकसित करने के योग्य बनाया जा सके।

- अटल इनोवेशन मिशन एडब्ल्यूएस एडस्टार्ट भी शुरू करेगी, जिससे एडटेक स्टार्टअप्स को एडब्ल्यूएस पर शिक्षण और प्रशिक्षण के लिए नई पद्धतियां विकसित करने की सुविधा उपलब्ध होगी।
- इसके अंतर्गत 80 से अधिक अटल इनक्यूबेशन सेंटर (एआईसी) और अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर (एसीआईसी) में शिक्षा प्रौद्योगिकी से जुड़े स्टार्टअप्स और उद्यमियों को एडब्ल्यूएस एडस्टार्ट कार्यक्रम का लाभ पाने की सुविधा उपलब्ध होगी, जिसमें एडब्ल्यूएस प्रमोशनल क्रेडिट्स मेंटरशिप और तकनीकी प्रशिक्षण शामिल हैं।
- अटल इनोवेशन मिशन और एडब्ल्यूएस के बीच साझेदारी के अंतर्गत अन्य क्षेत्रों में भी कई उपाय शुरू किए जाएंगे जिनमें संयुक्त रूप से कार्यशाला का आयोजन, टेक मैराथन का आयोजन तथा साथ ही स्थानीय सामुदायिक समस्याओं या टिकाऊ विकास लक्ष्य हेतु उपाय और क्लाउड पर नए उपाय विकसित करने की राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=412226

एपीईडीए- एनएसआईसी में समझौता

प्रश्न-17 मार्च, 2021 को कृषि और प्रसंस्कृति खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) और राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) के मध्य हस्ताक्षरित समझौता-ज्ञापन के विषय में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की निर्यात संभावनाओं के उपयोग पर बल देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग सुनिश्चित करने हेतु किया गया है।

(b) समझौता-ज्ञापन के अनुसार सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में एपीईडीए से पंजीकृत सदस्यों को एनएसआईसी की सभी योजनाओं के अंतर्गत सहायता में सक्षम बनाना भी शामिल है।

(c) इस समझौते के तहत प्रौद्योगिकी, कौशल, गुणवत्ता वाले उत्पादों और बाजार में पहुंच जैसे मुद्दे शामिल करके लघु एवं मध्यम उद्यमों के स्थायित्व और विकास को सुनिश्चित किया गया है।

(d) दोनों संगठन विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग हेतु एक निगरानी समिति का गठन करेंगे।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 17 मार्च, 2021 को कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात संभावनाओं के उपयोग पर बल देते हुए विभिन्न

क्षेत्रों में सहयोग सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

- समझौता-ज्ञापन के अनुसार, सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में एपीईडीए से पंजीकृत सदस्यों को एनएसआईसी की सभी योजनाओं के अंतर्गत सहायता में सक्षम बनाना भी शामिल है।
- इस समझौते के तहत प्रौद्योगिकी, कौशल, गुणवत्ता वाले उत्पादों और बाजार में पहुंच जैसे मुद्दे शामिल करके सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के स्थायित्व और विकास को सुनिश्चित किया गया है।
- एपीईडीए और एनएसआईसी के बीच सहयोग का उद्देश्य एमएसएमई क्लस्टरों के लिए हरित तथा स्थायी मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी को प्रोत्साहित करने में समर्थन प्रदान करना है, जिससे इकाइयां सतत तथा हरित उत्पादन प्रक्रियाओं और उत्पादों को अपना सकें।
- एपीईडीए तथा एनएसआईसी B2B और B2C मेलों सहित भारत तथा विदेशों में आयोजित किए जाने वाले मेलों में एमएसएमई की भागीदारी में सहायता देने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय विकास और संवर्धन में पारस्परिक रूप से सहयोग करेंगे।
- समझौता-ज्ञापन के अंतर्गत सामाजिक तथा पर्यावरण अनुपालनों तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कौशल हेतु एमएसएमई उद्योगों की क्षमता बढ़ाने में भारत सरकार की योजनाओं के अंतर्गत सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान भी है।
- दोनों संगठन एमएसएमई मंत्रालय की योजनाओं तथा एनएसआईसी द्वारा लागू की जा रही योजनाओं के विषय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1705751

भारतीय एवं इस्राइली कंपनी के मध्य समझौता

प्रश्न-हाल ही में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (IOCL) ने अल्ट्रा लाईट मेटल एयर बैटरी बनाने हेतु किस इजरायली फर्म के साथ समझौता किया है?

(a) फिनर्जी (Phinergy) (b) रेलिएंट (Reliant) (c) एआईएल (AIL) (d) साबरा (Sabra)

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 17 मार्च, 2021 को भारतीय कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (IOCL) एवं इजरायली फर्म फिनर्जी (Phinergy) द्वारा अल्ट्रा लाईट मेटल एयर बैटरी विनिर्माण हेतु एक संयुक्त उद्यम की स्थापना को औपचारिक रूप दिया गया।
- फिनर्जी इलेक्ट्रिक कारों के लिए डिजाइन किये गये एल्युमीनियम एयर और जस्ता-एयर बैटरी सहित शून्य-उत्सर्जन (Zero Emission) बैटरी का वगीकृत रूप में निर्माण करती है।
- संयुक्त उद्यम के तहत दोनों कंपनियां भारतीय बाजार के लिए एल्युमीनियम-एयर बैटरी के अनुसंधान एवं विकास, निर्माण तथा बिक्री का भी कार्य करेगी।
- इस संयुक्त उद्यम का उद्देश्य एल्युमीनियम एयर बैटरी तकनीक की सहायता से इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अल्ट्रा लाइट मेटल एयर बैटरी बनाना है, और ई-गति शीलता को बढ़ावा देना है।
- इस साझेदारी के माध्यम से ऊर्जा जरूरतों के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बनेगा।
- विदित हो कि आईओसीएल (IOCL) ने फरवरी, 2020 में ही फिनर्जी में आंशिक हिस्सेदारी हासिल कर ली थी।
- मारूति सुजुकी और अशोक लीलैंड द्वारा इस कंपनी को समर्थन एवं व्यावसायीकरण में सहयोग देने के लिए संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर किये हैं।
- भारतीय ऑटोमोबाइल फर्म एवं कंपनियां मारूति सुजुकी अशोक लीलैंड एवं महिंद्रा इलेक्ट्रिक इस कंपनी की तकनीकी बैधता के हिस्सेदार होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://iocl.com/aboutus/NewsDetail.aspx?NewsID=59187&tID=8

हेल्थ केयर इनोवेशन में सुधार हेतु साझेदारी

प्रश्न-15 मार्च, 2021 को नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के तहत हेल्थ केयर इनोवेशन तथा परिणामों में बदलाव लाने के उद्देश्य से देशभर में नवाचार मिशन तथा उद्यमिता संबंधी पहलों में सकारात्मक समर्थन हेतु किस स्वास्थ्य कंपनी के साथ साझेदारी की है?

(a) फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड (b) एस्टर डीएम हेल्थकेयर लिमिटेड

(c) हेल्थकेयर ग्लोबल इंटरप्राइजेज लिमिटेड (d) रेलिगेयर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 15 मार्च, 2021 को नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के तहत हेल्थ केयर इनोवेशन तथा परिणामों में बदलाव लाने के उद्देश्य से देशभर में नवाचार मिशन तथा उद्यमिता संबंधी पहलों में सकारात्मक समर्थन हेतु एस्टर डीएम हेल्थकेयर लिमिटेड के साथ साझेदारी की।

- इस आशय-पत्र का उद्देश्य डिजिटल हेल्थ केयर के क्षेत्र में इच्छुक उद्यमियों के बीच नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु भारत में अटल इनोवेशन मिशन के कार्यक्रमों और उसके लाभार्थियों की विभिन्न पहलों का समर्थन करना है।
- एस्टर डीएम हेल्थकेयर ग्रुप की इकाई एस्टर डिजिटल हेल्थ इंक्यूबेटर (एडीएचआई) देशभर में अटल इनोवेशन मिशन की अन्य पहलों के अलावा विभिन्न अटल इन्क्यूबेशन सेंटरों (एआईसी), स्थापित ऊष्मायन केंद्र (ईआईसी), अटल सामुदायिक नवप्रवर्तन केंद्र (एसीआईसी) और अटल टिकरिंग लैब्स (एटीएल) का समर्थन करेगी।
- इसका लक्ष्य डिजिटल प्राथमिक देखभाल पर ध्यान केंद्रित करने और डिजिटल स्वास्थ्य उद्यमिता के एक समृद्ध इको-सिस्टम की स्थापना के साथ स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में अभिनव समाधान की दिशा में मील का पत्थर तय करने हेतु देशभर में एआईसीएस, ईआईसी और एटीएल के साथ मंजबूती से जुड़ना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1704948

हाईस्पीड रेल ट्रैक की डिजाइन के लिए समझौता

प्रश्न-12 मार्च, 2021 को नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट के (गुजरात में बड़ोदरा से वापी के बीच 237 किमी.) टी-2 पैकेज के लिए हाई-स्पीड रेल ट्रैक की डिजाइन हेतु किसके साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

(a) लार्सन एंड टुब्रो (b) जापान रेलवे ट्रैक कंसल्टेंट कंपनी लिमिटेड

(c) रशियन रेलवे ट्रैक कंसल्टेंट कंपनी (d) कनाडियन नेशनल रेलवे

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 12 मार्च, 2021 को नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट के (गुजरात में बड़ोदरा से वापी के बीच 237 किमी.) टी-2 पैकेज के लिए हाई-स्पीड रेल (एचएसआर) ट्रैक की डिजाइन हेतु जापान रेलवे ट्रैक कंसल्टेंट कंपनी लिमिटेड (जेआरटीसी) के साथ समझौता- ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- जेआरटीसी प्रमुख हाई स्पीड रेल (एचएसआर) ट्रैक घटकों जैसे आरसी ट्रैक बेड, ट्रैक स्लैब व्यवस्था और निरंतर वेल्डेड रेल (Continuous Welded rail) बलों आदि की विस्तृत डिजाइन और ड्राइंग प्रदान करेगा।

- यह समझौता ज्ञापन भारत और जापान के साझेदारी के बीच संबंधों को मजबूत करेगा और मेक इन इंडिया पहल को भी बढ़ावा देगा।
- यह भारत को जापानी हाई-स्पीड रेल प्रणाली के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को भी सुनिश्चित करेगा।
- यह भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना है, जिसका निर्माण 1.08 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित लागत राशि से किया जा रहा है।
- एनएचएसआरसीएल मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेड (MAHSR) परियोजना के लिए कार्यान्वयन एजेंसी है।
- नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NHSRCL) को भारत में हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के वित्त, निर्माण, रखरखाव और प्रबंधन के उद्देश्य से 12 फरवरी, 2016 को कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://nhsrcl.in/en/home

एक्सिस बैंक एवं व्हाट्सएप के मध्य समझौता

प्रश्न-हाल ही में किस बैंकिंग संस्था ने वित्तीय लेन-देन हेतु व्हाट्सऐप के साथ समझौता किया है?

(a) आईसीआईसीआई बैंक (b) एक्सिस बैंक

(c) पंजाब नेशनल बैंक (d) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 3 मार्च, 2021 को एक्सिस बैंक के द्वारा अपने ग्राहकों की बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने में सहायता हेतु व्हाट्सऐप के साथ बैंकिंग प्रणाली की शुरुआत की गयी।
- इस प्रणाली के माध्यम से व्हाट्सएप ग्राहक को कहीं भी और कभी भी चैटिंग के साथ-साथ बैंकिंग संबंधी उपयोग में मदद मिलेगी।
- इस सेवा का लाभ पाने हेतु ग्राहको का व्हाट्सऐप अकांउट उसी नंबर से पंजीकृत होना चाहिए, जो खाते से जुड़ा है।
- यह सेवा ग्राहकों को उनके खाते की शेष राशि, क्रेडिट कार्ड भुगतान, लेन-देन, सावधि और आवर्ती जमा विवरण आदि में जानकारी प्रदान करेगी।
- यह सुविधा बैंक के गैर-ग्राहकों के लिए भी उपलब्ध होगी।
- हालांकि एक्सिस बैंक की तरफ से इसकी वित्तीय सुरक्षा पर प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी है कि यह सुविधा इण्ट टू इण्ड एनक्रिप्टेड मोड पर कार्य करती है।

- व्हाट्सऐप पेमेंट्स (Whatsapp Payments) एक पीयर-टू-पीयर मनी ट्रांसफर सुविधा है।
- यह सुविधा अभी केवल भारत में उपलब्ध है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.axisbank.com/axis-whatsapp-banking

एमजीमोटर और आईआईटी दिल्ली के मध्य समझौता

प्रश्न-मार्च, 2021 में एमजी मोटर ने 'इलेक्ट्रिक कनेक्टेड ऑटोनोमस व्हीकल्स' के लिए भारत के किस संस्थान के साथ समझौता किया है?

(a) आईआईटी मद्रास (b) आईआईटी बंबई
(c) आईआईटी दिल्ली (d) आईआई टी कानपुर

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में एमजी मोटर ने 'इलेक्ट्रिक कनेक्टेड वाहनों' के अनुसंधान के लिए आईआईटी दिल्ली के 'सेंटर फॉर ऑटोमोटिव रिसर्च एंड ट्रिबोलाजी' (सीएआरटी) के साथ समझौता किया है।
- फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी) के द्वारा 'कनेक्टेड ऑटोनोमस शेअर्ड इलेक्ट्रिक' वाहनों पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा।
- इस समझौतों का उद्देश्य भारत में शहरी परिदृश्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के वृद्धि से है, जिसके द्वारा प्रदूषण में कमी तथा डीजल, पेट्रोल की बचत करना है।
- ऑटोमोटिव रिसर्च एंड ट्राइबोलॉजी (सीएआरटी) केंद्र सक्रिय रूप से बैटरी चालित, इलेक्ट्रिक वाहनों, हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों, वैकल्पिक स्रोतों के क्षेत्र में अनुसंधान और विकासात्मक कार्य में भाग लेता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://home.iitd.ac.in/news-mg-motar.php

यूपीएससी-आईएआरसीएससी के मध्य समझौता

प्रश्न-23 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत के संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और किस देश के स्वतंत्र प्रशासनिक सुधार और सिविल सेवा आयोग (आईएआरसीएससी) के मध्य समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने को मंजूरी प्रदान की?

(a) बांग्लादेश (b) मालदीव (c) अफगानिस्तान (d) श्रीलंका

Union Public Service Commission

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 23 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत के संघ लोक सेवा आयोग और अफगानिस्तान के स्वतंत्र प्रशासनिक सुधार और सिविल सेवा आयोग (आईएआरसीएससी) के मध्य समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस समझौता-ज्ञापन से उम्मीदवारों के चयन के क्षेत्र में दोनों पक्षों को अनुभव और विशेषज्ञतो को साझा करने की सुविधा प्रदत्त होगी।
- इस समझौता-ज्ञापन की प्रमुख विशेषताओं में सार्वजनिक सेवा में भर्ती और चयन के आधुनिक दृष्टिकोण, विशेष रूप से यूपीएससी और आईएसआरसीएससी के कार्य के संबंध में अनुभव का आदान-प्रदान, पुस्तकों, मार्गदर्शक पुस्तिकाओं तथा अन्य दस्तावेजों समेत सूचना और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान जो गोपनीय प्रकृति का न हो, इत्यादि शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pmindia.gov.in/en/news_updates/cabinet-approves-signing-of-an-mou-between-union-public-service-commission-india-and-independent-administrative-reforms-and-civil-services-commission-afghanistan/?comment=disable

भारत-जापान के मध्य समझौता

प्रश्न-23 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल को भारत और जापान के मध्य किस क्षेत्र में हस्ताक्षरित सहयोग-ज्ञापन (एमओसी) के बारे में अवगत कराया गया?

(a) सूचना प्रौद्योगिकी (b) जल संसाधन (c) कृषि (d) पारंपरिक चिकित्सा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 23 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल को जल संसाधन के क्षेत्र में जलशक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग तथा जापान के भूमि, आधारभूत संरचना, परिवहन और पर्यटन मंत्रालय के जल और आपदा प्रबंधन ब्यूरो के बीच हस्ताक्षरित सहयोग-ज्ञापन (एमओसी) से अवगत कराया गया।
- दोनों देशों के बीच सूचना, ज्ञान, प्रौद्योगिकी और विज्ञान आधारित अनुभव के आदान-प्रदान को बढ़ाने के साथ-साथ संयुक्त परियोजनाओं के कार्यान्वयन हेतु इस एमओसी पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

- इस एमओसी का लक्ष्य जल और डेल्टा प्रबंधन तथा जल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग को बढ़ाना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1706900

पॉवर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया-जेपीसीएल में समझौता

प्रश्न-22 मार्च, 2021 को पॉवरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और जयप्रकाश पॉवरवेंचर्स लिमिटेड (जेपीसीएल) के मध्य शेयर खरीद समझौता हस्ताक्षरित हुआ। इस समझौते के तहत पॉवरग्रिड में जेपी पॉवरग्रिड लिमिटेड-जेवी (जेपीएल) की कितनी हिस्सेदारी हासिल कर ली है?

(a) 26 प्रतिशत (b) 49 प्रतिशत (c) 74 प्रतिशत (d) 100 प्रतिशत

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 22 मार्च, 2021 को पॉवरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और जय प्रकाश पावरवेंचर्स लिमिटेड (जेपीसीएल) के मध्य शेयर खरीद समझौता हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौते के तहत पॉवरग्रिड ने जेपी पॉवरग्रिड लिमिटेड जेवी (जेपीएल) की 74 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है।
- अभी तक पॉवरग्रिड के पास इस उद्यम में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।
- इस अधिग्रहण के बाद जेपीएल पूर्णत: पॉवरग्रिड के स्वामित्व वाली इकाई बन गई है।
- जेपीएल-जेवी ने हिमाचल प्रदेश में करचम-वांगटू परियोजना से विद्युत उत्पादन हेतु 214 किमी. लंबी ईएचवी विद्युत पारेषण परियोजना को पूरा कर लिया है।
- इस परियोजना से हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को विद्युत आपूर्ति की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1706605

ट्राइफेड और अरुणाचल प्रदेश सरकार में समझौता

प्रश्न-19 मार्च, 2021 को ट्राइफेड और अरुणाचल प्रदेश सरकार के मध्य अरुणाचल प्रदेश में वन धन योजना और लघु वनोपज योजना में न्यूनतम समर्थन मूल्य के कार्यान्वयन हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। इस समझौते के तहत इस वर्ष राज्य में कितने वन धन विकास केंद्र स्थापित किए जाएंगे?

(a) 50 (b) 75 (c) 100 (d) 150

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 मार्च, 2021 को ट्राइफेड और अरुणाचल प्रदेश सरकार के मध्य अरुणाचल प्रदेश में वन धन योजना और लघु वनोपज योजना में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के कार्यान्वयन हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- अरुणाचल प्रदेश का ग्रामीण विकास विभाग इस योजना के कार्यान्वयन हेतु नोडल एजेंसी और अरुणाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एआरएसआरएलएम) इसकी कार्यान्वयन एजेंसी होगी।
- इस समझौते के तहत इस वर्ष राज्य में 100 वन धन विकास केंद्र स्थापित किए जाएंगे।
- राज्य नोडल एजेंसी और कार्यान्वयन एजेंसी की टीमें ट्राइफेड के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ इस योजना के कार्यान्वयन की देख-रेख हेतु विभिन्न गांवों तथा जिलों का दौरा करेंगी।
- देश के 21 राज्यों में राज्य सरकार की एजेंसियों के सहयोग से ट्राइफेड द्वारा संकल्पनाबद्ध और कार्यान्वित न्यूनतम समर्थन मूल्य के माध्यम से लघु वन उपज (एमएफपी) के विपणन हेतु तंत्र एवं एमएफपी के लिए मूल्य श्रृंखला का विकास जनजातीय कार्य मंत्रालय की एक प्रमुख योजना है।
- इसे वर्ष 2005 के वन अधिकार अधिनियम के तहत अधिकार व शक्तियां प्राप्त हैं।
- ट्राइफेड ने अब तक 21 राज्यों और 1 केंद्रशासित प्रदेश में 1770 वन धन केंद्र (वीडीके) स्वीकृत किए हैं, जिनसे 5.3 लाख आदिवासी जुड़े हैं।
- इसमें पूर्वोत्तर राज्यों के 1.73 आदिवासी लाभार्थियों से जुड़े 586 वन धन केंद्र शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1706675

पोषण, बाल संरक्षण और विकास तथा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने हेतु समझौता

प्रश्न-8 मार्च, 2021 को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और किसके बीच पोषण, बाल संरक्षण और विकास तथा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने हेतु समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ?

(a) शिक्षा मंत्रालय (b) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
(c) इन्वेस्ट इंडिया (d) नीति आयोग

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 मार्च, 2021 को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और इन्वेस्ट इंडिया के बीच पोषण, बाल संरक्षण और विकास तथा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इसका उद्देश्य पोषण, बाल संरक्षण और विकास, महिला सशक्तिकरण और अभिसरण क्षमता निर्माण के विषयक क्षेत्रों में सहयोग को मिशन मोड में आगे बढ़ाना है।
- इन्वेस्ट इंडिया मिशन/ईएपी डेक्स महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को रणनीतिक और नीतिगत समर्थन प्रदान करेगा तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग, अभिसरण, प्रभाव मूल्यांकन, निरंतर व्यवहार परिवर्तन संचार और व्यापक पैमाने पर इसके प्रभाव हेतु एक सहभागी पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के प्रयासों को अपना समर्थन देगा।
- इन्वेस्ट इंडिया के तहत 'दृष्टि' महिला एवं बाल विकास मंत्रालय हेतु रणनीतिक अनुसंधान तैयार करने, डिजाइन बनाने और संचालित करने के लिए इनपुट तथा आउटपुट विश्लेषण, अनुसंधान और आवश्कतानुसार अन्य अनुसंधान भी करेगा, जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक एवं तृतीयक अनुसंधान हेतु अनुसंधान एजेंसियों के साथ समन्वय करना भी शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1703339

भारत-फिजी में समझौता

प्रश्न-3 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और फिजी गणराज्य के किस क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने हेतु मंजूरी प्रदान की?

(a) सूचना प्रौद्योगिकी (b) पारंपरिक चिकित्सा (c) कृषि और संबद्ध क्षेत्र (d) उपरोक्त में कोई नहीं

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 3 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार और फिजी गणराज्य के कृषि मंत्रालय के बीच कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में सहयोग हेतु समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने हेतु मंजूरी प्रदान की।
- इस समझौता-ज्ञापने के माध्यम से दोनों देशों की कार्यकारी एजेंसियों के माध्यम से एक संयुक्त कार्यकारी समूह (JWG) का गठन किया जाएगा।
- यह समूह अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रक्रियाओं को अंतिम रूप देगा तथा सहयोग-कार्यक्रमों की योजना बनाने के साथ ही इसकी सिफारिश भी करेगा।
- जेडब्ल्यूजी (JWG) प्रत्येक 2 वर्ष में बारी-बारी से भारत और फिजी में अपनी बैठक करेगा।
- यह समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षर किए जाने की तिथि प्रभावी होगा और 5 वर्षों की अवधि तक लागू रहेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1702150#:~:text=The%20Union%20Cabinet%20chaired%20by,field%20of%20Agriculture%20and%20Allied

आईआईएससी एप्लाइड मैटेरियल इंडिया इंक आर एंड डी पैक्ट

प्रश्न-अमेरिकी सामग्री इंजीनियरिंग कंपनी एप्लायड मैटेरियल इंक की सहायक कंपनी एप्लायड मैटेरियल इंडिया ने किस भारतीय संस्थान के साथ अनुसंधान और विकास संधि पर हस्ताक्षर किया है?

(a) आई आई एम (b) आई आई एस सी

(c) इसरो (d) बार्क

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में अमेरिकी कंपनी एप्लायड मैटेरियल इंक की सहायक कंपनी एप्लायड मैटेरियल इंडिया ने भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बंगलुरू के साथ अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) संधि पर हस्ताक्षर किया है।
- एप्लायड मैटेरियल्स इंडिया ने आई आई एस सी के साथ 'लैब से फैब' तक समाधान निकालने तथा देश में सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी और निर्माण के लिए समझौता किया है।

- सेंटर ऑफ नैनोसाइंस एंड इंजीनियरिंग के उद्योग संबद्ध कार्यक्रम के हिस्से के रूप में आईआईएससी बंगलुरू और एपलाइड मैटेरियल्स इंडिया उन्नत सामग्री के क्षेत्र में नये अनुप्रयोगों और समाधानों का पत्ता लगाने के लिए सेंटर ऑफ नैनो साइंस एंड इंजीनियरिंग के साथ मिलकर काम करेंगे।
- इससे पहले वर्ष 2018 में एप्लायड मैटेरियल्स इंडिया ने अर्द्धचालक और फार्मास्यूटिकल में अनुप्रयोगों के साथ एआई, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस के अनुदान को बढ़ावा देने के लिए आई आई टी मद्रास के साथ समझौता किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indiaai.gov.in/news/applied-materials-india-iisc-bengaluru-to-explore-advance-materials-applications

भारत और फिलीपींस में समझौता

प्रश्न-2 मार्च, 2021 को भारत और फिलीपींस ने किस मिसाइल की संभावित आपूर्ति हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?

(a) अग्नि (b) ब्रह्मोस (c) पृथ्वी (d) सूर्या

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में भारत और फिलीपींस ने ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलों एवं अन्य रक्षा उपकरणों की संभावित आपूर्ति हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- फिलीपींस के रक्षा अंडर सेक्रेटरी रायमुंडो एलेफांटे और फिलीपींस में भारत के राजदूत शंभु कुमारन ने फिलीपींस के सशस्त्र बलों के मुख्यालय कैंप एजुइनअल्डो में कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- ब्रह्मोस एक मध्य दूरी की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है जिसे पुनडुब्बी से, विमान से या जमीन से भी छोड़ा जा सकता है।
- इसे विश्व की सबसे तेज सुपरसोनिक मिसाइल माना जाता है।
- ब्रह्मोस का नाम भारत की ब्रह्मपुत्र नदी और रूस की मोस्कोवा नदी के नाम पर रखा गया है।
- ब्रह्मोस मिसाइल भारत और रूस द्वारा संयुक्त से विकसित की गई है।
- ब्रह्मोस मिसाइलों को ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा डिजाइन विकसित और निर्मित किया गया है।
- यह मिसाइल 'दागो और भूल जाओ' के सिद्धांत पर कार्य करती है।
- इसकी वास्तविक रेंज 290 किमी. है।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.business-standard.com/article/current-affairs/india-signs-key-pact-with-philippines-for-sale-of-defence-equipment-121030301471_1.html

भारत सरकार-एआईआईबी में समझौता

प्रश्न-23 फरवरी, 2021 को भारत सरकार और एशियाई इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईवी) ने असम में अंतरराज्यीय विद्युत वितरण नेटवर्क को मजबूत करने एवं उसकी क्षमता एवं सुरक्षा बढ़ाने हेतु कितनी राशि का समझौता किया है?

(a) 22.8 करोड़ डॉलर (b) 23.5 करोड़ डॉलर

(c) 25.5 करोड़ डॉलर (d) 30.4 करोड़ डॉलर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 23फरवरी, 2021 को भारत सरकार और एशियाई इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) ने असम में अंतरराज्यीय विद्युत वितरण नेटवर्क को मजबूत करने एवं उसकी क्षमता और सुरक्षा बढ़ाने हेतु 30.4 करोड़ डॉलर का समझौता किया।
- इसके तहत असम में 10 विद्युत वितरण सब-स्टेशन बनाए जाएंगे और ट्रांसमिशन लाइन बिछाई जाएगी, जिसके लिए आवश्यक ढांचा भी तैयार किया जाएगा।
- इसके अतिरिक्त 15 मौजूदा सब-स्टेशन और ट्रांसमिशन लाइन को अपग्रेड किया जाएगा। साथ ही जमीन में मौजूद तारों के स्थान पर ऑप्टिकल वॉयर बिछाए जाएंगे।
- इसके तहत प्रोजेक्ट को पूरा करने हेतु तकनीकी सहयोग भी प्रदान किया जाएगा।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य असम को 24 घंटे, भरोसेमंद सस्ती, सुरक्षित, कुशल बिजली प्रदान करना है।
- इस प्रोजेक्ट की कुल अनुमानित लागत राशि 36.5 करोड़ डॉलर है।
- जिसमें से 30.4 करोड़ डॉलर एआईआईबी द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा।
- असम सरकार 6.1 करोड़ डॉलर खर्च करेगी।
- एआईआईबी द्वारा प्रदत्त 30.4 करोड़ डॉलर के ऋण की परिपक्वता 24 वर्ष है जिसमें 5 वर्ष की छूट अवधि शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें…

http://newsonair.com/News?title=Govt.-and-AIIB-sign-loan-agreement-for-USD-304-million-Assam-Intra-State-Transmission-System-Enhancement-Project&id=410442

अडाणी एंटरप्राइजेज और एजकॉनेक्स में करार

प्रश्न-23 फरवरी, 2021 को अडानी इंटरप्राइजेज की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी डीसी डेवलपमेंट चेन्नई और किस देश की कंपनी एजकॉनेक्स की सहयोगी कंपनी एजकॉनेक्स यूरोप के बीच देशभर में डेटा केंद्र विकसित करने और संचालित करने हेतु संयुक्त उपक्रम बनाने के लिए समझौता हुआ है?

(a) ब्रिटेन (b) दक्षिण कोरिया (c) अमेरिका (d) जापान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 23 फरवरी, 2021 को अडानी एंटरप्राइजेज ने जानकारी प्रदान की कि उसने देश भर में डेटा केंद्र विकसित करने और संचालित करने हेतु अमेरिकी कंपनी एजकॉनेक्स के साथ संयुक्त उपक्रम बनाने हेतु करार किया है।
- यह समझौता उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी डीसी डेवलपमेंट चेन्नई और एजकॉनेक्स की सहयोगी कंपनी एजकॉनेक्स यूरोप के बीच हुआ है।
- संयुक्त उपक्रम का लक्ष्य अगले दशक में एक जीडब्ल्यू डेटा केंद्र क्षमता विकसित करना है।
- संयुक्त उपक्रम अडाणी कॉनेक्स जेवी भारत में हाइपर स्केल डेटा सेंटर का नेटवर्क तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।
- इसकी शुरुआत चेन्नई, नवी मुंबई, नोएडा, विशाखापत्तनम (Vizag) और हैदराबाद के बाजारों से की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.financialexpress.com/industry/adani-enterprises-edgeconnex-form-jv-to-develop-data-centers-in-india/2200104/#:~:text=Adani%20Enterprises%20on%20Tuesday%20said,the%20ideal%20partner%20in%20India.

सोसाइटी-फॉर इनोवेशन एंड डेवलपमेंट और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस का समझौता ज्ञापन 2

प्रश्न- हाल ही में इंडियन बैंक ने सोसाइटी फॉर इनोवेशन एंड डेवलपमेंट, और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बंगलुरू की एक पहल पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इससे संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें

1. इसके अंतर्गत एमएसएमई के लिए वित्तीय सुविधा प्रदान किया जाएगा।

2. यह वित्तपोषण के लिए इंड स्प्रिंग बोर्ड के तहत इंडियन बैंक का एक हिस्सा है।

(a) कथन 1 सत्य है।

(b) कथन 2 असत्य है।

(c) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(d) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में इंडियन बैंक ने सोसाइटी फॉर इनोवेशन एंड डेवलपमेंट (एसआईडी) और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के साथ लघु कुटीर एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के वित्तीय सुविधा के लिए समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।
- यह एएसएमई और स्टार्टअप्स का समर्थन करने के लिए 'इंडस्ट्रीज स्प्रिंग बोर्ड' (IND Spring board) के तहत इंडियन बैंक की पहल का एक हिस्सा है।
- बैंक ने अपनी कार्यशील पूंजी की जरूरतों के लिए या मशीनरी, उपकरण आदि की खरीद के लिए स्टार्टअप पर 50 करोड़ रुपये तक के ऋण का विस्तार किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://m.economictimes.com/industry/banking/finance/banking/indian-bank-signs-mou-with-sid-of-iisc-for-funding-start-ups-and-msmes/articleshow/81107289.cms

विधि/न्याय

जजमेंट्स एंड ऑर्डर्स पोर्टल और ई-फाइलिंग 3.0 मॉड्यूल

प्रश्न-9 अप्रैल, 2021 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डॉ.धनंजय वाई. चंद्रचूड ने जजमेंट्स एंड ऑर्डर्स पोर्टल और ई-फाइलिंग 3.0 मॉड्यूल का उद्घाटन किया। ई-फाइलिंग 3.0 मॉड्यूल सर्वोच्च न्यायालय की किस समिति द्वारा पेश किया गया है?

(a) कोर्ट समिति (b) न्याय समिति (c) ई-समिति (d) नियम समिति

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 अप्रैल, 2021 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय की ई-समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति डॉ धनंजय वाई.चंद्रचूड़ ने विगत निर्णयों एवं आदेशों को खोजने के उद्देश्य से एक जजमेंट्स एंड ऑर्डर्स पोर्टल का शुभारंभ किया।

- साथ ही उन्होंने अदालत के दस्तावेजों को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से दाखिल करने की अनुमति के उद्देश्य से एक ई-फाइलिंग 3.0 मॉडयूल का उद्घाटन किया।
- पुणे स्थित ई-कोर्ट परियोजना टीम द्वारा विकसित इस पहल का उद्देश्य कानून प्रणाली को मजबूत बनाना है।
- जजमेंट्स एंड ऑर्डर्स सर्च पोर्टल देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों द्वारा सुनाए गए निर्णयों का एक भंडार (रिपॉजिटरी) है।
- यह पोर्टल खोज के विभिन्न मानदंडों के आधार पर निर्णयों और अंतिम आदेशों को खोजने की सुविधा प्रदान करता है।
- उपयोगकर्ता बेंच, मुकदमे के प्रकार, मुकदमा संख्या, वर्ष, याचिकाकर्त्ता प्रतिवादी का नाम, न्यायाधीश का नाम, अधिनियम, धारा, निपटारे की प्रकृति और निर्णय की तिथि जैसे विभिन्न मानदंडों के आधार पर भी निर्णयों को खोज सकते हैं। ,
- ई-फाइलिंग 3.0 मॉड्यूल सर्वोच्च न्यायालय की ई-समिति द्वारा पेश किया गया है, जिससे अदालत के दस्तावेजों को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से दाखिल करने की सुविधा प्राप्त होती है।
- इस नए मॉड्यूल की शुरुआत से वकीलों या क्लाइंटो को मुकदमा दायर करने हेतु अदालत परिसर में जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1711151

अधिकरण सुधार (सुव्यवस्थीकरण और सेवा शर्तें) अध्यादेश, 2021

प्रश्न-भारत सरकार ने अधिकरणों के सुव्यवस्थीकरण की प्रक्रिया किस वर्ष शुरू की थी?
(a) 2014 (b) 2015 (c) 2016 (d) 2017
उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- अप्रैल, 2021 को विधि एवं न्याय मंत्रालय ने अधिकरण सुधार (सुव्यवस्थीकरण और सेवा शर्तें) अध्यादेश, 2021 को अधिसूचित किया।
- इसका उद्देश्य फिल्म निर्माताओं की अपीलों की सुनवाई के लिए गठित फिल्म प्रमाणन अपीलीय न्यायाधिकरण (एफसीएटी) समेत कुछ अपीलीय अधिकरणों को समाप्त करने और उनकी जिम्मेदारियों को अन्य मौजूदा न्यायायिक संस्थाओं को हस्तांतरित करना है।
- इसके तहत चलचित्र अधिनियम 1952 प्रलिपियाधिकार (कॉपी राइट) अधिनियम, 1957 सीमा शुल्क अधिनियम, 1962, पेटेंट अधिनियम 1970, भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण अधिनियम, राष्ट्रीय

राजमार्ग नियंत्रण (भूमि एवं यातायात अधिनियम, 2002 और वित्त अधिनियम में संशोधन किए गए हैं।

- एफसीएटी एक वैधानि निकाय था, जिसे केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से अंसतुष्ट फिल्म निर्माताओं की अपील सुनने के लिए गठित किया गया था।
- भारत सरकार ने अधिकरणों के सुव्यवस्थीकरण की प्रक्रिया वर्ष 2015 में शुरू की थी।
- वित्त विधेयक, 2017 के जरिए सात अधिकरण समाप्त किए गए थे या उनका विलय किया गया था और उनकी कुल संख्या 26 से घटाकर 19 कर दी गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://prsindia.org/billtrack/the-tribunals-reforms-rationalisation-and-conditions-of-service-bill-2021

टेली-लॉ पर 'वॉयस ऑफ द बेनिफिशरीज' का दूसरा संस्करण जारी

प्रश्न-12 मार्च, 2021 को न्याय विभाग ने टेली-लॉ पर 'वॉयस ऑफ द बेनिफिशरीज' का दूसरा संस्करण जारी किया। टेली-लॉ कार्यक्रम के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) टेली-लॉ गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों के मुकदमों के शुरुआती चरण में मुफ्त रूप से कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का एक सशक्त तंत्र है।

(b) टेली लॉ कार्यक्रम वर्तमान में 27 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, के 285 जिलों में चलाया जा रहा है।

(c) आगामी 5 वर्षों में टेली-लॉ कार्यक्रम को देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 2.50 लाख ग्राम पंचायतों तक विस्तार देने का प्रस्ताव है।

(d) इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिवर्ष 25,000 ग्राम पंचायतों को जोड़ा जाएगा।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 12 मार्च, 2021 को न्याय विभाग ने टेली-लॉ पर 'वॉयस ऑफ द बेनिफिशरीज' का दूसरा संस्करण जारी किया।
- टेली-लॉ गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को मुकदमों के शुरुआती चरण में मुफ्त रूप से कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का एक सशक्त तंत्र है।
- टेली-लॉ कार्यक्रम वर्तमान में 27 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के 285 जिलों (115 आकांक्षी जिले) में 29,860 कॉमन सर्विस सेंटरों (सीएससी) के माध्यम से संचालित किया जा रहा है।

- यह कार्यक्रम सीएससी में उपलब्ध ई-इंटरफेस प्लेटफॉर्म के माध्यम से जरूरतमंद और वंचित लोगों को वकीलों के पैनल से जोड़ता है।
- टेली-लॉ के माध्यम से अब तक 6 लाख 70 लाख से अधिक लाभार्थी लाभान्वित हो चुके हैं।
- ई-पुस्तक के रूप में संकलित 'वॉयस ऑफ द बेनिफिशरीज' दरअसल टेली-लॉ कार्यक्रम से उम्मीद रखने वाले तथा इससे लाभ प्राप्त कर चुके लाभार्थियों की अपेक्षाओं और अनुभवों को संकलित करने का न्याय विभाग का एक प्रयास है।
- इस संकलन में अन्याय से लड़ने, संपत्ति के विवादों के समाधान, कोविड से परेशान लोगों को राहत, सूचनाओं के साथ लोगों को सशक्त बनाने, प्रक्रियागत बाधाओं को दूर करने और पारिवारिक विवादों के समाधान जैसे 6 क्षेत्रों में कानूनी सलाह उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान की गई है।
- आगामी 5 वर्षों में टेली-लॉ कार्यक्रम को देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 2.50 लाख ग्राम पंचायतों तक विस्तार देने का प्रस्ताव है।
- इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिवर्ष 50000 ग्राम पंचायतों को जोड़ा जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://doj.gov.in/news/tele-law-voices-beneficiaries-2nd-edition-english

सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती संस्थानों के लिए दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 अधिसूचित

प्रश्न-25 फरवरी, 2021 को सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती संस्थानों के लिए दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 अधिसूचित किया गया। इस नियम के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 87(2) के तहत मिले अधिकारों का उपयोग करते हुए और पूर्व सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती संस्थानों के लिए दिशा-निर्देश) नियम, 2011 के स्थान पर सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती संस्थानों के लिए दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 तैयार किया गया है।

(b) इन नियमों को इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय दोनों ने आपस में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद अंतिम रूप प्रदान किया है।

(c) नए नियम डिजिटल प्लेटफॉर्म के आम उपयोगकर्ताओं को उनके अधिकारों के उल्लंघन के मामले में उनकी शिकायतों के समाधान होने और इसकी जवाबदेही तय करने हेतु पर्याप्त रूप से सशक्त बनाते हैं।

(d) इन नियमों का भाग-III इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित किया जाएगा।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 25 फरवरी, 2021 को सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती संस्थानों के लिए दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 अधिसूचित किया गया।
- डिजिटल मीडिया से जुड़ी पारदर्शिता के अभाव, जवाबदेही और उपयोगकर्ताओं के अधिकारों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आम जनता और हितधारकों के साथ विस्तृत सलाह-मशविरा के बाद इसे अंतिम रूप दिया गया है।
- सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 87 (2) के तहत मिले अधिकारों का उपयोग करते हुए और पूर्व सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती संस्थानों के लिए दिशा-निर्देश) नियम 2011 के स्थान पर सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती संस्थानों के लिए दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 तैयार किया गया है।
- इन नियमों को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय दोनों ने आपस में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद अंतिम रूप प्रदान किया, जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ-साथ डिजिटल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म इत्यादि के संबंध में एक सामंजस्यपूर्ण एवं अनुकूल निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।
- इन नियमों का भाग-11 इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित किया जाएगा।
- डिजिटल मीडिया के संबंध में आचार संहिता और प्रक्रिया एवं हिफाजत से संबंधित भाग-III सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा संचालित होगा।
- वर्तमान में भारत में व्हाट्सएप के उपयोगकर्ता 53 करोड़, यूट्यूब के उपयोगकर्ता 44.8 करोड़, फेसबुक के उपयोगकर्ता 41 करोड़, इंस्टाग्राम के उपयोगकर्ता 21 करोड़ और ट्विटर के उपयोगकर्ता 1.75 करोड़ लोग हैं।
- नए नियम डिजिटल प्लेटफॉर्म के आम उपयोग कर्ताओं को उनके अधिकारों के उल्लंघन के मामले में उनकी शिकायतों के समाधान होने और इसकी जवाबदेही तय करने हेतु पर्याप्त रूप से सशक्त बनाते हैं।
- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रबंधित किए जाने वाले दिशा-निर्देशों में मध्यवर्ती इकाइयों द्वारा पालन की जाने वाली जांच-परख, शिकायत निवारण तंत्र, उपयोगकर्ताओं विशेष रूप से महिला उपयोगकर्ताओं की ऑनलाइन सुरक्षा एवं गरिमा सुनिश्चित करना, सोशल

मीडिया मध्यस्थों की दो श्रेणियां, एक मुख्य अनुपालन अधिकारी की नियुक्ति, एक नोडल संपर्क व्यक्ति की नियुक्ति और एक रेजीडेंट शिकायत अधिकारी की नियुक्ति इत्यादि शामिल हैं।

- सूचना प्रौद्योगिकी की अधिनियम की धारा 87 के अंतर्गत अधिसूचित ये नियम सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को नियमों के भाग-3 को लागू करने हेतु सशक्त बनाते हैं।
- नियमों के तहत स्व-विनियमन विभिन्न स्तरों के साथ एक तीन स्तरीय शिकायत समाधान तंत्र डिजिटल मीडिया के संबंध में स्थापित किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://prsindia.org/billtrack/the-information-technology-intermediary-guidelines-and-digital-media-ethics-code-rules-2021#:~:text=1-,The%20Information%20Technology%20(Intermediary%20Guidelines%20and%20Digital%20Media%20Ethics%20Code,of%20electronic%20transactions%20and%20cybercrime.

सार्वजनिक संपत्हति क्षति वसूली विधेयक, 2021

प्रश्न-18 मार्च, 2021 को किस राज्य में विरोध प्रदर्शन के दौरान कोई संपत्ति नष्ट होने पर आंदोलनकारियों से हर्जाना वसूली हेतु 'सार्वजनिक संपत्ति क्षेति वसूली विधेयक, 2021' पारित किया गया है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) हरियाणा (c) पंजाब (d) मध्य प्रदेश

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18 मार्च, 2021 को हरियाणा विधान सभा में विरोध-प्रदर्शन के दौरान कोई संपत्ति नष्ट होने पर आंदोलनकारियों से हर्जाना वसूली हेतु एक विधेयक पारित किया गया।
- पारित विधेयक का नाम 'सार्वजनिक संपत्ति क्षति वसूली विधेयक (Disturbance to Public Order Bill), 2021 हैं।इस विधयक के तहत सरकार और प्रशासन द्वारा किसी भी आंदोलन, दंगों और हिंसा के दौरान व्यक्तियों द्वारा संपत्तियों के नुकसान की वसूली प्रदर्शन में शामिल लोगों से करने का प्रावधान किया गया है।
- इससे पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार ने भी प्रदर्शन कारियों से सार्वजनिक और निजी संपत्तियों के नुकसान की वसूली के लिए एक विधेयक पारित किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/india/haryana-govt-tables-bill-to-recover-damages-to-property-during-protests-riots/articleshow/81517281.cms

किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 में संशोधन

प्रश्न-किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 में किए गए संशोधन के अंतर्गत मामलों का तेजी से निपटारा सुनिश्चित करने तथा जवाबदेही बढ़ाने के लिए जिला मजिस्ट्रेट तथा अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को किशोर न्याय अधिनियम की किस धारा के तहत गोद लेने का आदेश जारी करने का अधिकार प्रदान किया गया है?

(a) धारा 58 (b) धारा 60 (c) धारा 61 (d) धारा 62

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2021 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण) विधेयक, 2015 में संशोधन से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।
- इस संशोधन का उद्देश्य बच्चों के हितों को सुनिश्चित करना एवं बाल संरक्षण व्यवस्था को मजबूत बनाने के उपायों को सुनिश्चित करना है।
- इस संशोधन के अंतर्गत मामलों का तेजी से निपटारा सुनिश्चित करने तथा जवाबदेही बढ़ाने के लिए जिला मजिस्ट्रेट तथा अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को किशोर न्याय अधिनियम की धारा 61 के तहत गोद लेने का आदेश जारी करने का का अधिकार प्रदान किया गया है।
- जिला मजिस्ट्रेट को अधिनियम के तहत और अधिक सशक्त बनाते हुए कानून के सुचारू रूप से क्रियान्वयन का भी अधिकार प्रदान किया गया है।
- सीडब्ल्यूसी सदस्यों की नियुक्ति संबंधी योग्यता मानदंडों को परिभाषित करने और पहले से अनिर्धारित (Undefined) अपराधों को 'गंभीर अपराध' के रूप में वर्गीकृत करने का उल्लेख भी विधेयक के प्रस्ताव में है।
- कानून के विभिन्न प्रावधानों पर अमल में आने वाली दिक्कतों को भी दूर किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1698687#:~:text=The%20Union%20Cabinet%2C%20chaired%20by,ensure%20best%20interest%20of%20children.

वर्ष/दिवस/सप्ताह

विश्व पुस्तक एवं कापीराइट दिवस

प्रश्न-23 अप्रैल, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व पुस्तक एवं कापीराइट दिवस' मनाया गया। इस वर्ष किस शहर को विश्व पुस्तक राजधानी चुना गया है?

(a) तबिलिसी (b) इंचियोन (c) शंघाई (d) नई दिल्ली



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 23 अप्रैल, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस' (World Book and Copyright Day) मनाया गया।
- उद्देश्य-पुस्तकों के अध्ययन एवं कॉपीराइट के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- इस वर्ष तबिलिसी (Tabilisi) (जॉर्जिया) शहर को विश्व पुस्तक राजधानी (World book Capital) चुना गया।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 1995 में पेरिस में आयोजित यूनेस्को की सामान्य सभा में प्रतिवर्ष 23 अप्रैल को इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया था।
- 23 अप्रैल विश्व साहित्य में एक प्रतीकात्मक तिथि है।
- क्योंकि 23 अप्रैल, 1616 को ही तीन महान साहित्यकार विलियम शेक्सपियर, मिगुएल डे सेर्वटेंस और इंका गार्सिलासो डे ला वेगा का निधन हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://en.unesco.org/commemorations/worldbookday

विश्व हीमोफीलिया दिवस

प्रश्न-'विश्व हीमोफीलिया दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 18 अप्रैल (b) 17 अप्रैल (c) 20 अप्रैल (d) 15 अप्रैल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 अप्रैल, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व हीमोफीलिया दिवस' (World Hemophilia Day) मनाया गया।
- मुख्य विषय-"Adapting to Change Sustaining Care in a New World"।

- उद्देश्य-हीमोफीलिया तथा अन्य आनुवांशिक रक्त बहने वाले विकारों के बारे में जागरूकता फैलाना।
- उल्लेखनीय है कि हीमोफीलिया रक्त के थक्के बनने की क्षमता को प्रभावित करने वाला एक आनुवांशिक रोग है।
- इससे पीड़ित व्यक्ति को अन्य सामान्य व्यक्तियों की तुलना में चोट लगने पर अधिक रक्त स्राव होता है।
- इस बीमारी से महिलाओं की तुलना में पुरुषों के प्रभावित होने की संभावना अधिक होती है।
- यह रोग 'हीमोफीलिया ए' हीमोफीलिया बी' तथा हीमोफीलिया सी' तीन प्रकार का होता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.wfh.org/en/events/world-hemophilia-day

https://news.wfh.org/world-hemophilia-day-2021-adapting-to-change-sustaining-care-in-a-new-world/

विश्व होम्योपैथी दिवस

प्रश्न-'विश्व होम्योपैथी दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 8 अप्रैल (b) 10 अप्रैल (c) 5 अप्रैल (d) 6 अप्रैल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 अप्रैल, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व होम्योपैथी दिवस' (World Homeopathy Day) मनाया गया।
- यह दिवस होम्योपैथी के संस्थापक जर्मनी के डॉ क्रिश्चिन फ्रेडरिक सैमुएल हैनीमेन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- इस अवसर पर आयुष मंत्रालय के अधीन, आने वाला केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (CCRH) ने नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 10-11 अप्रैल, 2021 के मध्य दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया।
- इस सम्मेलन का विषय (Theme) था-होम्योपैथी-एकीकृत चिकित्सा के लिए रोडमैप।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.whdccrh.org/

https://www.financialexpress.com/lifestyle/health/world-homeopathy-day-2021-theme-origin-and-significance-of-celebrating-this-branch-of-medicine/2230511/

अंतरराष्ट्रीय रोमानी दिवस

प्रश्न-अंतरराष्ट्रीय रोमानी दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 5 अप्रैल (b) 6 अप्रैल (c) 8 मई (d) 8 अप्रैल

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- अंतरराष्ट्रीय रोमानी दिवस या अंतरराष्ट्रीय रोमा दिवस 8 अप्रैल को मनाया जाता है।
- इससे रोमा लोगों के सामने आने वाले मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके।
- रोमा यूरोप का सबसे वंचित समूह है जिसके मौलिक अधिकारों का नियमित रूप से उल्लंघन किया जा रहा है।
- रोमा जातीय समूह को यूरोप में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य देख-भाल एवं सामाजिक सुविधाओं में भेदभाव का सामना करना पड़ता है।
- अंतरराष्ट्रीय रोमानी दिवस की स्थापना 1990 में आयोजित अंतरराष्ट्रीय रोमानी संघ के चौथे विश्व रोमानी कांग्रेस के दौरान की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.coe.int/en/web/portal/-/8-april-international-roma-day-step-up-human-rights-protection-for-roma-and-guarantee-their-access-to-vital-services-during-covid-19-pandemic-

विश्व स्वलीनता (ऑटिज्म) जागरूकता दिवस

प्रश्न-'विश्व स्वलीनता (ऑटिज्म) जागरूकता दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 1 अप्रैल (b) 2 अप्रैल (c) 28 मार्च (d) 31 मार्च

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 अप्रैल, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व स्वलीनता (ऑटिज्म) जागरूकता दिवस (World Autism Awareness Day) मनाया गया।
- थीम:-"Inclusion in the Workplace: Challenges and Opportunities in a Post- Pandemic World'.
- उद्देश्य-ऑटिज्म से ग्रस्त बच्चों तथा बड़ों के जीवन में सुधार हेतु कदम उठाना और उन्हें सार्थक जीवन व्यतीत करने में मदद करना।
- यह एक गंभीर विकार है, जो संवाद और बातचीत करने की क्षमता को बाधित करता है।

- यह तंत्रिका तंत्र पर प्रभाव डालता है और व्यक्ति के समग्र संज्ञानात्मक, भावनात्मक, सामाजिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।
- ज्ञातव्य है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा प्रतिवर्ष 2 अप्रैल को विश्व स्वलीनता दिवस मनाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1 नवंबर, 2007 को पारित किया गया तथा 18 दिसंबर, 2007 को अपनाया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/autism-day/background

विश्व स्वलीनता (ऑटिज्म) जागरूकता दिवस

प्रश्न-'विश्व स्वलीनता (ऑटिज्म) जागरूकता दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 1 अप्रैल (b) 2 अप्रैल (c) 28 मार्च (d) 31 मार्च

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 अप्रैल, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व स्वलीनता (ऑटिज्म) जागरूकता दिवस (World Autism Awareness Day) मनाया गया।
- थीम:-"Incusion in the Workplace: Challenges and Opportunities in a Post + Panmic World'.
- उद्देश्य-ऑटिज्म से ग्रस्त बच्चों तथा बड़ों के जीवन में सुधार हेतु कदम उठाना और उन्हें सार्थक जीवन व्यतीत करने में मदद करना।
- ऑटिज्म क्या है?
- यह एक गंभीर विकासात्मक विकार है, जो संवाद और बातचीत करने की क्षमता को बाधित करता है।
- यह तंत्रिका तंत्र पर प्रभाव डालता है और व्यक्ति के समग्र संज्ञानात्मक, भावनात्मक, सामाजिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।
- ज्ञातव्य है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 18 दिसंबर, 2007 को प्रतिवर्ष 2 अप्रैल को इस दिवस को मनाने की घोषणा की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/autism-day

चाबहार दिवस

प्रश्न-हाल ही में भारत सरकार द्वारा कब 'चाबहार दिवस' मनाया गया?

(a) 3 मार्च, 2021 (b) 2 मार्च, 2021 (c) 1 मार्च, 2021 (d) 4 मार्च, 2021

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 4 मार्च, 2021को भारत सरकार द्वारा 'चाबहार दिवस' मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस 2-4 मार्च, 2021 के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुए 'मैरीटाइम इंडिया शिखर सम्मेलन, 2021' के दौरान मनाया गया।
- डिजिटल माध्यम से आयोजित इस दिवस समारोह में अफगानिस्तान, आर्मेनिया, ईरान, कजाख्स्तान, रूस और उज्बेकिस्तान के मंत्रियों ने भाग लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.ndtv.com/india-news/india-to-commemorate-chabahar-day-on-march-4-foreign-ministry-2383058#:~:text=MEA)%20said%20Wednesday.-,The%20virtual%20event%20will%20see%20the%20participation%20of%20ministers%20from,MEA%20said%20in%20a%20statement.

तीसरा जनऔषधि दिवस सप्ताह समारोह, 2021

प्रश्न-1-7 मार्च, 2021के मध्य देशभर में तीसरे जनऔषधि दिवस सप्ताह समारोह, 2021 का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष तीसरे जनऔषधि दिवस की थीम क्या है?

(a) सुरक्षित दवा, सुरक्षित भविष्य (b) सेवा भी-रोजगार भी

(c) महिला सुरक्षा-जन सुरक्षा (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1-7 मार्च, 2021 के मध्य देश भर में तीसरे जनऔषधि दिवस सप्ताह समारोह, 2021 का आयेजन किया जा रहा है।
- इस वर्ष 7 मार्च को होने वाले तीसरे जनऔषधि दिवस का मुख्य विषय (Theme) "सेवा भी-रोजगार भी" है।
- उद्देश्य-जेनेरिक दवाओं के उपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करना।
- उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयों को उपलब्ध कराने हेतु वर्ष 2008 में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (PMBJB) शुरुआत की थी।

- यह परियोजना, औषधि विभाग, भारत सरकार द्वारा की गई एक विशेष पहल है, जो किफायती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास में जनता को व्यापक रूप से प्रभावित कर रही है।
- 1-7 मार्च, 2021 तक देशभर में हो रहे इस समारोह में स्वास्थ्य जांच शिविर, जनऔषधि का आयोजन किया जा रहा है।
- PMBJP की कार्यान्वयन एंजेसी ब्यूरो ऑफ फार्मा पीएसयू ऑफ इंडिया (BPPI) है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1702896

विश्व स्वास्थ्य दिवस, 2021

प्रश्न-7 अप्रैल, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया गया। वर्ष 2021 में इस दिवस की थीम क्या थी?

(a) सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली - हर व्यक्ति हर जगह

(b) अवसादः चलो बातें करते हैं

(c) नर्सों एवं दाइयों का समर्थन करें

(d) सभी के लिए एक निष्पक्ष और स्वस्थ दुनिया का निर्माण करना

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 7 अप्रैल, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' (World Health Day) मनाया गया है।
- वर्ष 2021 में इस दिवस की थीम - "सभी के लिए एक निष्पक्ष और स्वस्थ दुनिया का निर्माण करना" (Building a fairer, healthier world for everyone) है।
- ज्ञातव्य है कि 7 अप्रैल, 1948 को 'विश्व स्वास्थ्य संगठन (W.H.O.) की स्थापना हुई थी जिसके उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन का मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.who.int/westernpacific/news/events/detail/2021/04/07/western-pacific-events/world-health-day-2021

विकास और शांति हेतु अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस

प्रश्न-'विकास और शांति हेतु अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 1 अप्रैल (b) 2 अप्रैल (c) 4 अप्रैल (d) 6 अप्रैल

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 6 अप्रैल, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विकास और शांति हेतु अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस' (International Day of Sport for Development and Peace) मनाया गया।
- मुख्य विषय-"Sport and physical activity for better reopen and recover".
- इस दिवस का उद्देश्य समाज में खेल की भूमिका एवं योगदान को बढ़ावा देना है।
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस वर्ष COVID-19 के दौरान खेल और शारीरिक गतिविधियों को घर में ही अपनाने का आह्वान किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 23 अगस्त, 2013 को प्रतिवर्ष 6 अप्रैल को इस दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।
- ज्ञातव्य है कि 6 अप्रैल, 1896 को एथेंस (ग्रीस) में प्रथम आधुनिक ओलंपिक खेलों का उद्घाटन किया गया था।
- वर्ष 1978 में यूनेस्को ने खेल एवं शारीरिक शिक्षा को 'सभी के लिए मौलिक अधिकार' के रूप में वर्णित किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/sport-day

राष्ट्रीय समुद्री दिवस

प्रश्न-'राष्ट्रीय समुद्री दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 4 अप्रैल (b) 5 अप्रैल (c) 3 अप्रैल (d) 1 अप्रैल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 अप्रैल, 2021 को देशभर में 58वां 'राष्ट्रीय समुद्री दिवस' (National Maritime Day) मनाया गया।
- मुख्य विषय-"कोविड-19 से आगे सतत नौपरिवहन"।
- उद्देश्य- लोगों को भारतीय जहाजरानी उद्योग की गतिविधियों और देश की अर्थव्यवस्था में इसकी भूमिका से अवगत कराना ।

- ज्ञातव्य है कि 5 अप्रैल, 1919 को सिंधिया स्टीम नेविगेशन कंपनी लि. (Scindia Steam Navigation Company Ltd.) का पहला स्टीम शिप 'एसएस लॉयल्टी' (SS Loyalty) मुंबई से लंदन की पहली समुद्री यात्रा के लिए अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में उतारा गया था।
- इसकी स्मृति में 5 अप्रैल, 1964 से प्रतिवर्ष यह दिवस मनाया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1709706

पुस्तकें

पुस्तक-ओडिशा इतिहास

प्रश्न-डॉ हरेकृष्ण महताब द्वारा लिखित पुस्तक 'ओडिशा इतिहास' का हिन्दी में अनुवाद किसने किया है?

(a) विमल चतुर्वेदी (b) शंकरलाल पुरोहित (c) महेश पटनायक (d) मणिशंकर प्रधान

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9 अप्रैल, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली से पुस्तक 'ओडिशा इतिहास' के हिन्दी अनुवाद का लोकार्पण किया।
- पुस्तक 'ओडिशा इतिहास' के लेखक डॉ हरेकृष्ण महताब (उत्कल केसरी) हैं।
- इस पुस्तक का हिन्दी में अनुवाद शंकरलाल पुरोहित ने किया है।
- डॉ हरेकृष्ण महताब ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- वह वर्ष 1946 से 1950 और 1956 से 1961 तक ओडिशा के मुख्यमंत्री रहे।
- उन्होंने अहमदनगर किला जेल में 'ओडिशा इतिहास' लिखा, जहां उन्हें 1942-1945 के दौरान 2 वर्ष से अधिक समय तक जेल में रखा गया।
- ज्ञातव्य है कि अब यह पुस्तक ओड़िया और अग्रेंजी भाषा के साथ ही हिंदी में भी उपलब्ध है।
- ज्ञातव्य है कि डॉ हरकृष्ण्ण महताब ने 1946 से 1950 तक तथा 1956 से 1961 तक ओडिसा के मुख्यमंत्री के रूप में भी कार्य किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=171005

पुस्तक-बैटल रेडी फॉर ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी

प्रश्न-17 मार्च, 2021 को सीडीएस जनरल बिपिन रावत और पूर्व सेना प्रमुख जनरल दीपक कपूर ने पुस्तक 'बैटल रेडी फॉर ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी' का विमोचन किया। इस पुस्तक का प्राक्कथन किसने लिखा है?



(a) ए.के. सिंह (b) नरेंद्र कुमार (c) अरुण प्रकाश (d) एन.सी. विज

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 17 मार्च, 2021 को सीडीएस जनरल बिपिन रावत और पूर्व सेना प्रमुख जनरल दीपक कपूर ने सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (CLAWS) में पुस्तक 'बैटल रेडी फॉर टवेंटी फर्स्ट सेंचुरी' (Battle Ready for 21st Century) का विमोचन किया।
- इस पुस्तक के लेखक लेफ्टिनेंट जनरल ए.के. सिंह और ब्रिगेडियर नरेंद्र कुमार हैं।
- इस पुस्तक का प्राक्कथन पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश ने लिखा है।
- इस पुस्तक में संघर्ष के नवीन आयामों, उनके लिए वांछित क्षमताओं एवं उन सैद्धांतिक मुद्दों को परिभाषित करने का प्रयास किया गया है, जिनको सावधानी पूर्वक परीक्षण की दरकार है।
- इस पुस्तक में भविष्य के उन संघर्षों का उल्लेख है, जिनका सामना भारत कर सकता है और आकस्मिक युद्धों को रोकने के लिए क्षमताओं का निर्माण करने की आवश्यकता है।
- यह पुस्तक भविष्य के संघर्षों के रणनीतिक प्रबंधन के लिए वैचारिक ढांचे को निर्धारित करती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aviation-defence-universe.com/battle-ready-for-21st-century-released-at-centre-for-land-warfare-studies-claws/

पुस्तक-ब्रिंगिंग गवर्नमेंट्स एंड पीपल क्लोजर

प्रश्न-पुस्तक-'ब्रिंगिंग गवर्नमेंट्स एंड पीपल क्लोजर' के लेखक कौन हैं?

(a) डॉ. अवनीश अवस्थी (b) डॉ. निर्मला मल्होत्रा

(c) डॉ. वेणुगोपाल राव (d) डॉ.एम. रामचन्द्रन

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 20 मार्च, 2021 को उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने पुस्तक 'ब्रिंगिंग गवर्नमेंट्स एंड पीपल क्लोजर का विमोचन किया।

- इस पुस्तक के लेखक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ.एम.रामचन्द्रन हैं।
- यह रामचन्द्रन द्वारा लिखित 10वीं पुस्तक है।
- इस पुस्तक में सरकारी कार्यालयों से संबंधित दस्तावेजों, प्रमाण पत्र, सरकार की योजनाओं के लाभ, मंजूरी आदि प्राप्त करने में आम आदमी के सामने आने वाली समस्याओं का उल्लेख किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/content/press-releases-ani/vice-president-of-india-m-venkaiah-naidu-launches-book-bringing-governments-and-people-closer-121032000723_1.html

विविध

'मानस' ऐप

प्रश्न-14 अप्रैल, 2021 को 'मानस' ऐप लांच किया गया। मानस का प्रारंभिक संस्करण कितनी उम्र के लोगों में सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर केंद्रित है?

(a) 10-15 वर्ष (b) 10-25 वर्ष (c) 15-35 वर्ष (d) 15-45 वर्ष

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14 अप्रैल, 2021 को भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो.के. विजयराघवन ने सभी आयु समूहों की देखभाल के लिए 'मानस' ऐप लांच किया।
- 'मानस' मानसिक स्वास्थ्य और सामान्य स्वास्थ्य प्रणाली के लिए काम करता है।
- उसे प्रधानमंत्री के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (पीएम-एसटीआईसी) द्वारा एक राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मान्यता प्राप्त है।
- मानस को विकसित करने की पहल भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय द्वारा की गई थी।
- इसे निमहांस बंगलुरू, एएफएमसी, पुणे और सी-डैक बंगलुरू द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।
- मानस जीवन कौशल और मुख्य मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया पर आधारित है, जिसमें सार्वभौमिक सुगमता है।
- यह सभी आयु समूहों की समग्र भलाई और खानपान पर जोर देता है।

- मानस का प्रारंभिक संस्करण 15-35 वर्ष के लोगों में सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1711860

ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन पोर्टल

प्रश्न-14 अप्रैल, 2021 को केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने किस आयोग के ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन पोर्टल का शुभारंभ किया?

(a) राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग (b) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
(c) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (d) राष्ट्रीय महिला आयोग

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 14 अप्रैल, 2021 को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की 130वीं जयंती के अवसर पर केंद्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी, विधि और न्याय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन पोर्टल का शुभारंभ किया।
- एनसीएससी का उद्देश्य इस पोर्टल के माध्यम से विशेष रूप से अनुसूचित जाति की आबादी की शिकायत निवारण तंत्र का व्यवस्थित करना है।
- भास्कराचार्य इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लिकेशन एंड जियोइन्फॉर्मेटिक्स (बीआईएसएजी-एन), भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत उत्कृष्टता केंद्र के सहयोग से बनाया गया पोर्टल, शिकायतों के शुरूआत से अंत तक शिकायतों और उनकी निगरानी को ई-फाइलिंग की सुविधा प्रदान करेगा।
- यह पोर्टल आयोग की वेबसाइट से जुड़ा हुआ है।
- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का गठन भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत किया गया है।
- इसका उद्देश्य समय समय पर लागू किसी भी कानून या भारत सरकार के किसी भी आदेश के तहत अनुसूचित जाति के लिए प्रदान किए गए सुरक्षा उपायों से संबंधित मुद्दों की जांच करना और निगरानी करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ncsc.nic.in/

'लिटिल गुरु' ऐप

प्रश्न-12 अप्रैल, 2021 को किस देश में स्थित भारतीय उच्चायोग के इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र ने संस्कृत सिखाने वाले ऐप 'लिटिल गुरु' का शुभारंभ किया?

(a) भूटान (b) थाईलैंड (c) श्रीलंका (d) बांग्लादेश

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 12 अप्रैल, 2021 को बांग्लादेश में ढाका स्थित भारतीय उच्चा योग के इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र ने संस्कृत सिखाने वाले एक ऐप का शुभारंभ किया।,इस ऐप का नाम 'लिटिल गुरु' है।
- यह संवादात्मक ऐप संस्कृत सीखने को आसान और मजेदार बनाएगा।
- यह ऐप विश्व भर में विद्यार्थियों, धार्मिक विद्वानों, भारतविदों और इतिहासकारों के बीच संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की ओर से चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है।यह ऐप संस्कृत सीख रहे लोगों और संस्कृत सीखने की इच्छा रखने वाले लोगों को गेम्स, प्रतियोगिता, पुरस्कार जैसे आसान तरीकों से भाषा सीखने में मदद करेगा।
- विश्व के उन कई विश्वविद्यालयों ने इस ऐप में रुचि दिखाई है, जहां संस्कृत पढ़ाई जाती हैं।

लेखक-विजय प्रताप सिंह

http://ddnews.gov.in/tags/%E2%80%9Clittle-guru%E2%80%9D-app-launched

चक्रवात सेरोजा

प्रश्न-11 अप्रैल, 2021 को चक्रवात सेरोजा ने पश्चिम ऑस्ट्रेलिया के किस शहर के पास से 170 किमी./घंटा की रफ्तार से समुद्र तट को पार किया?

(a) ब्रूम (b) कलबारी (c) ऐल्बनी (d) गेराल्डटन



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 11 अप्रैल, 2021 को पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में चक्रवात सेरोजा ने भारी नुकसान किया है।
- इस चक्रवात ने 170 किमी./घंटे की रफ्तार से कलबारी शहर के पास समुद्र तट को पार किया।
- चक्रवात सेरोजा विगत सप्ताह में इंडोनेशिया और पूर्वी तिमोर में आया था, जहां बाढ़ और भूस्खलन के कारण लगभग 174 लोगों की मृत्यु हो गई थी और कई अन्य लापता हो गए थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://earthobservatory.nasa.gov/images/148180/seroja-slams-australia

देश का सबसे बड़ा तैरता हुआ (Floating) सौर उर्जा संयंत्र

प्रश्न-अप्रैल, 2021 में जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, किस राज्य में देश का सबसे बड़ा तैरता हुआ सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया जाएगा?

(a) राजस्थान (b) मध्य प्रदेश (c) तेलंगाना (d) गुजरात

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- अप्रैल, 2021 में जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, तेलंगाना के रामागुंडम में देश का सबसे बड़ा तैरता हुआ (Floating) सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया जाएगा।
- इस सौर ऊर्जा संयंत्र की क्षमता 100 मेगावॉट है।
- इस सौर परियोजना की स्थापना एनटीपीसी लि. द्वारा की जाएगी।
- इसकी अनुमानित लागत 423 करोड़ रुपये है।
- इस संयंत्र में 4.5 लाख फोटोवोल्टिक पैनल होंगे, जो जलाशय के 450 एकड़ के क्षेत्र को कवर करेंगे।
- एनटीपीसी ने अपनी कुल क्षमता का 30 प्रतिशत उत्पादन हरित ऊर्जा के लिए रखा है।
- इस परियोजना का उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को कम करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/national/indias-biggest-floating-solar-power-plant-be-set-ramagundam-telangana#:~:text=India's%20biggest%20floating%20solar%20power%20plant%20with%20a%20capacity%20of,Thermal%20Power%20Corporation%20(NTPC).

महेंद्रगिरी बायोस्फीयर रिजर्व

प्रश्न-महेंद्रगिरी बायोस्फीयर रिजर्व के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) महेंद्रगिरी जो कि राज्य के दक्षिणी हिस्से में स्थित है, को ओडिशा सरकार ने राज्य के तीसरे बायोस्फीयर के रूप में प्रस्तावित किया है।

(b) महेंद्रगिरी बायोस्फीयर रिजर्व का क्षेत्रफल लगभग 4,70, 955 हेक्टेयर है।

(c) यह बायोस्फीयर पूर्वी घाट में गजपति एवं गंजम जिलों तक विस्तारित है।

(d) इस क्षेत्र में जानवरों की 325 प्रजातियां मौजूद हैं।

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में ओडिशा सरकार ने महेंद्रगिरी, जो कि राज्य के दक्षिणी हिस्से में स्थित है, को राज्य के दूसरे बायोस्फीयर रिजर्व के रूप में प्रस्तावित किया है।
- महेंद्रगिरी बायोस्फीयर रिजर्व का क्षेत्रफल लगभग 470,955 हेक्टेयर है।
- यह बायोस्फीयर रिजर्व पूर्वी घाट में गजपति एवं गंजम जिलों तक विस्तारित है।
- इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार पौधों की लगभग 1,358 प्रजातियों के साथ महेंद्रगिरी में मौजूद समृद्ध वनस्पति ओडिशा की 40 प्रतिशत वनस्पतियों का प्रतिनिधित्व करती हैं।इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र में जानवरों की 388 प्रजातियां मौजूद हैं, जिनमें स्तनधारियों की 27 प्रजातियां, पक्षियों की 165 प्रजातियां, सांपों की 23 प्रजातियां, उभचयरों की 15 प्रजातियां, कछुओं की 3 प्रजातियां और छिपकलियों की 19 प्रजातियां शामिल हैं।
- सिमलीपाल बायोस्फीयर रिजर्व (5569 वर्ग किमी.) ओडिशा का पहला बायोस्फीयर रिजर्व है।
- इस बायोस्फीयर रिजर्व को 20 मई, 1996 को अधिसूचित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.downtoearth.org.in/news/wildlife-biodiversity/odisha-government-proposes-state-s-second-biosphere-reserve-at-mahendragiri-76198

देश का पहला हीलिंग सेंटर

प्रश्न-7 मार्च, 2021 को कहां पर देश के पहले हीलिंग सेंटर का उद्घाटन हुआ?

(a) ऋषिकेश (b) रानीखेत (c) ऊंटी (d) माउंट आबू

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 7 मार्च, 2021 को रानीखेत (उत्तराखंड. में देश के पहले हीलिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया।
- यह सेंटर उत्तराखंड वन विभाग के रिसर्च विंग द्वारा विकसित किया गया है।यह लगभग 13 एकड़ में आधारित है।यह जापानी तकनीकी पर आधारित हैं।
- यहां कई तरह के तनाव से जूझ रहे लोग प्रकृति के बीच रहकर तनाव से मुक्ति पा सकते है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.uniindia.com/uttarakhand-opens-country-s-first-forest-healing-centre/north/news/2337121.html

प्लैटिपस के लिए विश्व का पहला अभयारण्य

प्रश्न-प्लैटिपस के लिए विश्व का पहला अभयारण्य किस देश में स्थापित किया जाएगा?

(a) न्यूजीलैंड (b) ऑस्ट्रेलिया (c) दक्षिण अफ्रीका (d) चीन

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- ऑस्ट्रेलियाई संरक्षण वादियों ने प्लैटिपस के लिए विश्व का पहला अभयारण्य बनाने की योजना बनाई है।
- इसका उद्देश्य प्लैटिपस के प्रजनन एवं पुनर्वास को बढ़ावा देना है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के कारण यह लगभग विलुप्त होने की कगार पर है।
- योजना के अनुसार वर्ष 2022 तक सिडनी से 391 किमी. की दूरी पर यह केंद्र स्थापित किया जाएगा।
- इस केंद्र में कुल 65 प्लैटिपस मौजूद होंगे।
- इस केंद्र से संरक्षणवादियों एवं वैज्ञानिकों को प्लैटिपस के बारे में और अधिक जानकारी हासिल करने में मदद मिलेगी।
- ऑस्ट्रेलिया के अन्य प्रसिद्ध जानवरों जैसे-कंगारू आदि के विपरीत प्लैटिपस अपनी एकांत प्रकृति और अत्यधिक विशिष्ट निवास संबंधी आवश्यकताओं के कारण प्राय: कम ही दिखाई देते हैं।
- इसे आईयूसीएन (IUCN) की रेड लिस्ट में 'निकट संकटग्रस्त' श्रेणी में रखा गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.usnews.com/news/world/articles/2021-03-03/australia-building-worlds-first-platypus-sanctuary

आईआईटी, मद्रास द्वारा पीमो (Pimo) ई-बाइक लांच

प्रश्न-फरवरी, 2021 में किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा पीमो (Pimo) ई-बाइक को लांच किया गया है?

(a) आईआईटी मद्रास (b) आईआईटी कानपुर

(c) आईआईटी खड़गपुर (d) आईआईटी रुड़की

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2021 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास द्वारा पीमो (Pimo) नामक ई-बाइक को लांच किया गया है।
- पाई बीम (Pi-Beam) जो आईआईटी मद्रास द्वारा इन्क्यूबेट स्टार्टअप है, ने इस ई-बाइक का विकास किया है।
- इस ई-बाइक को एक बार चार्ज करने के उपरात 50 किमी. की दूरी तय की जा सकती है। इसकी बैटरी को चार्ज करना एक मोबाइल की बैटरी की चार्ज करने के समान है।
- इस बाइक के उपयोग हेतु लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन की जरूरत नहीं है।
- इस बाइक में इलेक्ट्रिक हार्न, एलईडी लाइट, ड्यूल सस्पेंशन, डिस्क ब्रेक तथा मेटल मडगार्ड जैसी विशेषताएं हैं।
- इस बाइक की अधिकतम गति सीमा 25 किमी. है। इस बाइक का विकास छोटी यात्राओं (5 से 10 किमी.) को आसान बनाने हेतु किया गया है।
- इस बाइक की कीमत 30 हजार रुपये रखी गई है। इस बाइक की कम कीमत विभिन्न वर्गों विशेषकर फूड डिलीवरी, व्यक्तिगत उपयोग हेतु इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।
- यह बाइक भारतीय सड़कों पर हरित और आसान गतिशीलता प्रदान करेगी। यह पर्यावरण के दृष्टिकोण के अनुकूल है।
- इस बाइक के 90 प्रतिशत उपकरणों जैसे बैटरी एवं कंट्रोलर का विकास भारत में ही किया गया है।
- पाईबीम ने वित्त वर्ष 2021-22 के अंत तक 10000 ई-बाइक के बिक्री का लक्ष्य निर्धारित किया है।
- यह बाइक एक बैटरी स्वैपिंग तकनीक पर आधारित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.iitm.ac.in/happenings/press-releases-and-coverages/iit-madras-incubated-start-pi-beam-unveils-electric-two

भारत का पहला सरकार द्वारा संचालित एंबुलेंस नेटवर्क

प्रश्न-किस राज्य सरकार ने जानवरों के लिए भारत का पहला सरकार द्वारा संचालित एंबुलेंस नेटवर्क स्थापित करने का निर्णय लिया है?

(a) मध्य प्रदेश (b) कर्नाटक (c) महाराष्ट्र (d) आंध्र प्रदेश

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 23 मार्च, 2021 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार, आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा पशुपालन और पशुचिकित्सों क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एंबुलेंस नेटवर्क' स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।
- मुख्यमंत्री वाई.एस.जगनमोहन रेड्डी ने संकटग्रस्त जानवरों तक पहुंचने और उनहें उचित पशु स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने हेतु इसे अपने मुख्य मिशनों में से एक बनाया है।
- इस संदर्भ में पशुपालन विभाग को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक मोबाइल एंबुलेंस पशु चिकित्सा क्लिनिक स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया है।
- पशु एंबुलेंस नेटवर्क के तहत कुल 175 मोबाइल एंबुलेंस (पशु चिकित्सा) क्लिनिकों को विधानसभा क्षेत्र में 108 सेवाओं की तर्ज पर पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने हेतु रखा जाएगा।
- ये मोबाइल एंबुलेंस पशु चिकित्सा प्राथमिक उपचार सेवाएं प्रदान करेंगी और स्पॉट निदान और आपातकालीन स्थिति में भाग लेंगे।
- एंबुलेंस जानवरों काे उठाने और आपातकालीन मामलों में उन्हें निकटतम सरकारी पशु चिकित्सा सुविधा में स्थानांतरित करने के लिए हाइड्रोलिक लिफ्ट सुविधा प्रदान करेगी।
- प्रत्येक एंबुलेंस के साथ एक पशु चिकित्सक और एक पैरा-पशु चिकित्सा कार्यकर्ता होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.timesnownews.com/india/article/andhra-pradesh-to-launch-indias-first-govt-run-ambulance-network-for-animals/736110

भारत का पहला एफपीओ पोर्टल

प्रश्न-21 मार्च, 2021 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किस स्थान पर किसान कल्याण मिशन के हिस्से के रूप में यूपीएफओ (उत्तर प्रदेश फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन) शक्ति पोर्टल लांच किया?

(a) लखनऊ (b) गोरखपुर में (c) आगरा में (d) नोएडा में

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 21 मार्च, 2021 को उत्तर-प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में किसान कल्याण मिशन के हिस्से के रूप में यूपीएफपीओ (उत्तर प्रदेश फार्मर प्रोडयूसर आॅर्गेनाइजेशन) शक्ति पोर्टल लांच किया।
- यह भारत में अपनी तरह का पहला पोर्टल है।

- यह पोर्टल बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन से तकनीकी सहायता और अनुदान सहायता के साथ कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा विकसित किया गया है।
- इसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर किसानों को लाभ पहुंचाना है।
- वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 576 एफपीओ हैं, जिसमें लगभग 2.15 लाख किसान हैं।
- इस पोर्टल का उद्देश्य किसानों, उत्पादक समूहों, व्यापारियों और कृषि विभाग तथा राज्य सरकार के अन्य विभागों को एक मंच पर लाना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/india/story/up-cm-yogi-adityanath-launches-upfpo-shakti-portal-to-benefit-farmers-at-grassroot-level-1782025-2021-03-22

बीकेटी टायर्स द्वारा आइपीएल की 7 टीमों के साथ साझेदारी

प्रश्न-17 मार्च, 2021 को टायर निर्माता कंपनी बालकृष्ण इंडस्ट्रीज (बीकेटी टायर्स) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में सात आईपीएल टीमों को प्रायोजित करने हेतु साझेदारी की है। इन सात टीमों में से किसके साथ बीकेटी ने पहली बार साझेदारी की है?

(a) मुंबई इंडियंस (b) चेन्नई सुपर किंग्स (c) रॉयल चैंलेजर्स, बेंगलोर (d) पंजाब किंग्स

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 17 मार्च, 2021 को टायर निर्माता कंपनी बालकृष्णा इंडस्ट्रीज (बीकेटी टायर्स) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में सात आईपीएल टीमों को प्रायोजित करने हेतु साझेदारी की है।
- इन सात टीमों में मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, कोलकाता नाइट राइडर्स पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स शामिल हैं।
- बीकेटी ने पहली बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के साथ साझेदारी की है, जबकि बाकी 6 टीमों के अपने पिछले वर्ष की साझेदारी को आगे बढ़ाया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/news/sports/bkt-tires-inks-sponsorship-deals-with-seven-ipl-teams/article34090140.ece

गुजरात के कच्छ में पवन ऊर्जा संयंत्र

प्रश्न-मार्च, 2021 में अडानी विंड एनर्जी कच्छ थ्री लिमिटेड ने गुजरात के कच्छ में कितनी क्षमता का पवन ऊर्जा संयंत्र चालू किया है?

(a) 50 मेगावॉट (b) 100 मेगावॉट (c) 150 मेगावॉट (d) 200 मेगावॉट

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 मार्च, 2021 को अडानी ग्रीन एनर्जी ने जानकारी प्रदान की कि उसकी इकाई अडानी विंड एनर्जी कच्छ थ्री लिलिटेड (Awektl) ने गुजरात के कच्छ में 100 मेगावॉट का पवन ऊर्जा संयंत्र चालू किया है।
- इस संयंत्र के चालू हो जाने से कंपनी की कुल परिचालन क्षमता 497 मेगावॉट तक पहुंच गई है।
- इस संयंत्र में उत्पादित बिजली की खरीद से संबंधित समझौता 2.82 रुपये प्रति के डब्ल्यूएच (Kwh) पर किया गया है।
- अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) की कुल अक्षय ऊर्जा क्षमता 14,815 मेगावॉट हो गई है, जिसमें 11,470 मेगावॉट ऐसी क्षमता है जिसके लिए ठेके दे दिए गए हैं और या फिर निर्माण के विभिन्न स्तरों पर हैं।
- इस परियोजना के साथ ही कंपनी ने कोविड-19 चुनौती के बावजूद विगत 12 माह के दौरान कुल 800 मेगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता को जोड़ा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.financialexpress.com/industry/adani-green-energy-arm-commissions-100-mw-wind-power-plant-in-gujarat/2208461/

दो नए केंद्रीय विद्यालय

प्रश्न-वर्तमान समय में कितने केंद्रीय विद्यालय विदेशों में स्थित है?

(a) 2 (b) 3 (c) 5 (d) 10

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4 मार्च, 2021 को केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने दो नए केंद्रीय विद्यालयों की शुरुआत की घोषणा की।

- दो नए घोषित केंद्रीय विद्यालयों में से एक केंद्रीय विद्यालय कर्नाटक में जबकि दूसरा पंजाब राज्य में स्थित होगा।केंद्रीय विद्यालय सदलगा, बेलगावी, कर्नाटक और केंद्रीय विद्यालय आईआईटी रोपड़, पंजाब, केंद्रीय विद्यालय परिवार के दो नए सदस्य होंगे।
- इसके साथ ही देशभर में केंद्रीय विद्यालयों की कुल संख्या 1247 हो गई है।
- प्रारंभ में इन दोनों विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक पढ़ाई होगी। 1247 केंद्रीय विद्यालयों (केवीएस) में से 3 विद्यालय विदेश में (मॉस्को, काठमांडू और तेहरान में) स्थित हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=411126

पहले एसी थ्री-टियर इकॉनमी क्लास कोच की शुरुआत

प्रश्न-मार्च, 2021 में भारतीय रेल की किस उत्पादन इकाई ने भारतीय रेल के पहले लिंके हॉपमैन बुश (एलएचबी) एसी थ्री-टायर इकॉनमी क्लास कोच की शुरुआत की है?

(a) मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली (b) इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई
(c) रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला (d) भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड, बैंगलोर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में भारतीय रेल की उत्पादन इकाई-रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला ने भारतीय रेल के पहले लिंके हॉपमैन बुश (एलएचबी) एसी थ्री-टियर इकॉनामी क्लास कोच की शुरुआत की है।
- इस कोच का परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है।यह एलएचबी एसी थ्री-टियर कोच का एक नया संस्करण है।इसमें यात्री डेक पर विद्युत पैनल के लिए कम स्थान का इस्तेमाल किया गया है, जिससे यात्री को उपयोग के लिए अतिरिक्त जगह मिलेगी।
- इस कोच की यात्री क्षमता 83 बर्थ है।दिव्यांगजन के लिए व्हीलचेयर के उपयोग के साथ एक सक्षम प्रवेश द्वारा व कोच और व्हीलचेयर पहुंच के साथ दिव्यांगजन अनुकूल शौचालय का प्रावधान और सुगम्य भारत अभियान मानदंडों का अनुपालन इस कोच किया गया है।
- ये एलएचबी इकॉनमी क्लास के कोच, आवश्यक मंजूरी के बाद, एलएचबी कोच के साथ चलने वाली सभी मेल/ एक्सप्रेस ट्रेनों (राजधानी, शताब्दी, दुरंतो और जन शताब्दी आदि विशेष ट्रेनों को छोड़कर) में शामिल किए जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1706030

भारत का पहला केंद्रीकृत वातानुकूलित रेल टर्मिनल

प्रश्न-देश का पहला केंद्रीकृत वातानुकूलित रेल टर्मिनल किस शहर में बनाया गया है?

(a) मुंबई (b) हैदराबाद (c) बंगलुरू (d) चेन्नई

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने जानकारी प्रदान की कि बंगलुरू, कर्नाटक में देश का पहला केंद्रीकृत वातानुकूलित रेल टर्मिनल शीघ्र ही चालू होगा।
- इस टर्मिनल का नाम भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया के नाम पर रखा गया है।
- संभवत: इस टर्मिनल का उद्घाटन इस महीने के अंत में किया जाएगा।
- यह अत्याधुनिक स्टेशन 4200 वर्गमीटर क्षेत्र में विस्तारित है।
- इस स्टेशन से प्रतिदिन 50 ट्रेनों का परिचालन किया जा सकता है।
- इस टर्मिनल में 7 प्लेटफार्म के अलावा 8 स्टेबल लाइनें और 3 पिट लाइन हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.financialexpress.com/infrastructure/railways/indian-railways-sir-m-visvesvaraya-terminal-bengaluru-indias-first-centralised-ac-station-is-now-ready-watch-video/2218308/#:~:text=Visvesvaraya%20Terminal%20Railway%20Station%3A%20India's,civil%20engineer%2C%20Sir%20M%20Visvesvaraya.